जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBiT



AI, Mathematics and More

For JLF, I interviewed Ian McEwan, who wrote a novel called *Machines Like Me*. And it's about a moral dilemma between two humans and an AI.

Best Yoga Poses For Brain Fog

Hurricanes never cross the equator. Here's why!

# दिया कुमारी ने अपने पहले बजट में रोजगार पर फोकस किया

## 5 साल में 4 लाख से ज्यादा नौकरियां देने की घोषणा की

जयपुर, 10 जुलाई (वि.सं.)। भजनलाल सरकार का पहला पूर्ण बजट पेश करते हुए उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री दिया कुमारी ने युवाओं, महिलाओं, किसानों के लिए कई बड़ी घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि सरकार इन 5 सालों में 4 लाख से ज्यादा नौकरियां देगी। इस साल 70 हजार की बजाय एक लाख नौकरियाँ दी जायेंगी। उन्होंने कहा कि पंचायत के चुनाव एक साथ कराए जाएंगे, अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग में आने वाले सरकारी कर्मचारियों को सस्ता लोन दिया जाएगा और सैल्फ हैल्प ग्रुप के साथ काम करने वाली महिलाओं को भी सरकार कम ब्याज पर लोन देगी। इसके अलावा राजस्थान के स्कूली छात्र छात्राओं को मेरिट में आने पर टैबलेट और तीन साल के फ्री इंटरनेट देने की भी घोषणा की गई है। सीकर जिले के खाटूश्यामजी मंदिर में कॉरिडोर बनाने के लिये बजट में 100 करोड़ रुपये की घोषणा की गई। यह कॉरिडोर काशी-विश्वनाथ की तर्ज बनाया जायेगा।

बजट में चिकित्सा और पुलिस विभाग में करीब 9 हजार नए पद भी सृजित करने की घोषणा की गई है। शहरी विकास के लिए बजट में 1300 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। भजनलाल सरकार ने इस बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर पर खास फोकस किया है। जलजीवन मिशन में इस साल 15 हजार करोड़ खर्च कर 25 लाख ग्रामीण घरों में नलों से पानी पहुंचाने की योजना है तथा प्रदेश के 5846 अतिरिक्त गांवों तक पानी पहुंचाने के लिए 20 हजार करोड़ से ज्यादा की 6 बड़ी परियोजनाएं शुरू की जाएंगी। करौली, सवाईमाधोपुर, गंगापुर सिटी के लिए चंबल आधारित पेयजल परियोजना शुरू करने की घोषणा भी की गई है। ग्रामीण क्षेत्र के साथ शहरी क्षेत्र में पेयजल योजनाओं के लिए अमृत 2.0 योजना के तहत प्रदेश के 183 शहरों में 5 हजार 180 करोड़ के काम होंगे और 127 करोड़ की लागत से 32 वॉटर बॉडीज़ का जीर्णोद्धार करवाने और हर विधानसभा क्षेत्र में 20-20 हैंडपंप और 10-10 ट्यूबवैल लगवाने की

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )



*उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री दिया कुमारी ने बुधवार को अपना पहला बजट पेश किया।*

- उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बतौर वित्त मंत्री रोजगारोन्मुखी बजट पेश किया, जिसमें इन्फ्रास्ट्रक्चर पर भी विशेष जोर दिया गया, इन्फ्रास्ट्रक्चर सैक्टर भी रोजगार सृजन में अहम् भूमिका निभाता है।
- दिया कुमारी ने बजट में कई बड़ी घोषणाएं कीं, जिनमें पंचायत चुनाव एक साथ कराने, अनुसूचित जाति व जनजाति वर्ग के सरकारी कर्मचारियों को सस्ता लोन, मैरिट में आने वाले विद्यार्थियों को लैपटॉप व तीन साल का फ्री इंटरनैट और महिला स्वयं सेवी संस्थाओं को कम ब्याज पर लोन देना प्रमुख हैं।
- दिया कुमारी ने खाटू श्याम जी मंदिर कॉरिडोर निर्माण के लिए 100 करोड़ रू. देने की घोषणा की।

# कश्मीर में आतंकियों ने पुलिस चौकी को घेरा

श्रीनगर, 10 जुलाई। जम्मू-कश्मीर के कठुआ में आतंकी हमले के बाद एक और आतंकी वारदात सामने आई है। उधमपुर में आतंकियों ने पुलिस चौकी को घेर लिया है। जम्मू कश्मीर पुलिस के अनुसार, सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच गोलीबारी चल रही है। एस.एस.पी. जोगिंदर सिंह ने बताया कि बसंतगढ़ तहसील की सांग पुलिस चौकी को आतंकियों ने घेर दिया था और गोलीबारी शुरू कर दी थी। हालांकि तुरंत हरकत में आकर सुरक्षाबलों ने जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी है।

- कश्मीर के कठुआ जिलें में स्थित इस पुलिस चौकी पर सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ शुरु हो गई है।

स्थानीय मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि रात 8 बजे के आसपास सांग पुलिस चौकी पर आतंकवादियों ने हमला कर दिया था। जिसके बाद सुरक्षाबलों ने जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी। आतंकी जंगल की तरफ भाग गए हैं और उनकी तलाशी के लिए सुरक्षाबलों ने अभियान शुरू कर दिया है। रिपोर्टों के अनुसार, आसपास की सुरक्षा बलों की चौकियों से अतिरिक्त जवानों को मौके पर भेजा गया है। यह क्षेत्र उधमपुर से सड़क मार्ग से 164 किमी और पैदल मार्ग से 28 किमी दूर है।

# थकाने वाले लोकसभा चुनाव व उसके बाद की कठिन राजनीतिक गतिविधियों के बाद राहुल विदेश गये

## पार्टी के सूत्र यह बताने को तैयार नहीं हैं कि राहुल कहां गये हैं और कब विदेश यात्रा से लौटेंगे

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 10 जुलाई। कांग्रेस पार्टी सूत्रों ने कहा है कि लम्बे तथा कठिन चुनाव प्रचार और सरकार के गठन के बाद, राहुल गांधी विदेश गए हैं।

पार्टी राहुल की विदेश यात्रा और उनके विदेश प्रवास की अवधि के बारे में कुछ भी कहने को तैयार नहीं है। हालांकि ऐसा माना जा रहा है कि वे इंग्लैंड गए हैं तथा एक सप्ताह के अन्दर वापस आ जाएंगे।

महाराष्ट्र चुनाव सन्निकट होने के कारण सारा फोकस इसी पर है और इसी के तहत महाराष्ट्र के वरिष्ठ नेता शरद पवार ने राहुल गांधी को 14 जुलाई को पंढरपुर यात्रा के लिये आमन्त्रित किया है। यह एक महत्वपूर्ण आयोजन है, जिसमें लाखों भक्तगण हिस्सा लेते हैं। अगर राहुल तब तक लौट आते हैं तो पंढरपुर पदयात्रा में शामिल हो सकते हैं।

कांग्रेस नेताओं का कहना है कि आमन्त्रण तो राहुल गांधी के पास गया है लेकिन इस आयोजन में शामिल होने या न होने के बारे में उन्होंने कुछ भी नहीं कहा, हालांकि सभी विकल्प खुले हुये हैं।

- पर, आम चर्चाओं के अनुसार, राहुल ब्रिटेन गये हैं और लगभग एक सप्ताह में लौटेंगे।
- दूसरी ओर शरद पवार ने उन्हें पण्ढरपुर यात्रा में भाग लेने के लिये 14 जुलाई को आमंत्रित किया है, पर, अभी स्पष्ट नहीं है कि राहुल इस यात्रा में सम्मिलित होने के लिये समय से लौटेंगे या नहीं।
- शरद पवार को आशा थी कि राहुल इस पदयात्रा में सम्मिलित होंगे, क्योंकि लाखों लोग इस धार्मिक यात्रा में शामिल होते हैं, पूरे महाराष्ट्र से आते हैं।
- बहरहाल, महाराष्ट्र विकास अघाड़ी अलायंस ने आगामी विधानसभा चुनाव के लिये सीटों के बंटवारे पर बातचीत आरम्भ कर दी है।
- पार्टी में यह चर्चा है कि विदेश यात्रा से लौटकर राहुल पार्टी के पुर्नगठन का काम भी शुरु करेंगे, जिससे सही व उपयुक्त व्यक्ति कांग्रेस की ओर से राज्यों में बागडोर संभालें, जिससे पार्टी आगे बढ़े।

इस बीच, महाराष्ट्र के गठबंधन महाराष्ट्र विकास अघाड़ी के तीनों घटक दलों ने महाराष्ट्र में सीट-शेयरिंग पर चर्चा शुरू कर दी है। भाजपा घोर हताशा का परिचय देते हुए उद्धव ठाकरे को गठबन्धन से तोड़ने की तथा भाजपा के खेमे में लाने की कोशिश कर रही है,

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'हर महिला अपने पति से ''मेंटनैंस'' लेने का अधिकार रखती है'

## सुप्रीम कोर्ट ने यह निर्णय सुनाते समय कहा कि यह अधिकार हर महिला के लिये लागू होगा, चाहे वे किसी धर्म की अनुयायी हो

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 10 जुलाई। सुप्रीम कोर्ट ने आज एक अभूतपूर्व फैसले में व्यवस्था दी कि कोड ऑफ क्रिमिनल प्रोसिज़र (सी.आर.पी.सी.) की धारा 125 तहत तलाकशुदा मुस्लिम महिला अपने पति से गुज़ारा भत्ता मांग सकती है और निर्वाह राशि मांगने का कानून सभी विवाहित महिलाओं पर लागू है। इसमें धर्म का कोई लेना-देना नहीं है।

सुप्रीम कोर्ट ने अपनी टिप्पणी में कहा कि भारतीय पुरूषों के लिए यह जानने का समय आ गया है कि महिला घर को सहेज कर रखने वाली एवं परिवार के लिए त्याग करने वाली शख्स है और उसकी भूमिका अपरिहार्य है।

जस्टिस बी.वी. नागरत्ना और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की एक बैंच ने परिवार में पत्नियों की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि पति को अपनी पत्नी को आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाना जरूरी है।

जस्टिस नागरत्ना ने अपने फैसले में टिप्पणी की कि भारत के विवाहित पुरूष को इस तथ्य के प्रति सावचेत हो जाना चाहिए कि उसे अपनी पत्नी को वित्तीय रूप से सशक्त करना है और आर्थिक सहयोग करना है, जिसके पास आय का कोई स्वतंत्र स्त्रोत नहीं होता।

उन्होंने अपने आदेश में कहा कि वित्तीय सशक्तीकरण से आर्थिक रूप से कमजोर पत्नी की स्थिति परिवार में अधिक सुरक्षित होगी। जो विवाहित

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- इस निर्णय के बाद, अब तलाकशुदा मुसलमान महिला भी कानूनन, अपने पति से मेंटनैंस मांगने का हक रखती है।
- सुप्रीम कोर्ट का तर्क था कि महिलायें अपने परिवार चलाने में तथा संतान को बड़ा करने में इतनी मशगूल रहती हैं कि अपना स्वतंत्र करियर व काम करने के विकल्प को नहीं चुन सकतीं। अतः परिवार की देखभाल व परिवार चलाने की उनकी जिम्मेवारी को कम नहीं आंकना चाहिए तथा अगर पति उन्हें तलाक देता है तो उसे उस तलाकशुदा महिला के ''पर्सनल खर्चों'' के लिये प्रावधान करना कानूनन जरूरी है।

# उन्नाव में ट्रक ने बस को टक्कर मारी, 18 मरे

उन्नाव, 10 जुलाई (वार्ता)। उत्तर प्रदेश में उन्नाव जिले के बेहटा मुजावर क्षेत्र में बुधवार भोर ट्रक और प्राइवेट बस की भिड़ंत में 18 लोगों की मृत्यु हो गयी जबकि 19 अन्य घायल हो गये।

जिलाधिकारी गौरांठी राठी ने बताया कि आज सुबह करीब सवा पांच बजे आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर तेज रफ्तार निजी बस और दूध के टैंकर में टक्कर हो गयी। इस हादसे में 18 लोगों की मृत्यु हो गयी है जबकि 19 अन्य गंभीर रुप से घायल हैं जिनका इलाज चल रहा है। उन्होने बताया कि प्रथम दृष्टया बस की रफ्तार को हादसे का कारक बताया गया है हालांकि हादसे के कारणों का पता लगाया जायेगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर दुख व्यक्त किया है।

- यह दुर्घटना लखनऊ एक्सप्रेसवे पर हुई, तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से बस को टक्कर मार दी जिससे बस पलट गई, हादसे में 19 अन्य घायल हुये हैं।

# भाजपा का नया अध्यक्ष बनाने में क्यों इतना हिचकिचा रही है पार्टी?

## नड्डा का कार्यकाल 30 जून को समाप्त हो गया था, पर, नया अध्यक्ष बनाने की कोई सुगबुगाहट नहीं दिख रही पार्टी में

-श्रीनन्द झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 10 जुलाई। भाजपा तकनीकी रूप से एक नेतृत्व विहीन पार्टी बन गई है, क्योंकि जे.पी. नड्डा, जिन्हें कार्यकाल विस्तार दिया गया था, का कार्यकाल 30 जून को खत्म हो चुका है। भाजपा अध्यक्ष के रूप में उनका कार्यकाल समाप्त हो जाने के बाद भी उन्होंने जो निर्णय लिए हैं, उस पर सवाल उठाए जा सकते हैं।

अपने कार्यकाल की समाप्ति के पाँच दिन बाद,, नड्डा ने 23 राज्यों के प्रभारियों तथा सह-प्रभारियों, तथा पूर्वोत्तर के राज्यों के समन्वयक तथा संयुक्त समन्वयकों की नियुक्तियों की भी घोषणा की तथा 9 जुलाई को उन्होंने हरियाणा में पार्टी विधायक मोहन लाल बाडोली को राज्य का भाजपा अध्यक्ष नियुक्त कर दिया। बाडोली की नियुक्ति से पहले राज्य भाजपा अध्यक्ष का पद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के पास ही था तथा इस प्रकार, उस समय तक उनके पास दोनों पद थे। ऐसे आरोप लगाये गये हैं कि इस प्रकार के मामलों में उचित तथा आवश्यक प्रक्रिया नहीं अपनाई गई हैं।

23 जनवरी को उनका कार्यकाल समाप्त होने के बाद भाजपा द्वारा नड्डा की जगह नए अध्यक्ष के नाम की घोषणा नहीं किये जाने के बाद असन्तुष्ट पार्टी नेता डॉ. सुब्रमन्यम स्वामी ने चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई थी कि पार्टी में ''आन्तरिक चुनावों'' का अभाव है तथा नड्डा को ''अवैध सेवा-विस्तार'' दिया गया है। इसके दो सप्ताह के अन्दर ही, भाजपा ने पार्टी संविधान

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- नड्डा का पहला कार्यकाल 23 जनवरी को पूरा हो गया था, पर, तब भी नये अध्यक्ष की नियुक्ति की घोषणा नहीं हुई थी, तो सुब्रामण्यम स्वामी ने चुनाव आयोग के समक्ष शिकायत की थी कि भाजपा में ''इंटरनल डैमोक्रेसी'' का अभाव है।
- स्वामी ने जब शिकायत की उसी सप्ताह में भाजपा ने अपने संविधान में संशोधन किया कि पार्टी का पार्लियामैंटरी बोर्ड अगर आवश्यक समझे तो पार्टी अध्यक्ष का कार्यकाल बढ़ा सकता है और तब नड्डा का कार्यकाल छः माह के लिये बढ़ाया था संसदीय बोर्ड ने।
- पर, अब तक नये अध्यक्ष की नियुक्ति की कोई घोषणा नहीं हुई है।
- आर.एस.एस., नड्डा के उत्तराधिकारी की नियुक्ति में भारी रूचि ले रहा है, क्योंकि नड्डा के इस वक्तव्य से कि आर.एस.एस. एक सांस्कृतिक संस्था है और उसे इस भूमिका तक ही सीमित रहना चाहिये तथा भाजपा को आर.एस.एस. की मदद की कोई आवश्यकता नहीं है, आर.एस.एस. काफी अप्रसन्न है तथा नए अध्यक्ष की नियुक्ति का इंतज़ार कर रही है। क्या, नये अध्यक्ष की नियुक्ति कर भाजपा अपने कार्य में अपनी स्वतंत्रता दिखाने की कोशिश में है।

# 'विमानों जैसी सुविधायें बसों में मिलेंगीं'

नई दिल्ली 10 जुलाई। केंद्रीय सड़क-परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि भारत में जल्द ही ऐसी बसें चलने लगेंगी, जिसमें चाय-कॉपी और नाश्ता मिलेगा यानी बस में वह हर सुविधा मुहैया होगी, जो विमानों में मिलती है और इन बसों में किराया मौजूदा समय में डीजल से चलने वाली बसों के किराये से न्यूनत 30 प्रतिशत कम होगा।

गडकरी ने कहा कि यूरोप में 18 और 24 मीटर की बसे चलती हैं और बसें मेट्रो की तरह की तरह की होती हैं।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि भारत में जल्द ही ऐसी बसें चलने लगेंगी, जिसमें चाय-कॉपी और नाश्ता मिलेगा यानी बस में वह हर सुविधा मुहैया होगी, जो विमानों में मिलती है।

# 'बजट की हर घोषणा पूरी होगी, अब डबल इंजन की सरकार है'

## मुख्यमंत्री भजनलाल ने बजट की घोषणाएं पूरी होने के संबंध के पूछे गए सवाल पर कहा

जयपुर, 10 जुलाई (का.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दावा किया है कि समयबद्ध रूप से बजट की घोषणाओं को पूरा किया जाएगा और आमजन की सुविधाओं के लिए सरकार कड़े निर्णय लेने से भी नहीं हिचकेगी। विधानसभा में बजट पेश होने के बाद आयोजित प्रेसवार्ता में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में अब डबल इंजन की सरकार है और इनके सहारे ही राज्य के विकास को पटरी पर तेजी से दौड़ाया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि सरकारें आती हैं बजट पेश करती हैं, लेकिन हमने बजट के साथ विज़न भी पेश किया है। इस बजट में बताया गया है कि 2047 में प्रदेश का विकास कैसा होगा? हमारी सरकार बिजली पानी के लिए कटिबद्ध है। इसके साथ-साथ किसान युवा, महिला और औद्योगिक विकास का ध्यान रखा है। प्रदेश की आठ करोड़ जनता को पूरा-पूरा लाभ हम दें, जनता की आशाओं को पूरा करने का जो वादा हमने किया, उस दिशा में हम बढ़ रहे हैं। हमारी सरकार संकल्प पत्र के एक-एक वादे को पूरा करेगी। हमने चार लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने का वादा किया है, इस साल एक लाख युवाओं को नौकरी देंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट में युवाओं की भागीदारी पर फोकस रखा गया है। पिछली सरकार में लोगों के साथ धोखा हुआ। श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नाम से योजना में 500 करोड़ दिए जाएंगे वहीं औद्योगिक विकास के लिए 6 औद्योगिक क्षेत्रों का विकास किया जाएगा। दिल्ली-जयपुर के बीच औद्योगिक क्षेत्र का विकास होगा। सुशासन हमारी पहली प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने दीया कुमारी को धन्यवाद दिया कि उन्होंने 3 घंटे तक बजट को सदन में बहुत अच्छे तरीके से रखा। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा भी मौजूद थे।

पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की ओर से

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )




*बजट पेश होने के बाद मु. मंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि सरकारें आती हैं बजट पेश करती हैं, लेकिन हमने बजट के साथ विजन भी पेश किया है। बजट में सरकार का विजन भी होना चाहिए।*

- मुख्यमंत्री ने कहा, सरकारें आती हैं, बजट पेश करती हैं, पर, हमने बजट में विज़न भी पेश किया है और हमारा विज़न 2047 तक का है।
- मुख्यमंत्री बोले कि पिछली सरकार में लोगों के साथ धोखा हुआ, पर हमारी कोशिश है कि प्रदेश की 8 करोड़ आबादी को पूरा लाभ दें। हमने चार लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने का वादा किया है और एक लाख नौकरियां तो इसी वर्ष दे दी जाएंगी।
- मुख्यमंत्री भजनलाल ने बजट पेश करने के लिए उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री दिया कुमारी को धन्यवाद दिया।
- पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में बने नए जिलों को लेकर कोई घोषणा नहीं करने के संबंध में पूछे गए सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा, एक जिला बनाने पर 3,000 करोड़ रूपए खर्च आता है। पूर्व सरकार ने बिना बजट के ही नए जिलों की घोषणा कर दी।

# तमिलनाडू में एक और शराब काण्ड

चेन्नई, 10 जुलाई (वार्ता)। तमिलनाडु में विक्रावंडी के पुरीकुडीसाई गांव में बुधवार को पुड्डुचेरी से तस्करी कर लाई गई शराब का सेवन करने वाले सात लोगों को उल्टी और चक्कर आने की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया।यहां विधानसभा उपचुनाव के लिए आज मतदान हो रहा है।

- पुड्डुचेरी से तस्करी करके तमिलनाडु लाई गई शराब पीने के बाद सात लोगों की तबीयत बिगड़ गई, जिन्हें गम्भीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बीमार लोगों में से पांच को मुंडियांबक्कम के सरकारी विल्लुपुरम मेडिकल कॉलेज अस्पताल (जीवीएमसीएच) में इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई।

टेलीविजन रिपोर्ट्स के मुताबिक, शराब के पाउच बेचने वाले शख्स की पहचान प्रभु के रूप में की गयी है।

## विचार बिन्दु

**निरंतर विकास जीवन का एक नियम है। और जो भी व्यक्ति खुद को सही दिखाने के लिए अपनी रूढ़िवादिता को बरकरार रखने की कोशिश करता है वो खुद को एक गलत स्थिति में पंहुचा देता है। –महात्मा गांधी**

# बारिश में औषधीय पौधे लगाएं

मानसून के आते ही लोगों के समक्ष यह दुविधा बन जाती है की इस मानसून में कौन से पौधे लगाएं जो मानव जीवन के लिए हितकारी हो। यह हमारा कर्तव्य और दायित्व है कि हम इस मानसून में अपने घरों में औषधीय पौधे न केवल लगाएं अपितु उनका संरक्षण भी करें। औषधीय गुणों से भरपूर पौधे आपके स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। अगर आप इन पौधों का उपयोग अपनी अच्छी सेहत के लिए करना चाहते हैं।

देशभर में मानसून की बारिश होने से लोगों को जहां भीषण गर्मी से निजात मिली है वहीं पेयजल की समस्या दूर होने की सम्भावना भी व्यक्त की जा रही है। मानसून अपने साथ अपार खुशियां लेकर आता है। लोगों को पीने के लिए जहाँ पानी मिलता है वहां किसान अपने खेतों में बुवाई शुरू कर देते है। इसी के साथ देशभर में पौधरोपण का कार्य भी शुरू हो जाता है। मानसून में अपने घरों में औषधीय पौधे न केवल लगाएं अपितु उनका संरक्षण भी करें। हमारे दादा–दादी और नाना–नानी इन औषधीय पौधों से घरेलु उपचार के लिए उपयोग करते आए हैं। औषधीय पौधें इम्युनिटी बढ़ाने के साथ हमें विभिन्न प्रकार के रोगों से घर बैठे बचाता है। हमारे बड़े–बुजुर्ग आज भी हमें औषधीय पौधों की बात बताते है। बहुत से बड़े–बुजुर्ग आज भी अंग्रेजी दवाओं का सेवन नहीं करते और अपने स्वास्थ्य के राज की बातें बताते नहीं थकते मगर अपनी भागदौड़ भरी लाइफ स्टाइल में स्वस्थ जीवन के मंत्र की बातें सुनना पसंद नहीं करते। फलस्वरूप विभिन्न शारीरिक रोगों को भोगते हुए जैसे तैसे अपने जीवन की गाड़ी को हांकते है। पेड़–पौधे हमारे शरीर में होने वाली बीमारियों से छुटकारा पाने के लिए हमें बहुत कुछ दे सकते हैं। यही कारण है कि प्राचीन काल से ही मनुष्य ने तरह–तरह के पेड़–पौधों का उपयोग किया है अपने–आप को बीमारियों से सुरक्षित रखने के लिए।

मानव सभ्यता के विकास के साथ ही इस विज्ञान ने भी तरक्की किया। यही कारण है कि प्राचीन जितनी भी विकसित सभ्यताएँ थी उन सभी में औषधीय पौधों के उपयोग की सबल परम्परा थी, चाहे मिस्त्र हो, यूनान हो, बेबीलोन की सभ्यता हो, चीन हो या सिन्धु घाटी की सभ्यता हो। सभी के साथ कुछ ऐसा अवश्य था कि उन्होंने अपनी अलग परम्परा विकसित कर ली थी। स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं से निपटने के लिए उन परम्पराओं में औषधीय पौधों का महत्त्वपूर्ण स्थान था। औषधीय पौधे ऐसे पौधे हैं जिनका पारंपरिक रूप से विभिन्न स्वास्थ्य स्थितियों के इलाज के लिए उनके चिकित्सीय गुणों के लिए उपयोग किया जाता रहा है।

इन पौधों में जैविक रूप से सक्रिय यौगिक होते हैं, जैसे अल्कलॉइड्स, फ्लेवोनोइड्स, टेरपेनोइड्स और फेनोलिक एसिड, जो औषधीय गुणों से युक्त पाए गए हैं। भारत में चार ऐसी औषधीय प्रणालियों का चलन है जिनमें औषधीय पौधों का उपयोग आवश्यक है। यह पद्धितयाँ हैं– आयुर्वेद, यूनानी, सिद्धा तथा तिब्बतन। भारत सरकार द्वारा कराए गए एक सर्वेक्षण (ऑल इण्डिया को–ऑर्डिनेटेड रिसर्च प्रोजेक्ट ऑन एथ्नो–बायोलॉजी) से यह तथ्य सामने निकलकर आया था कि लगभग 8000 पेड़–पौधे हैं भारत में जिनका उपयोग औषधीय गुणों के लिए होता है। आयुर्वेद में लगभग 1800, सिद्धा में लगभग 1100, यूनानी में लगभग 750, तिब्बती विधि में 300 के लगभग तथा लोक परम्परा में लगभग 4700 प्रकार के पेड़–पौधों के उपयोग की परम्परा वैज्ञानिक परम्परा पर आधारित रही है। आयुर्वेद, सिद्धा, तिब्बती तथा यूनानी से सम्बन्धित पुस्तकों में लगभग 2000 प्रकार के पेड़–पौधों के गुणों का विस्तार से विवरण है। 50000 से अधिक ऐसे नुस्खों का प्रचलन भारत में है जिनका उपयोग तरह–तरह की बीमारियों के इलाज के लिए होता है।

> **हमारे दादा-दादी और नाना-नानी इन औषधीय पौधों से घरेलु उपचार के लिए उपयोग करते आए हैं। औषधीय पौधें इम्युनिटी बढ़ाने के साथ हमें विभिन्न प्रकार के रोगों से घर बैठे बचाता है। हमारे बड़े-बुजुर्ग आज भी हमें औषधीय पौधों की बात बताते है। बहुत से बड़े-बुजुर्ग आज भी अंग्रेजी दवाओं का सेवन नहीं करते और अपने स्वास्थ्य के राज की बातें बताते नहीं थकते मगर अपनी भागदौड़ भरी लाइफ स्टाइल में स्वस्थ जीवन के मंत्र की बातें सुनना पसंद नहीं करते।**

यह सर्व विदित है कोरोना जैसी महामारी का कहर बीमारों पर अधिक प्रहार करता है। ऐसे में औषधीय पौधें इम्युनिटी बढ़ाने के साथ हमें विभिन्न प्रकार के रोगों से घर बैठे बचाता है। हमारे बड़े बुजुर्ग आज भी हमें औषधीय पौधों की बात बताते है। बहुत से बड़े बुजुर्ग आज भी अंग्रेजी दवाओं का सेवन नहीं करते और अपने स्वास्थ्य के राज की बातें बताते नहीं थकते मगर अपनी भागदौड़ भरी लाइफ स्टाइल में स्वस्थ जीवन के मंत्र की बातें सुनना पसंद नहीं करते। फलस्वरूप विभिन्न शारीरिक रोगों को भोगते हुए जैसे–तैसे अपने जीवन की गाड़ी को हांकते है। यदि हम कोरोना जैसे संक्रमण का मुकाबला करने के लिए अपने घरों पर औषधीय पौधे लगाएं तो ये हमें प्राण वायु तो देते ही है साथ ही स्वस्थ जीवन की राह भी दिखाएंगे। पेड़–पौधे हमारे शरीर में होने वाली विभिन्न बीमारियों से छुटकारा दिलाने के लिए हमें बहुत कुछ दे सकते हैं।

प्राचीन काल में मानव ने तरह–तरह के पेड़–पौधों की खोज कर खुद को निरोगी रखा। मानव सभ्यता के विकास के साथ विज्ञान ने हमें नयी नयी ऊंचाइयों तक पहुँचाया, इसमें कोई दो राय नहीं है मगर औषधीय पौधों की महत्ता कभी कम नहीं हुई। भारत में औषधीय गुण वाले असंख्य पेड़–पौधे हैं। भारतीय पुराणों, उपनिषदों, रामायण एवं महाभारत जैसे प्रमाणिक ग्रेंथों में इसके उपयोग के अनेक साक्ष्य मिलते हैं। रामायण में संजीवनी बूटी की चर्चा आज भी घर घर में सुनी जा सकती है। बहुत सारी अंग्रेजी दवाइयों में आज भी औषधीय पौधों का मिश्रण किया जाता है। सर्दी, जुकाम, बुखार, बीपी, शुगर, उलटी दस्त जैसी सामान्य बीमारियों से लेकर कैंसर जैसी असाध्य बीमारियों का इलाज भी हमारे औषधीय पौधों में है। यदि इन पेड़ पौधों का हम उचित रखरखाव कर विभिन्न रोगों के इलाज में सही ढंग से उपयोग करें तो ये हमारे स्वस्थ जीवन के लिए बेहद लाभदायक हो सकते है।

औषधीय एवं सुरभित पौधे हमारी धरोहर हैं जिनका वैश्विक महत्व है। विश्व में असंख्य औषधीय एवं सुरभित पौधों की प्रजातियाँ हैं। उनमें से अनेक पौधों का उपयोग हम विभिन्न कारणों से करते हैं और अनेक हमसे अपरिचित हैं। भारत के रेड डाटा बुक में 427 संकटग्रस्त पौधों के नाम दर्ज हैं, इनमें से 28 लुप्त, 124 संकटग्रस्त, 81 नाजुक दशा में, 100 दुर्लभ तथा अन्य पौधे हैं। पारम्परिक औषधि का कोई विपरीत प्रभाव न होने के कारण तथा स्वस्थ जीवन शैली के लिए वर्तमान समय में भी इनका महत्व काफी अधिक बढ़ गया है।

अभी भी विकसित देशों में 80 प्रतिशत जनंसख्या पारम्परिक औषधीय ज्ञान पर ही निर्भर करती हैं। भारत के पहाड़ी और जंगली इलाकों में उपलब्ध तीन सौ से अधिक औषधीय वनस्पतियों की प्रजातियां विलुप्त होने की कगार पर है। अगर सरकार इनके संरक्षण की दिशा में पहल नहीं करेगी तो आने वाले वर्षों में कई वनस्पतियां विलुप्त हो जाएंगी। सरकार यदि इनके संरक्षण की दिशा में पहल नहीं करेगी तो आने वाले वर्षों में कई वनस्पतियां विलुप्त हो जाएंगी।

हमारे विभिन्न ग्रंथों और प्राचीन पुस्तकों में हजारों ऐसे नुक्खे बताये गए है जो औषधीय पौधों से निकले है। हमारे देश में आज भी लाखों लोग इन नुस्खों का उपयोग करते है। नीम, तुलसी, बेंग साग, ब्राम्ही, हल्दी, चन्दन, चिरायता, अडूसारू, सदाबहार, गुलाब, सहिजन, हडजोरा, करीपत्ता, लहसून, एलोवीरा लेवेंडर, जीरा, पुदीना, गिलोय, सूरजमुखी,पीपल, आक, बरगद, आंवला, गूगल, अदरख नीम्बू, पत्थरचूर, शतावर, अजवायन, चुकंदर, चिरचिटी, कुल्थी, घृतकुमारी, करेला, पिपली, मेथी, पुनर्नवा, मदन मस्त, पिपली, चंपा, रजनीगंधा, श्वेत अपराजिता, सर्पगन्धा, अशोक और वलाक आदि औषधीय पौधों में से बहुत से ऐसे भी है जो घरों में लगाए जा सकते है। इनमें बहुत सी प्रजातियां अब लुप्तप्राय है। आवश्यकता इस बात की है इन बहु गुणकारी औषधीय पौधों के विकास की योजनाएं बनाकर आम आदमी को इनके प्रयोग और उपयोग की जानकारी दी जाएं।

**–अतिथि संपादक,**
**बाल मुकुन्द ओझा**
**वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार**

# आत्ममुग्ध व्यक्तित्व विकार : एक विश्लेषण



**डॉ. रामावतार शर्मा**

यदि आप गूगल करें तो पाएंगे कि आत्ममुग्धता पर लोग कई तरह के सवाल पूछते रहते हैं। ये सवाल कुछ इस तरह के होते हैं: आत्ममुग्ध लोग कैसे होते हैं? उन्हे कैसे नियंत्रित किया जा सकता है? उनको किस तरह से ठगा जा सकता है, डराया जा सकता है या उनसे कब भयभीत होना चाहिए? इस प्रकार से हम देखते हैं कि एक आत्ममुग्ध (नार्सिसिस्ट) व्यक्ति को लोग सामान्य मानव व्यवहार से बाहर मानते हैं और उस पर व्यंग्य करते हैं या फिर उससे दूर रहते हैं। जो लोग उसके नजदीक रहते हैं वे चाटुकारिता के माध्यम से उसका फायदा उठाना चाहते हैं। परंतु कितने ही ऐसे लोग जिनमें आत्मविश्वास होता है उन्हें भी लोग आत्ममुग्ध की श्रेणी में डाल देते हैं। यहां ध्यान देने की बात है कि आत्ममुग्धता एक मनोवैज्ञानिक निदान है जो किसी अनुभवी विशेषज्ञ द्वारा ही स्थापित किया जाना चाहिए। यह एक व्यक्तित्व विकार है जो पूर्ण विश्लेषण द्वारा ही जाना जाता है इसलिए मनचाहे ही किसी व्यक्ति को इस श्रेणी में नहीं डालना चाहिए।

आत्ममुग्धता एक स्वकेंद्रित अहंकार की स्थिति है जो अधिकतर एक मनोविकार होता है परंतु किसी–किसी में यह मनोरोग का रूप भी ले लेता है। इस विकार में व्यक्ति का सोचना अव्यावहारिक एवम आत्म केंद्रित होता है तथा अन्य लोगों के लिए हानिकारक हो सकता है क्योंकि ऐसा व्यक्ति अपने आसपास और आधीन लोगों के विकास में बाधक बन जाता है या फिर उनके व्यक्ति को नष्ट तक कर देता है। आत्ममुग्धता एक जटिल निदान है जो अधिकतर मामलों में युवावस्था के प्रारंभिक काल में दृष्टिगत होने लगता है। स्वयं को लेकर भव्यता का अहसास, मानो बीते समय के एक सम्राट हैं और जो कुछ हासिल हुआ है वह उसका अधिकार है। विनम्रता के दिखावे के पीछे अपनी सर्वोत्तमता का प्रदर्शन इस विकार का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होता है।

विकार ग्रसित व्यक्ति को आत्मप्रशंसा की तलाश रहती है और वह खुद को खुद के नाम से संबोधित करने लगता है। उसमें सत्ता, संपन्नता आदि को लेकर पात्रता का भाव जागृत रहता है जिसके फलस्वरूप वह लोगों का शोषण करने में हिचकता नहीं है। उसके व्यवहार में समानुभूति की जगह उद्दण्डता दिखने लगती है। आत्ममुग्ध व्यक्ति बड़ा ईर्ष्यालु होता है और वह स्वयं के प्रतिभाशाली साथियों और सहयोगियों को भी सहन नहीं करता है, उन्हे परदे के पीछे धकेल देता है। अधिकतर मामलों में वह दर्शाता है कि कितनी निम्न श्रेणी से वह किस विशिष्ट मुकाम तक अपनी प्रतिभा से पहुंचा है। वास्तविकता में देखा जाए तो कोई व्यक्ति यदि किसी बड़े या विशिष्ट मुकाम तक पहुंचता हैं तो उसमें कई लोगों का सहयोग होता है।

ज्ञानी हर सहयोग पर विनम्र होता है जबकि आत्ममुग्ध सब कुछ को नकार–सा देता है। समय के साथ बड़प्पन का यह अहसास व्यक्ति और उसके संस्थान दोनों के लिए नुकसानदेह होता है। बड़बोला व्यक्ति अपने घर परिवार में भी बिखराव को जन्म दे सकता है क्योंकि अपने अहंकारी स्वभाव के कारण वह अन्य सदस्यों के मार्ग को अवरूद्ध करने लगता है।

यहां जो बात विशेष रूप से देखी जानी चाहिए वह कुछ इस प्रकार है। इस लेख को पढ़ने के दौरान या फिर सामान्य जीवन में हम लोग अक्सर दूसरे लोगों में आत्ममुग्ध व्यक्तित्व विकार ढूंढने लगते हैं। यह कोई बुद्धिमतापूर्ण व्यवहार नहीं है। सर्वप्रथम हमें अपने व्यक्तित्व का विश्लेषण करना चाहिए कि हमारे स्वयं के अंदर तो इस मनोविकार वाला दानव छुपा नहीं बैठा है। दूसरा अपनी जाने, हम में सबसे बड़ी प्राथमिकता अपने जीवन को विकसित करने की होनी चाहिए। आत्म विश्लेषण द्वारा हम हमारे व्यक्तित्व की खामियां तलाश सकते हैं। यह विश्लेषण यदि जीवनपर्यंत चलता रहे तो विश्वास कीजिए यात्रा आनंददायक बनी रहेगी। यदि स्वयं निदान न कर पाएं तो साल में एक दो बार किसी अनुभवी मनो सलाहकार से बातचीत करना एक उपयोगी निर्णय हो सकता है।

**–डॉ. रामावतार शर्मा,**
**(चिकित्सक एवं लेखक)**

# जलभराव से परेशान व्यापारियों ने हिण्डौन में बाजार बंद रखे

## कई बाजारों में बरसात से हो रहे जलभराव के विरोध में व्यापारियों ने प्रदर्शन किया

**हिण्डौन सिटी, (निसं)।** हिण्डौन में बारिश के पानी से कटरा बाजार, सराफा बाजार, कंबलवाल गली में हो रहे जलभराव के विरोध में बुधवार को व्यापारियों ने बाजारों को बंद रखकर प्रदर्शन किया। बाजार में पहुंचे उपखंड अधिकारी के साथ अग्रवाल धर्मशाला में व्यापारियों ने बैठक की और समस्या समाधान की मांग की, जिसके बाद पानी निकासी के लिए नगर परिषद द्वारा नालियों की सफाई का कार्य और तेज कर दिया।

बाजार के व्यापारियों ने बताया कि हिण्डौन के गंदे नाले और छोटी नालियों की सफाई नहीं होने के कारण कटरा बाजार, सराफा बाजार, कंबलवाल गली मार्केट में मामूली बारिश में ही जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। पिछले चार दिन हुई तेज बारिश से बाजार में कई–कई फीट पानी भर गया जिसने एक और जहां ग्राहकों को एवं स्थानीय लोगों को आने–जाने में परेशानी का सामना करना पड़ा वहीं दूसरी ओर बाजार में स्थित दुकानों में पानी भरने से व्यापारियों का लाखों रुपए का नुकसान हो गया। बारिश बंद होने के तीसरे दिन भी बाजार की सड़क पर पानी भरा है। जलभराव से परेशान होकर व्यापारियों ने बाजार बंद का आव्हान किया जिसके चलते बुधवार को कटरा बाजार, सराफा बाजार, कंबलवाल गली



**एसडीएम हेमराज गुर्जर और नगर परिषद के अधिकारियों ने व्यापारियों के साथ बैठक कर जल निकासी के उपायों पर चर्चा की।**

मार्केट, डेंप रोड के बाजार बंद रहे। दोपहर में एसडीएम हेमराज गुर्जर और नगर परिषद के अधिकारी बाजार पहुंचे और अग्रवाल धर्मशाला में व्यापारियों के साथ बैठक कर जल निकासी के उपायों पर चर्चा की। एसडीएम ने सुझाव दिया कि बाजार में बार–बार जलभराव नहीं हो इसके स्थाई समाधान हेतु प्रयास होने चाहिए। इसके लिए व्यापारियों की एक कमेटी बनाई जाए जो इस समस्या के स्थाई समाधान के लिए सुझाव दे। इसके बाद कार्य हेतु विभाग के तकनीकी विशेषज्ञों से प्रस्ताव बनाकर राज्य सरकार भेजा जाएगा। इस दौरान कई व्यापारियों ने जल निकासी के लिए नाले के पक्के पटाव को तोड़कर सफाई कराने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि इस समस्या के समाधान के लिए मुख्यमंत्री से भी मिल जाएगा। नगर परिषद और प्रशासन यदि कार्य करे तो व्यापारी हर संभव सहयोग के लिए तैयार हैं। वहीं कई लोगों ने सुझाव दिया कि मोहन नगर और स्टेशन रोड की नालियों के पानी को बयाना रोड की नालियों से जोड़कर खरेटा रोड पर सीधे खारी ने निकाला जाए। जिससे उधर का पानी बाजार में नहीं भरेगा। वहीं करौली रोड पर थाने के आसपास की कॉलोनियों से आने वाले पानी को भी दूसरी ओर मोड़ा जाए जिससे बाजार के नाले में अधिक पानी की आवक नहीं हो।

व्यापारियों ने कहा कि जलभराव की समस्या के लिए काफी समय से व्यापारी नगर परिषद, प्रशासनिक अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से मिल चुके हैं लेकिन कोई स्थाई समाधान नहीं हो सका है। ज्ञात रहे कि हाईकोर्ट के निर्देश के बाद वसुंधरा राजे सरकार ने 17 करोड़ रुपए की राशि नाले के पटाव और उसके ऊपर ढकाव के लिए स्वीकृत की। लेकिन संवेदक द्वारा वाटर लेवल किए बिना ही नाले का पटाव और ढकाव कर दिया जिसके बाद से नाले में कचरा एकत्रित होने लगा। नाले के ऊपर आरसीसी की छत का ढकाव कर देने से अंदर भर कचरा साफ नहीं हो पा रहा है, जिससे जरा सी बारिश में बाजारों में कई फीट पानी जमा हो जाता है। गत दिनों हिण्डौन विधायक अनीता जाटव ने भी जिला कलेक्टर से मिलकर और उपजिला कलेक्टर को इस समस्या से अवगत कराकर ज्ञापन दिया था।

- **उपखंड अधिकारी के साथ व्यापारियों ने बैठक कर समस्या के समाधान की मांग की**
- **पानी निकासी के लिए नगर परिषद द्वारा नालियों की सफाई का कार्य और तेज कर दिया**

# मोहर्रम मिनी उर्स पर ख्वाजा की दरगाह में जायरीन की आवक बढ़ी

**अजमेर, (कासं)।** मोहर्रम यानी मिनी उर्स पर सूफी संत ख्वाजा साहब की दरगाह में जियारत के लिए आने वाले जायरीन की आवक से दरगाह सहित परिधि क्षेत्र में खासी रौनक बनी हुई है। देशभर के राज्यों से जायरीन के आने का सिलसिला लगातार जारी है। दरगाह सहित विश्राम स्थली पर यह रौनक मोहर्रम तक बनी रहेगी। दरगाह स्थित बाबा फरीद का चिल्ला गुरुवार अलसुबह चार बजे 72 घंटे के लिए आम जायरीन के लिए खोला जाएगा। मालूम हो कि बाबा फरीद के पाकिस्तान स्थित पाक पट्टन में सालाना उर्स के अवसर पर जो जायरीन पाक नहीं जा सकते वे चिल्ले की जियारत करने के लिए अजमेर आते हैं।

कायड़ विश्राम स्थली पर जायरीन के बुधवार को 200 से ज्यादा वाहन खड़े नजर आए। जायरीन की आवक के चलते ही विश्राम स्थली पर अस्थाई दुकान लगाने वालों के कारोबारियों के चेहरे पर खिल उठे हैं। विश्राम स्थली से दरगाह तक आने व जाने के लिए आटो रिक्शा व ई–रिक्शा चालकों के कारोबार में बढ़ोत्तरी हुई है। महाना छठी के बाद जायरीन की रवानगी शुरू हो जाएगी। जायरीन की आवक होने से कायड़ विश्राम स्थली में दरगाह कमेटी और जिला प्रशासन की ओर से तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है, जिससे वहां

- **दरगाह स्थित बाबा फरीद का चिल्ला गुरुवार अलसुबह चार बजे 72 घंटे के लिए आम जायरीन के लिए खोला जाएगा**

आने वाले जायरीन को परेशानी नहीं हो।

सूफी संत ख्वाजा साहब की दरगाह परिसर स्थित बाबा फरीद का चिल्ला साल में सिर्फ एक बार ही मोहर्रम के वक्त सिर्फ 72 घंटे के लिए खोला जाता है, जिसकी जियारत के लिए देश–विदेश से बड़ी संख्या में जायरीन यहां पहुंचते हैं। इस मौके पर मुस्लिम समुदाय के लोग के अलावा सभी समाजों के लोग बाबा फरीद की जियारत करने के लिए पहुंचते हैं। उल्लेखनीय है कि बाबा फरीद की मजार पाकिस्तान स्थित पाक–पटन में मौजूद है, जहां मोहर्रम की 5 तारीख को उर्स बनाया जाता है। उनके उर्स के मौके पर ही 11 जुलाई को अजमेर में ख्वाजा साहब की दरगाह स्थित बाबा फरीद का चिल्ला आम जायरीन की जियारत के लिए खोल दिया जाता है। बाबा फरीद गंज शकर के नाम से भी जाने जाते हैं, जहां उन्होंने ख्वाजा साहब की दरगाह में 40 दिन इस स्थान पर इबादत की थी, उसी जगह को बाबा फरीद का चिल्ला है। चिल्ला की जियारत करने वालों के लिए जायरीन की लाइन लगाने का काम दरगाह परिसर की अकबरी मस्जिद से महफिल खाना होकर शाहजहानी मस्जिद के सामने सोलाखंबा गेट के करीब से लगेगी। इस दौरान कुछ खादिमों का समुदाय जायरीन को पीने का पानी उपलब्ध कराएगा।

खादिमों की संस्था अंजुमान यादगार के उपाध्यक्ष एवं मोहर्रम कनवीनर अब्दुल कलाम चिश्ती ने बताया कि मोहर्रम मिनी उर्स के अवसर पर ख्वाजा साहब की दरगाह में जियारत के लिए आने वाले आम जायरीन के लिए दरगाह परिसर में प्रतिदिन निःशुल्क लंगर और शरबत उपलब्ध कराया जा रहा है।

दरगाह क्षेत्र में हर कोई हजरत इमाम हुसैन की याद में चिश्तिया रंग में डूबा हुआ नजर आने लगा है। क्षेत्र में ढोल ताशों की गूंज के बीच मर्सियाख्यानी और शहादत का दौर शुरू हो चुका है जहां चारों तरफ हजरत इमाम हुसैन की याद में हुए हरे कपड़े पहने अकीदतमंद नजर आने लगे हैं। मोहर्रम की 9 व 10 तारीख को दरगाह क्षेत्र स्थित अंदरकोट में तलवारों से हाईदौस खेलने की परम्परा है। इसके लिए दी पंचायत अंदरकोटियान को जिला प्रशासन से इजाजत लेनी पड़ती है।

# कलेक्टर ने मनरेगा कार्यों का निरीक्षण किया

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिला कलेक्टर नमित मेहता ने बुधवार को पंचायत समिति सुवाणा की ग्राम पंचायत देवली में महात्मा गांधी नरेगा के तहत धर्म नाडी में चल रहे कार्यों का आकस्मिक निरीक्षण किया। जिला कलेक्टर ने वहां मेट से श्रमिकों के भुगतान के बारे में जानकारी ली। कार्यस्थल पर पेयजल एवं फर्स्टएड किट के बारे में पूछा। साथ ही मस्टरोल, श्रमिकों की हाजिरी तथा उनके अनुरूप उपस्थिति की भी जांच की एवं आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए गये।

जिला कलेक्टर ने मेट से मजदूरों के टास्क संबंधी जानकारी लिए जाने पर संतोषप्रद जानकारी नहीं देने तथा कार्य में लापरवाही बरतने पर कार्यरत मेट को ब्लैक लिस्ट करने एवं कार्य के पर्यवेक्षण में लापरवाही बरतने पर कनिष्ठ अभियन्ता को हटाकर मुख्यालय जिला परिषद करने के निर्देश अधिशाषी अभियन्ता मनरेगा हरकेश सिंह को दिए।

इसके पश्चात जिला कलेक्टर ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय देवली का भी निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय की विभिन्न व्यवस्थाओं, मिड–डे मील व्यवस्था, दुग्ध वितरण व्यवस्था आदि के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए गए। संस्था प्रधान व छात्राओं से मिड–डे मिल की गुणवत्ता के बारे में जानकारी ली। छात्राओं ने बताया कि मिड–डे मील के लिए पुराने विद्यालय परिसर में एक किलोमीटर दूर जाना पड़ता है। इस पर जिला कलेक्टर ने तुरंत नवीन परिसर में ही एमडीएम के लिए व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने स्कूल में विद्यार्थियों के साथ वृक्षारोपण कार्यक्रम में भी भाग लिया। सघन वृक्षारोपण अभियान के तहत विद्यालय परिसर में एक साथ 350 पौधे लगाए गए। जिला कलेक्टर ने विद्यार्थियों को पौधों पर अपना नाम लिखकर प्रत्येक पौधे की नियमित सार–संभाल के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान प्रधानाचार्य संतोष कुमार जीनगर, पूर्व सरपंच अशोक चौधरी, जिला परिषद के एक्सईएन गोपाल लाल टेलर, ग्राम विकास अधिकारी भैरूलाल धोबी तथा विद्यालय के स्टाफ ने भाग लिया।

- **जिला कलेक्टर ने समयबद्ध कार्य तथा प्रभावी मॉनिटरिंग करने के दिए निर्देश**
- **कलेक्टर ने स्कूल में विद्यार्थियों के साथ वृक्षारोपण कार्यक्रम में भी भाग लिया**

## राशिफल



**पंडित अनिल शर्मा**

**गुरूवार 11 जुलाई, 2024**

आषाढ़ मास, शुकल पक्ष, पंचमी तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2081, पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र दिन 1:04 तक, वारियान योग रात्रि 4:09 तक, बालव करण दिन 10:04 तक, चन्द्रमा आज सांय 7 49 से कन्या राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–मिथुन, चन्द्रमा–सिंह, मंगल–मेष, बुध–कर्क, गुरू–वृष, शुक्र–कर्क, शनि–कुम्भ, राहु–मीन, केतु–कन्या राशि में।

आज रवियोग दिन 1:04 से आरम्भ होगा। आज स्कन्ध पंचमी है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ सूर्योदय से 7:26 तक, चर 10:50 से 12:32 तक, लाभ–अमृत 12:32 से 3:56 तक, शुभ 5:38 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 5:44, सूर्यास्त 7:20



**मेष**
परिवार में शुभ कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में उचित परामर्श मिलेगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी।



**वृष**
पारिवारिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में सुख–शांति बनी रहेगी।



**मिथुन**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। मित्रों/रिश्तेदारों के सहयोग से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों के लिए भागदौड़ रहेगी।



**कर्क**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे।



**सिंह**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक मामलों में संतुलन बना रहेगा।



**कन्या**
आर्थिक मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। अनावश्यक धन खर्च होगा। धन हानि का भय है। घर/परिवार के कारण भागदौड़ रहेगी।



**तुला**
आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी। नवीन योजना का क्रियान्वयन होगा।



**वृश्चिक**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**धनु**
परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में शुभ के लिए यात्रा संभव है। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।



**मकर**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। स्वास्थ्य संबंधित मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी। यात्रा टालना ठीक रहेगा।



**कुंभ**
परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।



**मीन**
अस्त–व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिलेगी। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

# वित्त मंत्री दीया कुमारी ने 2 घंटे 51 मिनट में पेश किया भजनलाल सरकार का पहला बजट

## बजट के दौरान कांग्रेस नेताओं ने हंगामा किया तो स्पीकर ने फटकार लगाई

-विधानसभा संवाददाता-

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री व वित्त मंत्री दीया कुमारी ने बुधवार को राजस्थान विधानसभा में भजनलाल सरकार का पहला पूर्ण बजट पेश किया। करीब 2 घंटे 51 मिनट में दीया कुमारी ने शायराना अंदाज में राज्य के लिए कई घोषणाएं की। उन्होंने सदन में बताया कि, वर्ष 2024-25 का राजकोषीय घाटा 70 हजार 9 करोड़ 47 लाख है, जो जीएसडीपी का 3.93 प्रतिशत है। जबकि बजट अनुमानों में राजस्व घाटा 25 हजार 758 करोड़ 11 लाख रुपए हैं। उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री दिया कुमारी ने राज्य सरकार के परिवर्तित बजट वर्ष 2024-25 को सदन में पेश किया, जिसमें वर्ष 2024-25 के बजट अनुमानों में दो लाख 64 हजार 461 करोड़ 29 लाख रुपए की राजस्व प्राप्तियां और वर्ष 2024-25 में बजट अनुमानों में दो लाख 90 हजार 219 करोड़ 40 लाख रुपए का राजस्व व्यय है।

- पूर्व मंत्री शांति धारीवाल ने टोकाटाकी की तो स्पीकर ने आपत्ति जताते हुए कहा, "कुछ तो गरिमा रखिए, आप बीमार हो, बैठिए! सत्ता में थे तब भी यही करते थे, आज भी वहीं कर रहे हो।"
- कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा समेत विपक्षी विधायकों ने बार-बार हंगामा किया तो स्पीकर ने फटकारते हुए कहा, "नेता प्रतिपक्ष चुप बैठे हैं, आप बिना इनकी अनुमति नेतागिरी कर रहे हो।"

बजट पेश करने के दौरान जब कांग्रेस विधायकों ने बार-बार हंगामा कर व्यवधान डाला तो स्पीकर वासुदेव देवनानी ने उन्हें कड़ी फटकार लगाई। जब वरिष्ठ कांग्रेस नेता व पिछली सरकार में संसदीय मंत्री रहे शांति धारीवाल भी बजट घोषणाओं पर टोकाटाकी करने से नहीं थमे, तो स्पीकर ने उन्हें आड़े हाथों ले लिया। देवनानी ने कहा, "कुछ तो गरिमा रखिए, आप बीमार हो, बैठिए! सत्ता में थे तब भी यही करते थे, आज भी वहीं कर रहे हो।" इस पर विपक्ष के अन्य विधायकों ने विरोध करना चाहा तो स्पीकर ने उन्हें भी लताड़ते हुए कहा, "नेता प्रतिपक्ष चुप बैठे हैं, आप बिना इनकी अनुमति नेतागिरी कर रहे हो। बजट के बीच में कोई भी व्यवधान बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।"

हालांकि देवनानी ने इससे पहले हंगामा कर रहे विपक्षी विधायकों को समझाने की कोशिश की थी। बजट घोषणाओं के बीच में जब कांग्रेस ने बार-बार टोकाटाकी की तो वित्त मंत्री चुप हो गई। इस पर स्पीकर ने विपक्ष से कहा, आज बजट पूरा सुनिये, चर्चा कल करेंगे। इसके बाद भी जब हंगामा शांत नहीं हुआ तो उन्होंने विपक्ष को लताड़ते हुए शांत कराया और इसके बाद दीया कुमारी को बजट आगे पढ़ने के लिए कहा। डोटासरा को टोकते हुए कहा कि "डोटासरा मैं आपको अंतिम चेतावनी दे रहा हूं। आप डिस्टर्ब नहीं करेंगे, कल परसों जब भी बोलना है, तब बोलिएगा, लेकिन आज चुप रहिए। मैं आपकी इस हरकत को बर्दाश्त नहीं करूंगा। आप लोग सदन की मर्यादा को भंग करोगे, तो मैं इसे सहन नहीं करूंगा।"

इसी बीच विपक्ष पर तंज कसते हुए दीया कुमारी ने कहा, "युवाओं के भविष्य की बात कर रही हूं, वो तो सुन लीजिए। इसके बाद उन्होंने राजस्थान में अगले 5 साल में 4 लाख नौकरियां देने और इस साल में 70 हजार के बजाय 1 लाख युवाओं को नौकरी देने की घोषणा की। दीया कुमारी ने सदन में कहा कि, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में हमारी सरकार ने अब तक 20 हजार युवाओं को प्रदेश में नियुक्तियां दे दी है।" बजट घोषणा के दौरान दीया कुमारी ने स्वामी विवेकानंद, भीमराव अंबेडकर, विनोबा भावे, संत हरिदास, निदा फाजली और एमएस स्वामीनाथन की पंक्तियां भी पढ़कर सुनाई।

इससे पहले बजट घोषणाओं के दौरान जब दीया कुमारी जब पेज पलटकर आगे बढ़ाने लगी तो विपक्ष ने तंज कसना चाहा, जिस पर उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा कि, बहुत लंबी सूची है। इस पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा समेत भाजपा विधायकों ने मेज थपथपाकर समर्थन किया। इसके बाद भी दीया पन्ने पलटती रहीं तो विपक्ष ने आपत्ति जताई। जिस पर विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने कहा कि अभी आपको भी बहुत कुछ मिलेगा। बहुत कुछ मिल रहा है। फिर दीया कुमारी ने कहा ये तो सुनिए बहुत महत्वपूर्ण है। इसके बाद विपक्ष के सदस्य चुप हुए। बार-बार हंगामे के लिए खड़े होने पर स्पीकर ने कांग्रेस नेताओं पर चुटकी लेते हुए पूछा, "आपके नीचे स्प्रिंग लगी है क्या?" इस पर मुख्यमंत्री समेत सत्ता पक्ष की भी हंसी छूट पड़ी।

वित्त मंत्री की ओर से महिला सुरक्षा की बजट घोषणा के दौरान डोटासरा ने कहा- कुछ भी कहो, आज राजेंद्र राठौड़ की कमी खल रही है। इसे सुनकर दीया कुमारी भी मुस्कुराने लगी। इस पर स्पीकर ने डोटासरा से कहा- आप उनकी कमी को पूरा कर रहे हो क्या?

बजट भाषण के बाद विधानसभा अध्यक्ष ने ध्वनिमत से बजट पारित करने के लिए सबसे पहले सत्ता पक्ष के विधायकों से "हां" पक्ष को लेकर स्वर मांगा। इस पर ध्वनिमत से सत्ता पक्ष के विधायकों ने "हां" कहा। इसके बाद उन्होंने बजट पर विपक्ष को लेकर पूछा। इस पर विपक्ष के नेता तो शांत रहे। इस पर कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल ने खड़े होकर कहा, "सन्नाटा।"

# असम के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया आये विधानसभा



असम के राज्यपाल गुलाब चन्द कटारिया बुधवार को विधानसभा आये। स्पीकर वासुदेव देवनानी ने पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। कटारिया और देवनानी की लगभग आधे घंटे की मुलाकात भी हुई। कटारिया ने विधान सभा की कार्यवाही भी देखी। विधान सभाअध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सदन को अवगत करवाया कि असम के राज्यपाल गुलाब चन्द कटारिया राज्यपाल दीर्घा में बैठकर सदन की कार्यवाही देख रहे हैं। विधानसभा का डिजिटल म्यूजियम देखने आये शिव के विभिन्न विद्यालयों के बच्चों से स्पीकर देवनानी ने परिचय लिया। उनके विद्यालय और शिक्षा की जानकारी ली। असम के राज्यपाल कटारिया भी बच्चों से मिले।

# बजट में समृद्ध राजस्थान की आधारशिला रखी : सी.पी.जोशी

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने आज राजस्थान सरकार द्वारा प्रस्तुत पूर्ण बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए इसे विकसित, समग्र, सशक्त औ समृद्ध राजस्थान की आधारशिला रखने वाला बताया।

उन्होंने कहा बजट में किसान, युवा, महिला, शिक्षा, चिकित्सा, सड़क, रोजगार सहित मैट्रो रेल और एयरपोर्ट से लेकर ग्रामीण विकास तक हर क्षेत्र में जनता को महत्पूर्ण सौगातें मिली है। उन्होंने आमजन की सुख-सुविधा और मजबूती को ध्यान में रखकर तैयार किए गए बजट के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और वित्त मंत्री दिया कुमारी का आभार व्यक्त किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि बजट में चार लाख नई भर्तियों की घोषणा, दस लाख से ज्यादा रोजगार के अवसर प्रदान करने की घोषणा, स्कूलों में लाईब्रेरी और टॉयलेट सहित बुनियादी सुविधाओं के विकास की घोषणा, दिल्ली के भारत मंडपम की तर्ज पर राजस्थान मंडपम तैयार करने की घोषणा, प्रदेश में 2750 किमी से अधिक की लंबाई के 9 ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे के निर्माण की घोषणा, पीएम सूर्य घर योजना के तहत आदर्श सौर ग्राम बनाने की घोषणा, 25 लाख ग्रामीण घरों में नल से जल पहुंचाने की घोषणा, राजस्थान इरिगेशन वाटर ग्रिड मिशन शुरू करने, ऑर्गेनिक फार्मिंग को बढ़ावा देने के लिए अलग से बोर्ड बनाने की घोषणा, किसानों को मॉर्डन कृषि उपकरण खरीदने के लिए अनुदान देने की घोषणा, 500 नए एफपीओ खोलने की घोषणा, बालिकाओं को पुलिस-सेना में भर्ति के लिए संभागों में बालिका सैनिक स्कूल खोलने की घोषणा, 15 लाख महिलाओं को लखपति दीदी बनाने की घोषणा, आदिवासी समुदाय की के बच्चों के लिए 250 नई मां बाड़ी खोलने की घोषणा, राजस्थान डिजिटल हेल्थ मिशन शुरू करने की घोषणा, खेलो इंडिया की तर्ज पर हर साल जिला व राज्य स्तर पर खेलो राजस्थान यूथ गेम्स के आयोजन की घोषणा, 1300 करोड रूपये की लागत से कमजोर लोगों के लिए मकान और बुनियादी सुविधाएं विकसित करने सहित अनेक प्रकार की घोषणाओं से प्रदेश को मजबूती मिलेगी और विकास को पंख लगेंगे।

## शिक्षा मंत्री ने बजट को बताया बेहतरीन

**जयपुर।** शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने बजट को प्रदेश का बेहतरीन और ऐतिहासिक बजट बताया। जिस मे हमारी सरकार ने हर वर्ग के लिए कुछ ना कुछ दिया है। यानी हर वर्ग की बेहतरी का ध्यान रखा गया है। यह बजट डबल इंजिन सरकार के उद्देश्य व विकसित ,सशक्त राजस्थान के निर्माण में मील का पत्थर साबित होगा। इसमें विकास के सभी पहलुओं को समाहित किया गया है।खास कर युवाओं के रोजगार पर विशेष ध्यान हमारी सरकार का है। 5 साल मे 4 लाख युवाओं को रोजगार हम देनेवाले है। वित्त मंत्री दिया कुमारी को इस शानदार बजट के लिए बधाई।

भाजपा प्रदेश सह-प्रभारी विजया राहटकर ने भाजपा के पूर्णकालिक बजट 2024-2025 पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि राजस्थान को अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में सकारात्मक एवं दूरदर्शी पहल है।

# राजस्थान में लागू होगी मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना

-विधानसभा संवाददाता-

**जयपुर।** मोदी सरकार की 'आयुष्मान भारत' स्कीम की तर्ज पर राजस्थान में मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना लागू की जायेगी। भजनलाल सरकार ने राज्य विधानसभा में बुधवार को बजट पेश करते हुए इसकी घोषणा की। राज्य की वित्त मंत्री दीया कुमारी ने कहा कि आगामी 3 वर्षों में सरकार ने 15 हजार करोड़ रु. के बजट का प्रावधान किया है। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक-एक आयुष्मान मॉडल सामुदायिक केन्द्र बनाने पर 125 करोड़ रुपये व्यय किए जाएंगे।

- आगामी 3 वर्षों के लिए सरकार ने रखा 15 हजार करोड़ का बजट

बजट में सवाई मानसिंह चिकित्सा महाविद्यालय, जयपुर के आयुष्मान टावर के लिए लगभग 200 करोड़ रुपये व्यय, अजमेर में आयुर्वेद , योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा विश्वविद्यालय एवं एक हजार 500 चिकित्सकों तथा चार हजार नर्सिंग कर्मियों के नये पद सृजित किए जायेंगे।

इसी तरह सड़क सुरक्षा क्षेत्र में आरयूएचएस जयपुर, कोलाना (बांदीकुई) दौसा , साण्डेराव , देसूरी-पाली एवं प्रतापगढ़ सहित छह नये ट्रोमा सेंटर , 25 अतिरिक्त उन्नत जीवन सुरक्षा एम्बुलेंस, प्रत्येक संभाग मुख्यालय पर सड़क सुरक्षा टॉस्क फोर्स का प्रावधान किया गया है। इसी तरह सामाजिक सुरक्षा क्षेत्र में बाबा साहेब अम्बेडकर आदर्श ग्राम विकास योजना में 10 हजार से अधिक जनसंख्या वाले गांवों में वंचित वर्ग की आबादी सकी आधारभूत संरचनाओं के लिए दो सौ करोड़ रुपये का प्रावधान , शहरी क्षेत्रों एवं कस्बों में स्ट्रीट वेंडरों के साथ अन्य जरुरतमंद एवं असहाय परिवारों के लिए, प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्ग के लाभार्थियों को 25 हजार रुपये का अनुदान , ईडब्ल्यूएस हेतु रियायती ब्याज दर पर ऋण के लिए 25 करोड़ रुपये का प्रावधान , प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में पांच-पांच नवीन आंगनबाडी केन्द्र , लखपति दीदी योजना के अंतर्गत इस वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्य का पांच लाख से बढ़ाकर 15 लाख रुपये करने तथा दो हजार दिव्यांगजन को स्कूटी देने का प्रावधान किया गया है। जयपुर पुलिस आयुक्तालय में पृथक से सुरक्षा पुलिस बल , पद्मिनी , कालीबाई एवं अमृतादेवी महिला पुलिस बटालियनों की स्थापना , पुलिस के लिए 750 मोटरसाइकिल एवं पांच सौ हल्के वाहन एवं विभिन्न नये न्यायालयों की स्थापना , प्रत्येक जिले में एक महिला थाना एवं 10 नये पुलिस थाने खोलने का प्रावधान किया गया है। इसी तरह कार्मिक कल्याण पेंशनर्स को देय आउट डोर चिकित्सा सुविधा व्यय की सीमा का 30 हजार रुपये से बढ़ाकर 50 हजार रुपये प्रतिवर्ष , ग्रेच्युटी की वर्तमान अधिकतम सीमा को 20 लाख से बढ़ाकर 25 लाख रुपये करने का प्रावधान किया गया है।



# हरियाणा में डॉ. सतीश पूनियां के भव्य स्वागत में उमड़ा जनसैलाब

## भिवानी, हिसार से लेकर रोहतक तक डॉ. सतीश पूनियां के स्वागत में किसानों, माता-बहनों और युवाओं ने ताकत दिखाई

**चंडीगढ़/हिसार/रोहतक।** भाजपा केन्द्रीय नेतृत्व द्वारा हरियाणा भाजपा प्रदेश प्रभारी नियुक्त होने के बाद पहली बार हरियाणा आए डॉ. सतीश पूनियां का भिवानी, हिसार से लेकर रोहतक तक भाजपा कार्यकर्ताओं, जन प्रतिनिधियों, पदाधिकारियों, किसानों, युवाओं एवं माता-बहनों ने भव्य स्वागत अभिनंदन कर तीसरी बार हरियाणा में भाजपा सरकार बनाने का संकल्प लिया। आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर राजनीतिक हलचल बढ़ने लगी है तथा नेता सक्रिय होकर चुनावी मैदान में उतर चुके हैं।

इसी कड़ी में बुधवार को भाजपा हरियाणा प्रभारी सतीश पूनियां भिवानी, हिसार, रोहतक पहुंचे। उनके साथ कैबिनेट मंत्री कमल गुप्ता, जेपी दलाल, प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया, पूर्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु इत्यादि मौजूद रहे। इस मौके पर झुप्पा बस स्टैंड पर भाजपा जिला अध्यक्ष मुकेश गौड ने हरियाणा प्रभारी का स्वागत किया। पूनियां का अभिनंदन करने उमड़े हजारों लोगों ने फूलों के हार पहनाए और भाजपा जिंदाबाद के नारे लगाए। इस मौके पर भाजपा हरियाणा प्रभारी सतीश पूनिया ने कहा कि वर्ष 2014 के बाद भारत बदल चुका है। अब पहले वाला भारत नहीं रहा कि पाक से आकर आतंकी हमारे सैनिकों के सिर काट ले जाए और तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह, सोनिया गांधी, राहुल गांधी मौन ही रहते थे। डॉ. पूनियां ने कहा कि आज दिल्ली में शेर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बैठा है। छोटी सी घटना पर भी पाक की सीमा में घुस कर बदला लिया जाता है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने देश की जनता को गुमराह करके अपनी औछी राजनीति का प्रदर्शन किया गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस द्वारा भाजपा की सरकार बनने पर संविधान बदल देने का झूठा प्रचार किया जाता रहा, जबकि सच्चाई थी कि भाजपा नेताओं ने कभी ऐसा बयान नहीं दिया। उन्होंने कहा कि उनका ये खेल जनता समझ चुकी है तथा विधानसभा चुनाव में ऐसे झूठे लोगों को सिरे से नकारने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश की जनता को अब भाजपा के विजन पर भरोसा है तथा वे तीसरी बार भी प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने का काम करेंगे। पूनिया ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हर वर्ग के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं लागू की है तथा अनेक घोषणा भी की है, जिनका सिलसिला जारी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के भ्रष्टाचार के चर्चे हरियाणा में अब भी गूंजते हैं।

हरियाणा का इतिहास सदा कांग्रेस के खिलाफ रहा है। जनता ने लगातार दस साल से कांग्रेस को नकारा हुआ है और आगे भी कांग्रेस का सूपड़ा साफ करने के लिए जनता तैयार बैठी है। डॉ. पूनिया बुधवार को हिसार में विस्तारित जिला कार्यकारिणी को संबोधित कर रहे थे। यहां पूनिया ने पार्टी कार्यकर्ताओं की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता जब मेहनत करता है तो देश और प्रदेश में कमल खिलता है। हिसार पहुंचने पर जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने प्रदेश प्रभारी का स्वागत किया। प्रदेश प्रभारी ने कहा कि विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस के झूठ का सामना करना होगा। चुनाव में कांग्रेस फिर से कोई नया भ्रम फैलाएगी और मतदाताओं को भ्रमित करेगी। कैबिनेट मंत्री डा. कमल गुप्ता ने कहा कि विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत के लक्ष्य को लेकर हमें काम करना है। उन्होंने कहा कि जनता को बीजेपी के विकास के विजन पर भरोसा है। नायब सरकार हर वर्ग का विकास कराने के लिए गंभीरता से काम कर रही है।

भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने विस्तारित जिला कार्यकारिणी में आए सभी अतिथियों का स्वागत किया और आभार जताया। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र पुनिया, जिला प्रभारी जवाहर सैनी, पूर्व राज्य सभा सांसद डॉ. डीपी वत्स, प्रदेश सचिव कैप्टन भूपेंद्र वीरचक्र, चेयरमैन श्रीनिवास गोयल, जिला महामंत्री अशोक सैनी, पूर्व विधायक वेद नारंग, पूर्व मेयर गौतम सरदाना, जिला उपाध्यक्ष धर्मवीर रतेरिया, मनदीप मालिक, पूर्व प्रदेश सचिव सरोज सिहाग, संजीव रेवाड़ी, रवि सैनी, डॉ. वैभव बिदानी, जगदीश जिंदल, पूर्व विधायक छत्रपाल, सोनू डाटा, रतन सैनी, रणधीर पनिहार, मीडिया प्रभारी सुरेश गोयल धूप वाला आदि उपस्थित रहे।



हरियाणा भाजपा प्रदेश प्रभारी नियुक्त होने के बाद पहली बार हरियाणा आए डॉ. सतीश पूनियां का स्वागत किया गया।

> ■ 'देश व प्रदेश की जनता को अब भाजपा के विजन पर भरोसा है तथा वे तीसरी बार भी प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने का काम करेंगे'

# पूर्व विधायक संयम लोढा व अन्य की गिरफ्तारी पर रोक

**जोधपुर, (कासं)।** राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधीश अरूण मोंगा ने सिरोही में संत पोमजी महाराज की पत्नी सत्तु बाई के हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सिरोही में हुए जन आंदोलन में पुलिस द्वारा दर्ज किए मुकदमे में पूर्व विधायक संयम लोढा व अन्य की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। लोढा व अन्य ने उच्च न्यायालय में मामले को झूठा बताते हुए एफआईआर निरस्त करने की याचिका दायर की है। याचिकाकर्ताओं को पुलिस जांच में सहयोग करने के लिए कहा गया है।

वरिष्ठ अधिवक्ता एमएस सिंघवी ने बताया है कि उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि यह मुकदमा राजनैतिक द्वेषवश दर्ज किया गया है। पुलिस ने अपने अधिकारों का दुरूपयोग किया है। सिंघवी ने बताया कि आंदोलन विधिवत अनुमति लेकर किया जा रहा था, लेकिन पुलिस ने आंदोलन को दबाने के लिए झूठे आधार बनाकर बिना किसी साक्ष्य के मुकदमा दर्ज कर दिया। ऐसा याचिकाकर्ताओं को सबक सिखाने के लिए राजनैतिक द्वेषवश किया गया है। इस बाबत राज्य सरकार को नोटिस जारी किया गया है।

याचिका में कहा गया कि लोढा 15 साल सिरोही विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहे हैं और उन्हें 2020-21 में राजस्थान विधानसभा में सर्वश्रेष्ठ विधायक के पुरस्कार सम्मानित किया गया और वे कॉमनवेल्थ पार्लियामेंट्री एसोसिएशन राजस्थान इकाई (सीपीए) के सचिव भी रहे हैं। मुकदमा राजनैतिक बदलने की भावना से उनको क्षति पहुंचाने के लिए दर्ज किया गया है।


**राजस्थान कायमखानी महासभा**
(पंजीयन क्र. 316/79-80)
**संशोधन**
राष्ट्रदूत समाचार पत्र में दिनांक 10 जुलाई 2024 को AGM मीटिंग की प्रकाशित आम सूचना में सहवन से पंजीकृत संख्या 316/77-80 अंकित हो गया है। कृपया जिसे 316/79-80 पढ़ा जावे।
(रि.) ले. कर्नल शौकत अली खां (संयोजक) अमजद खां कसनाउ (कार्यवाहक अध्यक्ष)


## दो कांस्टेबल निलम्बित

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर में शराब पीकर उत्पात मचाने और ठेले वालों से अवैध वसूली के मामले में पुलिस अधीक्षक देवेंद्र कुमार विश्नाई ने दो कांस्टेबल को निलंबित कर दिया है, दोनों कांस्टेबल पुलिस लाइन में तैनात हैं। मंगलवार को प्रभात सिनेमा गली पुलिस लाइन में तैनात दो कांस्टेबल ने शराब पीकर हाई वोल्टेज ड्रामा किया था। मामला उजागर होने के बाद पुलिस अधीक्षक विश्नोई ने तत्काल कार्यवाही करते हुए दोनों को निलंबत कर दिया। उल्लेखनीय है कि पुलिस लाइन में तैनात कांस्टेबल सीताराम चौधरी नशे की हालत में नाश्ता करने पहुंचा था। एक अन्य पुलिसकर्मी भी शराब के नशे में धुत्त होकर सड़क किनारे बैठा हुआ था। कांस्टेबल सीताराम चौधरी ने ठेले वालों को ठेला हटाने की धमकी दी थी। ठेले वालों का आरोप था कि पुलिसकर्मी ने खाने के पैसे भी नहीं दे रहे थे। कांस्टेबल सीताराम पहले भी कई बार शराब के नशे में धुत्त होकर हंगामा कर चुका है।


**कार्यालय नगरपालिका तारानगर (चूरू) राज.**
Office Telephone No. 01561-240245, E-mail - eotrn2009@gmail.com
क्रमांक :- न.पा.ता./2024/1264 - 67 दिनांक :- 09/07/2024
**ई-निविदा सूचना 02/2024-25**
सर्व साधारण एवं पंजीकृत ठेकेदारो/फर्मो की जानकारी हेतु प्रसारित किया जाता है कि तारानगर नगरपालिका क्षेत्र में नगरपालिका तारानगर द्वारा स्वीकृत कार्य ऑनलाईन निविदाऐ आमंत्रित की जाती है। नगरपालिका तारानगर द्वारा नगरपालिका, राज्य व केन्द्र सरकार के सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारो को कार्य हेतु पंजीकृत संवेदको से टेण्डर के माध्यम से दिनांक 09.07.2024 से दिंनाक 18.07.2024 को निविदा ऑनलाईन आमंत्रित की जायेगी। जिसकी निविदा से सम्बन्धित अन्य विवरण व शर्ते वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।
UBN No DLB2425A0863, Amount :- 16.00 Lakh
राज.संवाद/सी/24/2040 अधिशाषी अधिकारी

**राजस्थान स्टेट माईन्स एण्ड मिनरल्स लिमिटेड**
(राजस्थान सरकार का उपक्रम) एसबीयू एण्ड पीसी-लाईमस्टोन, 8, वेस्ट पटेल नगर, सर्किट हाउस रोड, जोधपुर- 342001 (राज.), फोन नम्बरः (0291)2511031/2516199 फैक्सः (0291)2511029
**ई-निविदा** दिनांक :- 09/07/2024

| निविदा संख्या एवं दिनांक | कार्य का विवरण |
|---|---|
| आर.एस.एम.एम./एसबीयू एण्ड पीसी-एल.एस./जीजीएम-एलएस/ संविदा-06/2024-25 दिनांकः-08.07.2024 UBN No- MML2425WSOB00059 | सानू माईन्स जैसलमेर के लिये पानी स्प्रिंकलरयुक्त दो 10,000 लीटर अथवा इससे अधिक क्षमता के ट्रक चैसिस (मॉडल वर्ष 2020 अथवा उसके बाद का) पर बने पानी के टैंकरो द्वारा रामगढ़ नहर/रामगढ़ स्थित पी.एच.ई.डी. हाईड्रेट से कम्पनी की सानु लाईमस्टोन माईन्स तक पानी परिवहन कर निविदा में दर्शित विभिन्न कार्य निष्पादित करना। अनुमानित राशि- रू. 68.40/- लाख, धरोहर राशि - रू. 136000/-, निविदा प्रपत्र मूल्य- रू 4720/- |

उपरोक्त निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए हमारी वेबसाईट www.rsmm.com, www.sppp.rajasthan.gov.in, www.eproc.rajasthan.gov.in अथवा प्रबन्धक (अनुबंध) से उपरोक्त पतें पर सम्पर्क करें।
राज.संवाद/सी/24/2037 उप महाप्रबन्धक (का.एवं.प्रशा.)

**उदयपुर विकास प्राधिकरण, राजस्थान**
No. :- F-2(01)Acct/Contract/2024-25/34 - 36 Date : 05/07/2024
**ई-निविदा सूचना संख्या : 10/2024-25**
उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यो मय डिफेक्ट लाईबिलिटी अवधि के लिये जो कि निविदा प्रपत्र में अंकित है के लिये उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| | | |
|---|---|---|
| निविदा कार्यो की कुल लागत | : | रूपये 264.30 लाख (09 कार्य) |
| ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड/ अपलोड करने की अवधि | : | 10.07.2024 को प्रातः 10.00 बजे से 19.07.2024 को सांयः 6.00 बजे तक |
| Online EMD, Tender Fee & Processing Fee जमा कराने की तिथी | : | 10.07.2024 को प्रातः 10.00 बजे से 19.07.2024 को सांयः 6.00 बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथी | : | 22.07.2024 को प्रातः 11.00 बजे |

विस्तृत विवरण वेबसाईट urban.rajasthan.gov.in/uitudaipur, www.eproc.rajasthan.gov.in व www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।
UBN No. : ITU2425WSOB00090 To ITU2425WSOB00098
राज.संवाद/सी/24/2044 अधिशाषी अभियन्ता-तृतीय उदयपुर विकास प्राधिकरण


## छात्रसंघ चुनाव कराने की मांग

**भरतपुर, (निसं)।** पूर्व छात्रसंघ महासचिव हरजीत सिंह सांखला, कौशल फौजदार, रजत पूनियां के नेतृत्व में भरतपुर के बिजली घर चौराहे मथुरागेट थाने के पास पानी की टंकी पर चढ़कर छात्रसंघ चुनाव कराने को लेकर प्रदर्शन किया। कौशल फौजदार ने कहा कि छात्रसंघ चुनाव लोकतंत्र की प्रथम पाठशाला माने जाते हैं। राजस्थान में छात्रसंघ चुनावों का बहुत पुराना इतिहास है। यही कारण है कि राजस्थान प्रदेश में छात्रसंघ चुनावों द्वारा चुने हुए प्रतिनिधियों ने प्रदेश की राजनीति में मंत्री, विधायक व मुख्यमंत्री पदों पर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हरजीत सिंह सांखला ने कहा कि गत वर्ष राजस्थान सरकार ने सत्ता में आने से पहले घोषणा पत्रों में यह आश्वासन दिया था कि राज्य में अगर उनकी सरकार आती है तो छात्रसंघ चुनावों को बहाल किया जाएगा। युवाओं के भविष्य का ध्यान रखा जाएगा। युवाओं के लोकतांत्रिक अधिकारों का सरकार द्वारा हनन किया जा रहा है। विद्यार्थियों की ओर से लगातार चुनाव कराए जाने की मांग जोर-शोर से की जा रही है। विद्यार्थियों में लोकतान्त्रिक व प्रदेश में युवाओं को राजनीति के लिए प्रोत्साहन देने के लिए राज्य सरकार पुनः छात्रसंघ चुनावों को कराए।

# शिक्षा के साथ-साथ कौशल विकास से भी विद्यार्थियों को जोड़ें विश्वविद्यालय : मिश्र

## कोटा में वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह आयोजित

**कोटा, (निसं)।** कुलाधिपति एवं राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि खुला विश्वविद्यालय के पत्राचार पाठ्यक्रम इस तरह से बनें कि उनमें युग की आवाज ध्वनित हों। उन्होंने नई शिक्षा नीति के अंतर्गत विद्यार्थियों के भविष्य के लिए उपयोगी पाठ्यक्रम निर्मित करने और पहले से बने पाठ्यक्रमों को अपडेट करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय शिक्षा के साथ-साथ कौशल विकास से भी विद्यार्थियों को जोड़ें। मिश्र बुधवार को वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में संबोधित कर रहे थे।

समारोह को संबोधित करते हुये उन्होंने कहा कि यह समय सूचना क्रांति और इंटरनेट का है। इस दौर में खुला विश्वविद्यालय की प्रासंगिकता तेजी से बढ़ रही है। राज्यपाल ने कहा कि आज शिक्षा का परिदृश्य पूरी तरह बदल गया है और दूरस्थ शिक्षा की महती आवश्यकता है। इसका दायरा बढ़ रहा है। मिश्र ने कहा कि आज डिजिटल का युग है और शिक्षा में तकनीक का उपयोग बहुत जरूरी हो गया है जो शिक्षार्थियों को आगे बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा। मिश्र ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को पूरा करने के लिए कौशल विकास से जुड़ी शिक्षा ही अधिक उपयोगी है।

राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा जीवन गढ़ती है। शिक्षा का उजियारा अंदर एवं बाहर के अंधियारे को नष्ट करता है। दीक्षांत प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं के जीवन में एक नया अध्याय शुरू हो रहा है। वे यहां से ज्ञान के अथाह सागर में प्रवेश कर रहे हैं। जो ज्ञान अभी तक उन्होंने अर्जित किया है उसका उपयोग समाज एवं देश को आगे बढ़ाने में करें। राज्यपाल ने खुला विश्वविद्यालय को शैक्षिक रूप से वंचित क्षेत्रों में रहने वाले विद्यार्थियों के लिए विशेष रूप से कार्य किए जाने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ऐसी शोध पीठों की स्थापना अपने यहां करें जिससे राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के मंतव्य को प्रभावी रूप में पूरा किया जा सके। मिश्र ने खुला विश्वविद्यालय के शिक्षकों का आव्हान किया कि वह अपने पाठ्यक्रम को निरंतर अपडेट करते रहें जिससे भावी विद्यार्थियों को कोई परेशानी ना हो। मिश्र ने कोटा खुला विश्वविद्यालय द्वारा बालिकाओं को निशुल्क शिक्षा प्रदान किए जाने के कदम की सराहना की। उन्होंने शैक्षिक नवाचारों के साथ विश्वविद्यालय को ज्ञान की भारतीय परम्परा का उत्कृष्ट केन्द्र बनाए जाने का आह्वान किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. कैलाश सोढानी ने विश्वविद्यालय का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। दीक्षांत समारोह में जून 2021 और दिसंबर 2021 की परीक्षाओं के कुल 39,065 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की।



कोटा में राज्यपाल कलराज मिश्र ने दीक्षांत समारोह में छात्र-छात्राओं को उपाधियां प्रदान की।


**कार्यालय नगरपरिषद, राजसमन्द**
जिला परिषद रोड़, राजनगर
टेलिफोन नं. 02952-220034, फेक्स नं. 02952.221233, ई-मेल rajsamandnagarpalika@gmail.com
क्रमांक : एफ( )नपरा/इंजी/ई निविदा/3/2024-25/1518 दिनांक :- 03.07.2024
**ई-निविदा सूचना संख्या 3/2024-25**
नगर परिषद राजसमन्द द्वारा निम्नांकित योजनाओं के विकास कार्यो हेतु समस्त विभागों में पंजीकृत संवेदकों, कम्पनी, संगठनों/संस्थानों से ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन तकनीकी व वित्तिय निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखी व डाउनलोड़ की जा सकती है।

| निविदा कार्यक्रम | तिथि व समय |
|---|---|
| कार्य की संख्या | 17 |
| कार्यो की अनुमानित लागत | 256.13 लाख |
| निविदा अपलोड की तिथि | 08.07.2024 06:00 PM |
| निविदा डाउनलोड प्रारम्भ तिथि | 09.07.2024 02:00 PM |
| ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि | 22.07.2024 03:00 PM |
| ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथि | 23.07.2024 02:00 PM |
| ऑनलाईन निविदा हेतु वेबसाईट | http://eproc.rajasthan.gov.in |
| दोष निवारण अवधी | नियमानुसार |

UBN NO. DLB2425WSOB02641, DLB2425WSOB02642
सभापति नगरपरिषद राजसमन्द आयुक्त नगरपरिषद राजसमन्द
राज.संवाद/सी/24/2006


# '30 प्रतिशत ग्रामीण परिवारों को प्रतिदिन 12 घंटे से भी कम बिजली मिलती है'

## ये निष्कर्ष, ऑरेंज ट्री फाउंडेशन द्वारा किए अंडरस्टैंडिंग द अवेलेबिलिटी एंड क्वालिटी ऑफ इलेक्ट्रिक सप्लाई शीर्षक से अध्ययन के हिस्से के रूप में जारी किया है

> ■ प्रदेश में गांवों की अपेक्षा शहरों में बिजली की पहुंच अधिक है, बिजली की पहुंच और गुणवत्ता में गंभीर ग्रामीण-शहरी असमानताएं उजागर
>
> ■ 60 प्रतिशत ग्रामीण आबादी को बिजली बहाल के लिए 6 घंटे से अधिक इंतजार करना पड़ता है

**जयपुर।** राजस्थान के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिदिन औसतन 12 घंटे तक बिजली कटौती होती है, जबकि राज्य के शहरी क्षेत्रों में काफी कम कटौती होती है (प्रतिदिन 0 से 6 घंटे तक)। इसके अतिरिक्त, राजस्थान में करीब 60 प्रतिशत ग्रामीण आबादी को शिकायत के बाद बिजली बहाली के लिए 6 घंटे से अधिक समय तक इंतजार करना पड़ता है, जबकि केवल 13 प्रतिशत शहरी उपभोक्ताओं को ही इतनी लंबी देरी का सामना करना पड़ता है। ये निष्कर्ष, ऑरेंज ट्री फाउंडेशन द्वारा किए गए अंडरस्टैंडिंग द अवेलेबिलिटी एंड क्वालिटी ऑफ इलेक्ट्रिक सप्लाई शीर्षक से अध्ययन के हिस्से के रूप में जारी किया गया है।

जयपुर (उत्तर), बांसवाड़ा (दक्षिण) और जोधपुर (पश्चिम) में 12 स्थानों (6 गांवों और 6 वार्डों) को कवर करते हुए, अध्ययन का उद्देश्य बिजली आपूर्ति की उपलब्धता और गुणवत्ता के साथ-साथ जीवन, आजीविका और व्यवसायों पर अनिश्चित और निम्न-गुणवत्ता वाली बिजली के प्रभावों का आकलन करना था। देश भर में 100 प्रतिशत विद्युतीकरण हासिल करने के बावजूद, ग्रामीण क्षेत्रों को अभी भी बिजली की निश्चित और गुणवत्तापूर्ण आपूर्ति प्राप्त करने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। जिसका नकारात्मक प्रभाव बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं, छोटे व्यवसायों के साथ-साथ दैनिक गतिविधियों पर पड़ रहा है।

रिपोर्ट में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच काफी असमानता पाई गई, जहां केवल 3 प्रतिशत ग्रामीण उपभोक्ताओं को शिकायत दर्ज कराने के एक घंटे के भीतर बिजली बहाल हो जाती है, जबकि लगभग 51 प्रतिशत शहरी उपभोक्ताओं को शिकायत दर्ज कराने के एक घंटे के भीतर त्वरित बहाली का अनुभव होता है। इसके अतिरिक्त, राजस्थान में लगभग 25 प्रतिशत उपभोक्ताओं ने वोल्टेज में उतार-चढ़ाव के कारण व्यवधान और उपकरण खराब होने की बात कही है। बार-बार बिजली कटौती और वोल्टेज में उतार-चढ़ाव ने विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका को प्रभावित किया है, जहां कृषि गतिविधियों और लघु-स्तरीय व्यवसायों के लिए बिजली की पहुंच महत्वपूर्ण है। ऑरेंज ट्री फाउंडेशन की अध्ययन प्रमुख एवं सलाहकार, शोभना तिवारी ने कहा कि अध्ययन में पिछले दशक में बिजली की उपलब्धता और आपूर्ति की गुणवत्ता में व्यापक सुधार पर प्रकाश डाला गया है। राजस्थान के ग्रामीण क्षेत्रों में 2015 से बिजली की आपूर्ति में वृद्धि देखी गई है। हालांकि, अभी भी कई दूरदराज और ग्रामीण क्षेत्र ऐसे हैं जहां बिजली की पहुंच अभी भी कम है। यह ग्रामीण बनाम शहरी क्षेत्रों के बीच का अंतर है, वह विकास की राह को भी प्रभावित करता है।

समता पावर के निदेशक, डी.डी. अग्रवाल ने कहाकि सरकार राजस्थान में बिजली की आपूर्ति और गुणवत्ता बढ़ाने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही है। हालांकि, शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के बीच अंतर अभी मौजूद है, इसलिए गांवों में विद्युतीकरण में पर्याप्त सुधार की आवश्यकता है। इस डिजिटल युग में, जहां शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और कई अन्य सेवाएं विश्वसनीय इंटरनेट और कंप्यूटर सेवा पर निर्भर करती हैं, वहां निरंतर चौबीस घंटे बिजली की आपूर्ति महत्वपूर्ण है।

राजस्थान में 60 प्रतिशत से अधिक उपभोक्ताओं, विशेषकर शहरी उपभोक्ताओं, ने वोल्टेज में उतार-चढ़ाव के कारण उपकरण खराब होने की शिकायत की। अध्ययन में यह भी पाया गया कि राजस्थान में लगभग 50 प्रतिशत उपभोक्ताओं को अपने घरों में स्थिर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए लगभग 1000 रुपये का खर्च उठाना पड़ा। अध्ययन के निष्कर्ष एक राउंडटेबल, पीपल्स व्यू ऑन क्वालिटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई इन राजस्थान में जारी किए गए, जिसमें विभिन्न उद्योग विशेषज्ञों, शिक्षाविदों और जन प्रतिनिधियों ने भाग लिया। यह रिपोर्ट पॉलिसी मेकर्स, स्टेकहोल्डर्स और कम्यूनिटी के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन के रूप में कार्य करती है, जिसका उद्देश्य अंतर्निहित अंतराल को कम करना और राजस्थान में बिजली आपूर्ति परिदृश्य में सुधार करना है।

# भगवान श्री जगन्नाथ की रथयात्रा निकली

**भरतपुर, (निसं)।** भगवान श्री जगन्नाथ रथयात्रा समिति एवं इस्कॉन भरतपुर के संयुक्त तत्वावधान में भगवान श्री जगन्नाथ रथयात्रा का कार्यक्रम एक होटल में सम्पन्न हुआ। समिति महामंत्री महेश चंद सिंघल ने बताया कि भगवान श्री जगन्नाथ, भाई बलराम एवं बहिन सुभद्राजी विग्रहों का वृन्दावन से आगमन होने पर होटल के मुख्य गेट पर पूर्व विधायक विजय बंसल, समिति संरक्षक संजीव गुप्ता, अध्यक्ष मोहन मित्तल, कार्यक्रम संयोजक विष्णु लोहिया, इस्कॉन के रसराज दास ने पुष्पवर्षा एवं विशेष प्रार्थना द्वारा भगवान की अगवानी कर उन्हें होटल के मुख्य हॉल में पुष्प सुसज्जित रंग बिरंगी इन्द्रधनुषी छटा से अलौकिक स्टेज के आसनों पर आरूण कराया।

इस्कॉन वृन्दावन के महन्तों द्वारा भगवान के विग्रहों को नवीन अलंकृत पोषाक धारण करायी गयी, पुष्प पत्र, इत्र गुलाब जल एवं मलयागिरी चंदन आदि से अनुपम श्रृंगार किया, विशिष्ट 56 प्रकार के व्यंजनों से भगवान को भोग लगाया गया। संतों द्वारा भगवान की महिमा का गुणगान एवं हरिनाम संकीर्तन किया गया। इस्कॉन वृन्दावन के निर्देशक राधाश्याम सुन्दरदास ने भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी की कथा सुनायी। जिसको सुनकर सभी भाव विभोर हो गये।

इस्कॉन भरतपुर जॉन के निदेशक विष्णु नाम प्रभु ने भगवान श्री जगन्नाथ रथयात्रा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रथ पर आरूण भगवान जगन्नाथ के दर्शन करने मात्र से पापों से मुक्ति मिलती है। ख्याति प्राप्त नृत्यांगना देवावलि देव ने भरतनाट्ययम का मनमोहक मंचन किया। कार्यक्रम में पधारे मुख्य अतिथि डॉ. अमित यादव, जिला कलेक्टर एवं मृदुल कच्छावा पुलिस अधीक्षक का समिति पदाधिकारियों ने दुपट्टा ओढ़ाकर एवं स्मृति चिंह प्रदान कर स्वागत किया इनके द्वारा महाआरती करायी गई। जगन्नाथजी की पालकी सिर पर धारण कर भक्तों का मनोहारी नृत्य भक्तिभाव में हरीनाम संकीर्तन प्रत्येक दर्शक के हृदय में भक्ति एवं आस्था का संचार कर रहा था।


**कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति (अनाज) बीकानेर**
क्रमांकः- 8630961 **ई-बोली आमंत्रण सूचना 02/2024-25** दिनांकः- 04.07.2024
कृषि उपज मण्डी समिति (अनाज)बीकानेर द्वारा निम्नांकित व्यवस्थाओं/सेवाओं के संचालन के लिए उपापन ठेका पद्वति द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अनुभवी फर्मो/ठेकेदारों/सद्भावी व्यवहारियों से सफाई, चौकीदारी एवं ईनाम जॉब बेसिस व्यवस्था ठेका हेतु ई-टेण्डरिंग के अन्तर्गत ऑनलाईन बोली आमंत्रण सम्बन्धित विवरण एवं शर्तो को वेबसाइट http://sppp.rajasthan.gov.in तथा www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है-

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | कार्य की राशि (लाख में) | प्रतिभूति राशि रु. | ई-प्रोसेसिंग शुल्क | निविदा फार्म शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मुख्य मण्डी प्रांगण में सफाई व्यवस्था | 50.00 | 1.00 लाख रू | 1000 रू | 1000 रू |
| 2 | मुख्य मण्डी प्रांगण में चौकीदारी व्यवस्था | 50.00 | 1.00 लाख रू | 1000 रू | 1000 रू |
| 3 | मुख्य मण्डी प्रांगण में ईनाम परियोजना जॉब बेसिस | 21.00 | 0.42 लाख रू | 1000 रू | 1000 रू |

| | |
|---|---|
| निविदा डाउनलोड प्रारम्भ तिथि | दिनांक 05.07.2024 प्रातः 10.00 बजे से |
| निविदा फार्म पूर्ण भरकर ऑनलाईन अपलोड करने की अन्तिम तिथि | दिनांक 24.07.2024 प्रातः 10.00 बजे तक |
| निविदा फार्म पूर्ण भरकर कार्यालय में प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि | दिनांक 24.07.2024 दोपहर 01.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि | दिनांक 24.07.2023 दोपहर 02.00 बजे से |

**बोली की शर्तेः-** कृषि उपज मण्डी समिति (अनाज) बीकानेर के मुख्य मण्डी प्रांगण एवं गौण मण्डी प्रांगण छतरगढ़ में विभिन्न मदों हेतु रजिस्टर्ड फर्मो से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्योरमेंट (eproc-rajasthan-gov-in) के माध्यम से ऑनलाईन निविदाऐं आमत्रित की जाती है। **बोली सम्बन्धित नियम/शर्ते किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय समय में प्राप्त कर सकतें है।** बोली दस्तावेजों को राज्य उपापन पोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in (UBN No.- DAM2425SLOB00375, DAM2425SLOB00374, DAM2425SLOB00373 पर भी देखा जा सकता है। तकनीकी बोली दस्तावेज के साथ बोली प्रपत्र, शुल्क, प्रतिभूति राशि का डी.डी. एव ई-टेण्डरिंग के लिए ई प्रोसेसिंग शुल्क का चालान बोली जमा करने की निर्धारित **दिनांक व समय तक कार्यालय में जमा करवाया जाना अनिवार्य है** एवं देर से प्राप्त होने वाले दस्तावेजों/शुल्क को स्वीकार नहीं किया जावेगा। बोली प्रपत्र शुल्क एवं प्रतिभूति राशि के अभाव में ई-निविदा पर कोई विचार नही किया जायेगा।
राज.संवाद/सी/24/2052 सचिव

**कार्यालय जिला कलक्टर (भू.अभिलेख) झालावाड**
क्रमांक- भू.अभि./DILRMP/2024/4026 दिनांक-03.07.2024
**ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 01/2024-25**
राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं नियम 2013 के अनुसरण में कार्यालय जिला कलक्टर झालावाड (भू अभिलेख) के अधीनस्थ तहसील कार्यालयों में तहसील कार्यालय के रिकार्ड रूम के मोडिफिकेशन एवं स्कैनिंग कार्य हेतु इच्छुक निर्माता/ रजिस्टर्ड/संबंधित अनुभव रखने वाली प्रतिष्ठित फर्म से मोहरबंद द्वि-लिफाफा पद्धति से ई-निविदाएं http://eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | सामग्री का विवरण | अनुमानित लागत (लाखों में) | बिड सिक्यूरिटी राशि (रूपयों में) | निविदा शुल्क (रूपयों में) | RISL प्रोसेसिंग शुल्क (रूपयों में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रिकॉर्ड रूम मोडिफिकेशन चारों चरण निविदा दस्तावेज अनुसार 03 तहसील हेतु। | 75.00 | 150000/- | 2000 | 1500 |
| 2 | स्कैनिंग कार्य एवं चतुर्थ चरण निविदा दस्तावेज अनुसार 08 तहसील हेतु | 27.00 | 54000/- | 500 | 1000 |

निविदा समय विवरण

| क्र. सं. | निविदा डाउनलोड प्रारंभ की तिथि व समय | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि व समय | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय | तकनीकी बिड खोलने की अंतिम तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 03.07.2024 समय सायं 06 बजे | 23.07.2024 समय सायं 06 बजे | 23.07.2024 समय सायं 06 बजे | 24.07.2024 समय दोपहर 12 बजे |
| 2 | 03.07.2024 समय सायं 06 बजे | 23.07.2024 समय सायं 06 बजे | 23.07.2024 समय सायं 06 बजे | 24.07.2024 समय दोपहर 12.30 बजे |

UNB NO. CJH2425WSOB00002 & CJH2425WSOB00003, NIB NO. CJH2425A0004
DIPR/C/5579/2024 जिला कलेक्टर (भू.अभि.), झालावाड

# 'गुलाबी नगरी' को पूरे देश में नंबर-1 स्मार्ट सिटी बनाने का विजन पेश किया भजनलाल सरकार ने

## जयपुर में 9 स्थानों पर एलिवेटेड रोड और रेलवे ओवर ब्रिज बनेंगे, इलेक्ट्रिक बसों का संचालन भी होगा

- सांगानेर और विद्याधर नगर क्षेत्र में सड़क निर्माण और नवीनीकरण पर 165 करोड़ रु. खर्च किए जाएंगे
- जयपुर परकोटे और हैरिटेज बिल्डिंगों के संरक्षण के लिए 100 करोड़ रुपए का बजट दिया
- आमेर, जयगढ़ और नाहरगढ़ पर रोप-वे बनाने की घोषणा, दिल्ली की तर्ज पर जयपुर में ''राजस्थान मंडपम'' भी बनाया जायेगा

-विधानसभा संवाददाता-

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुलाबी नगरी (जयपुर) को देश में अव्वल स्मार्टसिटी बनाने की कवायद शुरू कर दी है। इसका रोडमैप बुधवार को विधानसभा में पेश हुए पहले बजट में खुलकर नजर आया। शहर में 9 जगहों पर फ्लाईओवर व रेलवे ओवर ब्रिज, इलेक्ट्रिक बसों का संचालन, जयपुर परकोटे के हैरिटेज संरक्षण, सड़कों के नवीनीकरण, पर्यटन स्थलों पर सुविधाएं विकसित करने की घोषणाओं के साथ यह विजन पेश किया गया है।

भजनलाल सरकार ने अपने पहले पूर्ण बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर पर विशेष जोर दिया है। जयपुर में 9 स्थानों पर एलिवेटेड रोड व फ्लाई ओवर ब्रिज बनाने, केन्द्र सरकार की मदद से जयपुर मेट्रो के अधूरे प्रोजेक्ट को पूरा करने और इलेक्ट्रिक बसों के संचालन की सौगात दी गई है। जयपुर परकोटे और हैरिटेज बिल्डिंगों के संरक्षण के लिए 100 करोड़ रुपए का प्लान बनाकर काम शुरू करवाया जाएगा। सांगानेर एयरपोर्ट की टर्मिनल कैपेसिटी को 50 लाख यात्री प्रतिवर्ष से बढ़ाकर 70 लाख करने और नया टर्मिनल भी बनाया जाएगा।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और डिप्टी सीएम दीया कुमारी के विधानसभा क्षेत्रों में करीब 165 करोड़ रुपए की लागत से सड़कों का नेटवर्क बिछाया जाएगा। इसमें नई सड़क बनाने के साथ-साथ पुरानी सड़कों का नवीनीकरण होगा।

गुलाबी नगर के प्रमुख पर्यटन स्थल आमेर, जयगढ़ और नाहरगढ़ किले पर रोप-वे भी बनाए जाएंगे। आमेर में लाइट एंड शो का बेहतर तरीके से करवाया जाएगा। एस.एम.एस. स्टेडियम में खिलाड़ियों की सुविधा के लिए ''स्टेट ऑफ दि आर्ट अल्ट्रा फिटनेस सेंटर'' स्थापित किया जाएगा। दिल्ली की तर्ज पर जयपुर में ''राजस्थान मंडपम'' भी बनाया जाएगा।

बजट घोषणाओं के मुताबिक जयपुर के विद्याधर नगर क्षेत्र में 70 करोड़ रुपए की लागत से सीवरेज लाइनें बिछाई जाएगी। ट्रैफिक की समस्या का समाधान के लिए 1500 से ज्यादा पुलिस वॉलेंटियर्स दिए जाएंगे। प्रताप नगर स्थित आर.यू.एच.एस. अस्पताला में नया ट्रोमा सेंटर बनाया जायेगा। जयपुर के पर्यटन स्थलों पर इनफॉरमेशन टैक्नोलॉजी (आई.टी.) से संबंधित कार्य करवाए जाएंगे। जयपुर में पौधा रोपण और पार्क के विकास कार्य के लिए अलग से बजट दिया जाएगा। जयपुर में नाहरगढ़ जैविक उद्यान में 20 करोड़ की लागत से वॉक इन एवियरी बनाई जाएगी। झालाना में फॉरेस्ट ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट की स्थापना की जाएगी। जयपुर में अटल इनोवेशन इंस्टीट्ययूट बनाया जाएगा, जिसमें इनोवेशन से संबंधित लोगों को प्लेटफार्म दिया जाएगा।

इसके अलावा जनक मार्ग से शुरू होकर खातीपुरा मोड से क्वींस रोड होते हुए पुरानी चुंगी पर अंडरपास बनाते हुए झारखंड मोड से सिरसी रोड पर गौतम मार्ग तक एलीवेटेड रोड बनाया जायेगा। इसकी डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डी.पी.आर.) जल्द बनाई जाएगी।

सिरसी रोड पर राणा कुम्भा मार्ग से होते हुए सिरसी मोड तक एलिवेटेड रोड की डी.पी.आर. बनाई जाएगी। मुरलीपुरा इलाके में नाडी का फाटक पर 86.89 करोड़ की लागत से 4 लेन का आरओबी बनाने की घोषणा की गई है। सीतावाली फाटक से बैनाड़ फाटक के बीच 14.37 करोड़ रुपए की लागत से रेलवे अंडरब्रिज (आरयूबी) बनाने की घोषणा की गई है। जगतपुरा स्थित सीबीआई फाटक पर 95 करोड़ की लागत से रेलवे ओवरब्रिज बनाया जायेगा। सालीग्रामपुरा फाटक पर 86 करोड़ रुपए की लागत से रेलवे ओवरब्रिज बनाया जायेगा।

अम्बेडकर सर्किल से ओ.टी.एस. चौराहा और यहां से जवाहर सर्किल तक एलिवेटेड रोड बनायी जायेगी। इसके लिए फिजिबिलिटी रिपोर्ट और डी.पी.आर. बनाने का काम जल्द शुरू होगा। सांगानेर फ्लाईओवर से चौरड़िया पेट्रोल पंप तक 170 करोड़ रुपए की लागत से एलिवेटेड रोड बनेगा। जयपुर में कलेक्ट्री सर्किल से राजमहल चौराहे तक एलिवेटेड रोड बनाने के लिए भी जल्द काम शुरू होगा।

# कृषकों को बजट में कोई राहत नहीं दी है : पायलट

- राज्य सरकार का पहला पूर्ण बजट आमजन को निराश करने वाला

**जयपुर।** राजस्थान की भजनलाल सरकार के पहले पूर्ण बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस नेताओं ने इसे दिशाहीन बजट बताया है और कहा है कि इसमें न तो जनता को राहत मिली है और न ही विकास का रोडमैप है। शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा से भी इस बजट का कोई सरोकार नहीं है।

एआईसीसी महासचिव सचिन पायलट ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा पेश किया गया पहला ही पूर्ण बजट आमजन को निराश करने वाला है। कृषि व कृषकों को इस बजट में कोई राहत नहीं दी गई है। सदन में एम.एस. स्वामीनाथन जी के कथन को पढ़ा परंतु एमएसपी को कानूनी दर्जा देने एवं उन्हें लागू करने को लेकर कुछ बोला होता तो बेहतर रहता। डबल इंजन की सरकार एमएसपी के कानूनी प्रावधान पर चुप है।

पायलट ने कहा कि ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने को लेकर भी बजट में कोई ज़िक्र नहीं किया गया। युवाओं के रोजगार, महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त, शिक्षा व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण, महंगाई एवं बेरोजगारी को लेकर इस बजट में न तो कोई नीति दिखाई देती है और न ही कोई योजना। जमीनी वास्तविकता एवं समस्याओं से दूर यह बजट पूर्ण रूप से दिशाहीन एवं लोगों की अपेक्षाओं के विपरीत है।

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सोशल मीडिया पर बजट को लेकर लिखा कि, हमारी सरकार ने मिशन-2030 के तहत राजस्थान को नंबर 1 बनाने का लक्ष्य रखा था। मुझे आशा थी कि हमारी सरकार जाने के बाद भाजपा सरकार कम से कम राजस्थान की बेहतरी के लिए इस मिशन को ध्यान में रखकर काम करेगी और विकास की बेहतरीन योजनाएं लाएगी। बुधवार को राजस्थान सरकार की ओर से लाए गए बजट का शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा से कोई सरोकार नहीं लगता है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने बजट को लेकर कहा कि बजट में सिर्फ किलों और महलों की बातें गांव, गरीब, ग्रामीण, किसान की कोई बात नहीं है।राजस्थान की भाजपा सरकार का बजट पूर्णतया दिशाहीन है। बजट भाषण थोथी घोषणाओं, झूठे तथ्यों एवं हताशा से भरा हुआ था। बजट में किसान के लिए एमएसपी, कृषि लागत कम करने, आमजन को महंगाई से राहत देने एवं गरीब को 25 लाख तक निःशुल्क इलाज देने का कोई प्रयास नहीं दिखा। बजट में किसानों, महिलाओं, युवाओं, नौकरीपेशा एवं मध्यमवर्ग के साथ शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों की भी उपेक्षा की गई। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने बजट को दिशाहीन बताते हुए कहा कि बजट पूर्व अपेक्षित निराशाओ से ही पूर्णतह घिरा हुआ नजर आया। गाँव, देहात में किसान,जवान,मज़दूर किसी तबके के लिए इस बजट में कुछ दिखाई नहीं देता है ।इस पूरे बजट में सिर्फ़ भाजपा नेताओं की सामंतवादी विचारधारा नजर आती है।

# सी.एन.जी. गैस पर वैट 14.50 से घटाकर 10 फीसदी किया

## 50 लाख रुपए की कीमत के फ्लैट्स तथा सोसायटी पट्टों पर खरीदे गए भूखंड़ों की रजिस्ट्री भी सस्ती करने का ऐलान किया

**जयपुर (विसं)।** भजनलाल सरकार ने अपने पहले बजट में सी.एन.जी. गैस और 50 लाख रु. की कीमत तक के फ्लैट्स पर रजिस्ट्री सस्ती करने की घोषणा की है। उपमुख्यमंत्री व वित्त मंत्री दीया कुमारी ने बुधवार को सदन में बजट पेश करते हुए इसकी घोषणा की। वित्त मंत्री ने राज्य में सीएनजी-पीएनजी पर लगने वाले वैट को 14.5 फीसदी से घटाकर 10 फीसदी करने का ऐलान किया। वहीं फ्लैट की रजिस्ट्री पर लगने वाली स्टाम्प ड्यूटी को 6 से घटाकर 5 फीसदी कर दिया है।

देखा जाए तो वर्तमान में जयपुर शहर में सी.एन.जी. गैस की दरें 79.47 रुपए प्रति किलोग्राम है। एक किलोग्राम सीएनजी पर 14.50 फीसदी की दर से 11.52 रुपए वैट देना पड़ता है। इस तरह एक किलो सीएनजी गैस बाजार में 90.99 रुपए में मिलती है। अब राज्य सरकार द्वारा सी.एन.जी. गैस पर वैट की दर 14.5 फीसदी से कम करके 10 फीसदी कर दी है। अब एक किलो सीएनजी की कीमत 79.47 पर 10 फीसदी की दर से 7.94 रुपए वैट देना होगा। इस तरह एक किलोग्राम सीएनजी 87.41 रुपए की दर से उपलब्ध होगी।

इसी प्रकार वर्तमान में 50 लाख रुपए कीमत के फ्लैट की रजिस्ट्री करवाने पर 6 फीसदी की दर से 3 लाख रुपए स्टाम्प ड्यूटी के लगते हैं। स्टाम्प ड्यूटी पर 30 फीसदी सरचार्ज लगता है। फ्लैट की कीमत का एक फीसदी पंजीयन शुल्क चुकाना पड़ता है। अब स्टाम्प ड्यूटी 1 फीसदी घटाने के बाद आमजन को काफी राहत मिलेगी।

इसके साथ ही पत्नी, पुत्रवधू, पोता, पोती एवं दोहिता, दोहिती के पक्ष में निष्पादित सेटलमेंट डीड पर स्टाम्प डॉयूटी एवं पंजयीन शुल्क पर पूरी छूट दी गई हैं। इसी तरह परिवार के सदस्यों के संयुक्त स्वामित्व के अधीन दो या अधिक गैर कृषि संपत्तियों के बदलने पर स्टाम्प ड्यूटी घटाकर दो प्रतिशत की गई हैं। सैनिकों एवं अद्धसैनिक बलो के शहीदों की वीरांगनाओं, उनके पुत्र, पुत्री या माता पिता को सरकार, निजी संस्था अथवा व्यक्ति विशेष के द्वारा निशुल्क आवास दिय जाने पर स्टाम्प डॅयूटी के साथ ही पंजीयन शुल्क की भी छूट दी गई हैं। निर्माणाधीन प्लैट्स एवं भवनों पर जीएसटी राशि पर स्टाम्प ड्यूटी की छूट का प्रावधान किया है।

सरकार ने अब उन मकानों-जमीनों की रजिस्ट्री पर भी छूट देने का ऐलान किया है, जिनकी खरीद-फरोख्त पूर्व में केवल सामान्य एग्रीमेंट के जरिए की गई हो। ऐसी संपत्तियों या सोसाइटी के पट्टों पर अब स्टाम्प ड्यूटी मौजूदा डीएलसी दरों की 20 फीसदी रेट पर लगाई जाएगी।

# बजट पेश के दौरान उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी का शायराना अंदाज

-विधानसभा संवाददाता-

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री व वित्त मंत्री दीया कुमारी ने बुधवार को विधानसभा में बजट पेश करते हुए शायराना अंदाज में अपनी बातें रखी। उन्होंने स्वामी विवेकानंद, भीमराव अंबेडकर, विनोबा भावे, संत हरिदास, निदा फाजली और एमएस स्वामीनाथन की पंक्तियां दोहराते हुए अपना विजन सदन के समक्ष रखा।

बजट भाषण के दौरान दीया कुमारी ने सबसे पहले निदा फाजली का शेर पढ़ा :

**''सफर में धूप तो होगी जो चल सको तो चलो,**
**सभी हैं भीड़ में तुम भी निकल सको तो चलो;**
**किसी के वास्ते राहें कहां बदलती हैं,**
**तुम अपने आप को खुद बदल सको तो चलो।''**

इसके बाद उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने सदन में कविता सुनाई।

**''लेकर अच्छी शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य नित करें हम मानव कल्याण, दे सहारा करें असहाय वृद्ध जन का सम्मान, दे नारी को प्रोत्साहन।**

**है भार युवा कंधों पर, आओ कंधे उनके मजबूत बनाएं। आओ मिलकर विकास की ओर एक साथ कदम बढ़ाए।**

**धरती ओढ़े चुनरी हरि साफ स्वच्छ रहे, पर्यावरण रोशन कर घरों को उनके करें हर पल तिमिर का हरण।**

**प्यास बुझे ढाणी-ढाणी, मगरे-मगरे पहुंचे पानी, विकसित हो उद्योग, मिले सबको रोजगार हैं मिलकर हमने ठानी।**

**मंद हो गई जो प्रगति, आओ फिर उसको गतिमान बनाए।**

**आओ मिलकर विकास की ओर एक साथ कदम बढ़ाए।**

**चलो मिलकर हम सब विकसित राजस्थान बनाएं।**

इसके बाद दीया कुमारी ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की रचना सदन में पढ़कर सुनाई।

**टूटे हुए तारों से फूटे वासंती स्वर, पत्थर की छाती में उग आया नव अंकुर**

**झरे सब पीले पात, कोयल की कुहुक रात, प्राची में अरुणिमा की रेख देख पाता हूं। गीत नया गाता हूं।**

**टूटे हुए सपने की सुने कौन सिसकी, अंतर को चीर व्यथा पलकों पर ठिठकी।**

**हार नही मानूंगा, रार नई ठानूंगा, काल के कपाल पर लिखता-मिटाता हूं। गीत नया गाता हूं। गीत नया गाता हूं।**

इससे पहले दीया कुमारी ने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की पंक्तियां दोहराते हुए ''आर्थिक उन्नित और सामाजिक उत्थान की पूंजी औद्योगीकरण में है। औद्योगिक विकास बढ़ाने से हम रोजगार दे सकते हैं, गरीबी कम कर सकते हैं और जीवन स्तर को ऊंचा कर सकते है।''

## सार-समाचार

### पर्यटन के अनुकूल है बजट : गजसिंह



**जयपुर।** इंडियन हैरिटेज होटल्स एसोसिएशन के महासचिव गजसिंह अलसीसर ने राजस्थान की वित्त मंत्री दीया कुमारी द्वारा घोषित बजट को वास्तव में प्रगतिशील और पर्यटन अनुकूल बताया। उन्होंने कहा कि पर्यटन क्षेत्र के विकास के लिए नवीन पर्यटन नीति की घोषणा की जाएगी। बजट में राजस्थान पर्यटन विकास बोर्ड के गठन की भी घोषणा की गई है। हैरिटेज, एडवेंचर, धार्मिक, ग्रामीण पर्यटन को सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाना सराहनीय कदम है। बुनियादी ढांचे समेत अन्य विकास कार्यों के लिए 5 हजार करोड़ रु. का फंड बनाया जाएगा। इसके अतिरिक्त, राजस्थान में किलों, महलों और स्मारकों के संरक्षण और सुरक्षा के लिए राजस्थान हैरिटेज कंजर्वेशन एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी की स्थापना भी की जाएगी।

### सी.आई.आई. ने बजट को सराहा





अरूण मिश्रा और नितिन गुप्ता

**जयपुर।** सी.आई.आई. राजस्थान के अध्यक्ष अरुण मिश्रा और वरिष्ठ निदेशक नितिन गुप्ता ने राजस्थान के बजट को सराहा है। बजट में पर्यटन, कला एवं संस्कृति को लेकर की गई घोषणायें जैसे दिल्ली के भारत मंडपम की तर्ज पर राजस्थान मंडपम तैयार किया जाना, काशी विश्वनाथ की तरह खाटू श्याम जी मंदिर का कॉरिडोर, पुरातात्विक स्थानों और हेरिटेज स्थलों का विकास के लिए राजस्थान हेरिटेज कंवर्जेशन बोर्ड बनाने की घोषणा स्वागत योग्य कदम हैं। यह कदम राज्य में पर्यटन और इससे जुड़े रोजगार को बढ़ावा देगा। नितिन गुप्ता ने कहा कि रीको को हस्तान्तरित औद्योकि क्षेत्र के भूरूपान्तरण, एवं अन्य समस्याओं के समाधान के लिये ट्रांसफर ऑफ इंडस्ट्रीयल लैण्डस वेलिडेशन एक्ट एक बहुत ही जरूरी कदम साबित होगा। फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट के लिए निर्धारित शुल्क को 50 रु. प्रतिवर्गमीटर से घटाकर 15 रु. प्रतिवर्गमीटर 5 वर्ष करना सभी के लिए राहत भरा कदम हैं।

### 'जयपुर को नंबर-1 बनाने वाला बजट'



मनोज सिंह गोतोड़

**जयपुर।** भाजपा नेता व सांगानेर क्षेत्र से पार्षद प्रत्याशी मनोज सिंह गोतोड़ ने कहा कि भजनलाल सरकार द्वारा पेश राजस्थान के पहले पूर्ण बजट में राजधानी जयपुर को नंबर-1 शहर बनाने का विजन छिपा हुआ है। जयपुर में एलीवेटेड रोड्स के निर्माण के अलावा इलेक्ट्रिक बसों का संचालन, जयपुर परकोटे और हैरिटेज बिल्डिंगों के संरक्षण के लिए 100 करोड़ रु. का बजट देने, दिल्ली की तर्ज पर जयपुर में राजस्थान मंडपम बनाने तथा जयपुर के प्रमुख पर्यटन स्थल आमेर, जयगढ़ और नाहरगढ़ किले पर रोप-वे शुरू करवाने का फैसला सराहनीय है।

### 'बजट को अर्द्ध हितकारी बताया'

**जयपुर।** रविकाश फाइनेंसियल के डायरेक्टर विकास ओझा ने राजस्थान के बजट को अर्द्ध हितकारी बताते हुए कहा वित्त मंत्री ने बजट में दस संकल्पों के आगाज़ के साथ राहत का पिटारा अवश्य खोला है, मगर पैसे का प्रबंध कैसे होगा, इसकी जानकारी नहीं दी है। ओझा ने कहा बजट विकासोन्मुखी कहा जा सकता है, लेकिन महंगाई पर काबू कर जनता को राहत देने पर कुछ नहीं कहा है। उन्होंने प्रदेश को 350 बिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने को सरकार का आशावाद बताया।

### संतुलित बजट : सीए सुधीर भंसाली



जयपुर। राजस्थान सीए सोसायटी के अध्यक्ष सी.ए. सुधीर भंसाली ने राजस्थान के बजट को संतुलित बताया। उन्होंने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण पूंजी व्यय योग में 15,500 करोड़ रुपये की वृद्धि है जो कि इस बात का द्योतक है कि राजस्थान आने वाले समय में विकास की ओर अग्रसर है। पूंजीगत व्यय में वृद्धि से बाजार में मुद्रा का चलन ज्यादा होगा, जिससे अन्य व्यवसायों की वृद्धि भी निश्चित होगी। राजस्थान इन्वेस्टमेंट प्रमोशन स्कीम 2024 की घोषणा भी महत्वपूर्ण है। सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि एवम नई भर्तियों की घोषणा भी की सीए भंसाली के अनुसार वित्त मंत्री ने राज्य की जनता का स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार पर ध्यान दिया है। पुराने विवादों के सुलझाने के लिए विभिन्न एमनेस्टी स्कीम लागू किया जाना। वैट एमनेस्टी स्कीम सबसे महत्वपूर्ण है जिसमें 10 लाख रुपये तक की मांग राशि जो कि रिपिल्ड एक्ट्स के प्रकरणों से संबंधित है को माफ़ किया जाएगा तथा उससे अधिक की मांग राशि को 10-20 परसेंट कर जमा करने पर शेष मांग अपलेखित की जाएगी।

# जल संरक्षण, सिंचाई और नहरीतंत्र पर एक लाख करोड़ रु. खर्च करेगी सरकार : रावत

**जयपुर।** जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने कहा है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के दूरदर्शी विज़न को उपमुख्यमंत्री (वित्त) दिया कुमारी ने बजट 2024-25 में पेश किया है। यह बजट महिलाओं,युवाओं, किसानों ,कर्मचारियों, उद्यिमयों, वंचितों,. जरूरतमंदो, सहित प्रदेश के सभी वर्गों की उम्मीदों एवं आकांक्षाओं को पूरा करने वाला है। विज़न राजस्थान-2047 को ध्यान में रखते आगामी पांच वर्षो में 10 संकल्पो में माध्यम से प्रदेश के चहुँमुखी विकास के लिए यह बजट समर्पित है।

रावत ने कहा कि राजस्थान में जल संरक्षण, सिंचाई, नहरीतंत्र के सुदृढ़ीकरण तथा संशोधित पी.के.सी लिंक परियोजना पर एक लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि व्यय होगी, जिसका लाभ किसानों एवं आमजन को मिलेगा। संशोधित पार्वती- कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना राज्य की महत्वाकांक्षी परियोजना है। इससे राज्य की करीब 40 प्रतिशत जनसंख्या को पेयजल एवं 2.80 लाख से अधिक हैक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिलेगी।

उन्होंने कहा कि एकीकृत ईआरसीपी परियोजना के प्रथम चरण में कार्यों के लिए 9600 करोड़ रुपए के कार्यादेश दिए जा चुके है। साथ ही आगे के कार्यों के लिए 26 हजार 800 करोड़ रुपए का बजट प्रस्तावित किया गया है, ताकि जल्द से जल्द परियोजना का लाभ प्रदेश की जनता को मिल सके। रावत ने कहा कि राज्य के सभी जिलों में सिंचाई व्यवस्था के साथ जल संचय प्रणाली विकसित करने के लिए राजस्थान इरिगेशन वॉटर ग्रिड मिशन शुरु किया जाएगा। इसके तहत 50 हजार करोड़ रुपए से अधिक के कार्य करवाए जाएंगे। जल संसाधन मंत्री ने कहा कि बरसात एवं बाढ़ के दौरान व्यर्थ बहकर जाने वाले जल से बाढ़ सुरक्षा प्रबंधन के साथ-साथ जल के सदुपयोग के लिए रन ऑफ वॉटर ग्रिड स्थापित किया जाएगा।

# बजट में विकास का खाका : खर्रा

**जयपुर।** नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने राजस्थान के बजट की तारीफ करते हुए इसे प्रदेश के विकास का खाका बताया। उन्होंने कहा कि भजनलाल सरकार का यह बजट ऐतिहासिक है, इसमें समाज के प्रत्येक वर्ग का ध्यान रखा गया है। 'गांव-गरीब से शहर-व्यापार की ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे के माध्यम से दूरी' घटेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरगामी सोच व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान के प्रत्येक नागरिक का विकास गारंटिड है। सिविल प्लानिंग से राजस्थान के विकास की रफ्तार में और तेजी आएगी। नगरीय निकायों में अंडरग्राउंड बिजली लाइन डाली जाएंगी, शहर के बाज़ारों में बायो पिंक टॉयलेट से स्वच्छता होगी।

# प्रदेश को विकास के नए पथ पर ले जाने वाला बजट : शेखावत

**जयपुर।** केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने सर्वसमावेशी विकास का बजट प्रस्तुत करने के लिए राजस्थान की वित्त मंत्री दीया कुमारी को शुभकमानाएं दीं। अपनी प्रतिक्रिया में शेखावत ने कहा कि भजनलाल सरकार का पहला पूर्ण बजट हर वर्ग के सपने पूरे होने की गारंटी है। अब डबल इंजन की सरकार राजस्थान को विकास के नए पथ पर लेकर जाएगी। इस बजट के माध्यम से राजस्थान देश का ग्रोथ इंजन बनेगा। शेखावत ने कहा कि भजनलाल सरकार के बजट के दायरे से कोई छूटा नहीं है। हर वर्ग को यह बजट अपने लिए लगेगा और हर वर्ग स्वयं को सशक्त महसूस करेगा। नारी शक्ति, अन्नदाता, युवाओं और गरीबों का बजट में विशेष ख्याल रखा गया है। 5 साल में 4 लाख नौकरियों से युवा सशक्त होगा। ब्याज मुक्त लोन देने के अलावा किसानों के लिए कई घोषणाएं बताई हैं कि भाजपा सरकार किसानों की हितैषी है। 15 लाख महिलाओं को लखपति दीदी बनाने से हमारी माताएं-बहनें का सशक्तीकरण होगा। साथ ही, महंगाई से राहत देने के लिए कई ठोस कदम बजट में उठाए गए हैं।

# प्रदेश के 25 लाख घरों को नल से जोड़ेगी सरकार : कन्हैयालाल

**जयपुर।** जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में विकसित राजस्थान की संकल्पना को साकार करने वाला जनकल्याणकारी बजट है। यह परिवर्तित बजट 2024-25 गरीब, बेरोजगार युवा, महिलाएं और किसानों को समर्पित है। मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा, कृषि एवं स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के साथ ही बजट में आमजन को राहत प्रदान करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई है।

जलदाय मंत्री ने कहा कि पेयजल एवं सिंचाई हेतु जल उपलब्ध कराने के लिए ई.आर.सी.पी परियोजना के प्रथम चरण के लिए वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर कार्य आदेश जारी करने, पेपर लीक जैसी घटनाओं में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध ठोस कार्यवाही, विद्युत तंत्र को मजबूत करने, पीएम सूर्य घर मुक्त बिजली योजना के तहत प्रत्येक जिले में आदर्श सौर ग्राम बनाए जाने, 60 हजार करोड रुपए के स्टेट हाईवे एवं अन्य सड़क निर्माण कार्य, पर्यटन को विकास देने के लिए नवीन पर्यटन नीति की घोषणा सभी वर्गों के विकास के संकल्प को साकार करने वाली है। सरकार द्वारा बेरोजगारों को बड़ा तोहफा दिया गया है इससे न केवल प्रति वर्ष बेरोजगार युवा को रोजगार मिलेगा बल्कि 5 साल में 4 लाख युवाओं को रोजगार देने का निर्णय बेहद सराहनीय है।

# राजस्थान के समग्र विकास को गति देगा बजट : अरुण चतुर्वेदी



**जयपुर।** भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेता डॉ. अरूण चतुर्वेदी ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सरकार के प्रथम बजट को राजस्थान के समग्र विकास को गति देने वाला बताया है। राज्य की वित्त मंत्री दीया कुमारी द्वारा प्रस्तुत इस बजट में समाज के सभी वर्गों का हित दिखता है। गत कांग्रेस सरकार द्वारा विरासत में दी गई गम्भीर आर्थिक चुनौतियों के बाद भी भजनलाल सरकार ने प्रदेश के युवा, महिला, ग़रीब, किसान, श्रमिक, थडी-ठेले वालो औरउद्योगों के लिये प्रभावी घोषणाएं की है। साथ ही आधारभूत ढांचों के उन्नयन ई.आर.सी.पी. व यमुना जल योजनाओं की क्रियान्वित के लिये किये गये प्रावधानों ने भाजपा सरकार की प्रतिबद्धताओं को प्रकट करता है।

# बजट में प्रत्येक वर्ग की सामाजिक सुरक्षा : अविनाश गहलोत

**जयपुर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सरकार द्वारा विधानसभा में पेश बजट समाज के प्रत्येक वर्ग को स्पर्श करता हुआ समावेशी बजट है।

बजट में सामाजिक सुरक्षा के लिए की गई घोषणाएं स्पष्ट करती हैं कि राज्य सरकार समाज के वंचित और जरूरतमंद व्यक्ति के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है।

विभिन्न आवासीय विद्यालयों तथा छात्रावासों के रिपेयर व आवश्यक सामग्री के लिए 50 करोड़ रुपए, छात्रावासों के पुनर्निर्माण हेतु लगभग 45 करोड़ रुपए, छात्रावासों का मैस भत्ता 2500 रुपए से बढ़ाकर 3 हजार रुपए करने, नशा मुक्ति केंद्र खोलने, एससी-एसटी एवं टीएसपी फंड की राशि बढ़ाकर 1500 करोड रुपए, दिव्यांग जनों के लिए 2000 स्कूटी वितरण, घुमन्तू जातियों के लिए मुख्यमंत्री घुमन्तू आवास योजना, कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल और पेइंग गेस्ट सुविधा, अनुसूचित जाति जनजाति विकास निगम, अन्य पिछड़ी जाति विकास निगम एवं अल्पसंख्यक विकास निगम को 100 करोड रुपए की सहायता, ईडब्ल्यूएस के लिए रियायती ब्याज दर पर ऋण, जामडोली जयपुर का विस्तार व सुदृढ़ीकरण करने के लिए स्वयं सिद्धा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस जैसी घोषणाएं सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होंगी।

# बजट में विकसित राजस्थान-2047 का विजन : डॉ.सौम्या



**जयपुर।** महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सरकार द्वारा विधानसभा में प्रस्तुत वर्ष 2024-25 के बजट में विकसित राजस्थान-2047 का विजन है। आमजन की मूलभूत आवश्यकता बिजली, पानी, सड़क के विकास को दृष्टिगत रखते हुए विरासत भी विकास भी सोच के साथ धरोहर का संरक्षण सुनियोजित शहरी विकास का ध्यान रखा गया है। नगरीय निकायों में महिलाओं के लिये बॉयोपिंक टॉयलेट बनाने एवं कचरा संग्रहण एवं परिवहन से निस्तारण तक की व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए आईटी तकनीक का उपयोग करने, ठोस कचरे के प्रबंधन के लिए समुचित व्यवस्था किये जाने, शहरों में ड्रेनेज, जल संरक्षण, जनसुविधा, सामुदायिक कार्य लखपति दीदी योजना और सबन्धी घोषणाएं सराहनीय है।

# एनर्जी सेक्टर में व्यापक सुधार का रोडमैप : ऊर्जा मंत्री

**जयपुर।** ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि विधानसभा में भजनलाल सरकार द्वारा प्रस्तुत परिवर्तित बजट में ऊर्जा क्षेत्र में व्यापक सुधार का रोडमैप प्रस्तुत किया गया है। उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री दिया कुमारी ने बुधवार को सदन में जो घोषणाएं की हैं, उससे स्पष्ट है कि एनर्जी सेक्टर का कायाकल्प सरकार की प्राथमिकताओं में पहले पायदान पर है।

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि आगामी 10 वर्षों की विद्युत मांग के दृष्टिगत ऊर्जा उत्पादन की कार्ययोजना, वर्ष 2031-32 की ऊर्जा की मांग की पूर्ति के लिए 2 लाख 25 हजार करोड़ के कार्य, प्रत्येक जिले में पीएम सूर्यघर योजना के तहत आदर्श सौर ग्राम तथा इनमें 2 मेगावाट क्षमता तक के डिसेंट्रलाइज्ड सोलर पावर प्लांट की स्थापना के लिए 40 प्रतिशत अनुदान, राजकीय कार्यालयों को सौर ऊर्जा से जोड़ने, बिजली कनेक्शन से अब तक वंचित 2 लाख 8 हजार परिवारों को घरेलू कनेक्शन, प्रसारण क्षमता मजबूत करने तथा छीजत रोकने के लिए 765, 400, 220 तथा 132 केवी क्षमता के 68 नए जीएसएस, 25 लाख से अधिक स्मार्ट मीटर, नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए नए सोलर पार्क, ऊर्जा भंडारण के लिए नीति, बारां, भरतपुर एवं अन्य जिलों में पंप स्टोरेज से ऊर्जा उत्पादन जैसी घोषणाओं से ऊर्जा क्षेत्र के कायाकल्प की दूरदर्शी सोच को गति मिलेगी।



## International Essential Oils Day

The use of natural substances for holistic healing purposes is an ancient practice, dating back probably as far as human beings, who found that certain plants could be applied topically or made into teas to promote health and cure disease. In modern times, at least in the western world, the field of medicine has tended to move away from natural healing practices. But scientists cannot deny that plants do have a myriad of properties, that can aid humans, in their efforts towards health.



#INSIGHT

# Hurricanes never cross the equator. Here's why!

Thanks to the *Coriolis force*, hurricanes never cross the equator.





Here are four things about hurricanes that you may not know.

### One

They're the local name of a global phenomenon. Large tropical storms in the western part of the Pacific Ocean are called *typhoons*. In the Indian Ocean, they're called *cyclones*. In the North Atlantic or the eastern part of the Pacific, they're *hurricanes*. The term 'tropical cyclones' is often used as a catch-all term. Occasionally, a storm will 'cross over' and get two labels, as happened in 2006 with *Ioke*. Arising in the Central North Pacific as hurricane *Ioke*, the storm wandered into the Northwest Pacific, where it was known as *typhoon Ioke*.

### Two

There will never be a hurricane Israel. Hurricanes are named alphabetically, alternating male and female names, from lists that rotate every six years. The first Atlantic hurricanes of 2025 will be Andrea, Barry, Chantal, and Dexter, while the first Pacific ones will be Alvin, Barbara, Cosme, and Dalila. Similar systems are in place for cyclones and typhoons. Names of particularly heavy storms are taken out of rotation, as are names deemed politically or culturally sensitive. So, for one reason or another, there will never again be Atlantic hurricanes called *Floyd* (last used in 1999), *Katrina* (2005), or *Sandy* (2012), nor Pacific hurricanes called *Adolph* (2001), *Israel* (designated for 2001 but never used), or *Isis* (2004).

### Three

There are no hurricanes (or whatever you want to call them) in the Southeast Pacific or the South Atlantic. Almost 90% of large tropical storms form within latitudes 20° north or south of the equator, where the waters are at least 27°C (81°F), warm enough for storms of these strengths to form. The Southeast Pacific and South Atlantic are the only two tropical ocean basins where this isn't the case. This is due to the *Peru* Current and the *Benguela* Current, which carry cool water from higher latitudes towards the equator, into these two basins respectively. A rare exception was hurricane *Katarina*, which made landfall in Brazil in 2004. Katarina is the only hurricane-strength storm on record in the South Atlantic. Some meteorologists have attributed its formation to global warming, which means there may be more in the future.

### Four

Hurricanes, typhoons, and cyclones never cross the equator, and usually don't form within five degrees latitude of that line. This is because of the *Coriolis force*, which is the effect that the rotation of the Earth has on the direction of sufficiently large masses of water or air. In the Northern Hemisphere, they will rotate counterclockwise, and clockwise in the Southern Hemisphere. The Coriolis force is zero at the equator and weakest nearer the line, which is why cyclic storms don't form in a 400-mile-wide strip on either side of this divider. And since storms would have to perform the physically impossible feat of changing direction, as they cross over from one hemisphere to the other, they would, in all probability, simply lose their momentum and end up as a massive volume of hot air. We don't really know, because it hasn't happened yet. In 2001, a cyclone over Indonesia came closest yet, skirting the equator at 150 kms, less than 100 miles.



# AI, Mathematics and More

Marcus du Sautoy believes that artificial intelligence learns from humans the way a child learns from his parents. He says that whether AI turns good or bad in the long run will depend on the environment humans develop it in.



PART:2






Shailaza Singh
*Published Author, Poet and a YouTuber*

> So again, in some ways, what do you mean by an 'ego?' That means almost you're saying, Is AI conscious? Because it's got to have a sense of self different from other. But often, when we say a sense of ego, we mean prioritising the self. So again, a sense of self will come very much later. That's about 'consciousness.' But is it altruistic or selfish?

**Does the AI emulate humans the way children learn from their parents?**

Exactly. I often give the comparison to, it's like the relationship between a parent and a child. Of course, the child reflects the genetics of the parent, yet, the child is different because they interact with the environment, they interact with other friends, other people, other countries, and that is part of his learning process. For example, Picasso, his genes are the genes of his parents. Yet, we don't say that the art that he produced is the result of his parents. Yes, partly that may have happened, but it's mostly his environment. So, the AI is written, the code, first of all, by the parent, but then, the AI interacts with everything else. It becomes its own, has its own identity, separate from the person who coded it.

- **Yes, you're saying that it is learning from the environment around it. So, if the environment around it is malicious, it can learn that behaviour?**

Unfortunately, yes. The nice thing is you can steer, so, you can steer, you can try, and get an AI to identify malicious behaviour. Then, you give it malicious behaviour and it says, 'Okay, I recognise, I now recognise that that's bad and that's good.' Gradually, it starts to get a moral code. You can incentivise it to learn a moral code.

- **How can you incentivise AI?**

It's like playing a game. So, you say you lose the game if you play. Here's an example of bad behaviour. It learns that. Here's an example of good behaviour. Now here's an example of something new. What do you regard this? Is this closer to something bad or something good? And it makes a guess and it says, 'No, you got that wrong, that's bad.' And so, it will update its code and say, 'Okay, I will get that right next time.' And so it's a learning process. It's about learning what's good. And then, it can be used in, for example, in a social context to help other people identify good and bad. So, AI is very, very flexible. And it's about how we use it. There's a very interesting novel. For JLF, I interviewed Ian McEwan, who wrote a novel called *Machines Like Me*. And it's about a moral dilemma between two humans and an AI. And in the book, Ian explores the fact that the AI actually may be more 'moral' in its decision. It will be thinking about the greater good of society, whilst the humans, very often, think about individual good. And so, maybe AI often is better at making moral decisions.

- **Can AI develop an ego?**

Well, I think AI can definitely demonstrate characteristics of ego. So again, in some ways, what do you mean by an 'ego?' That means almost you're saying, Is AI conscious? Because it's got to have a sense of self different from other. But often, when we say a sense of ego, we mean prioritising the self. So again, a sense of self will come very much later. That's about 'consciousness.' But is it altruistic or selfish? Or different AI will be different according to its learning process?

- **Do you watch science fiction movies or series like Doctor Who?**

Yes! My children are obsessed with it. It has a lot of things which we think are futuristic or sci-fi. Science fiction is very often good at exploring what's possible, which then becomes science fact. So, not everything is possible. *The Time Machine*, for example, H. G. Wells, we don't think the current physics doesn't have the opportunity to go back in time. And, of course, that's a great theme for a lot of science fiction novels, going back in time. I mean, *Doctor Who* is a time traveller, the *Time Lord*. But I think it's very interesting that science is about imagination and that can first happen inside something like *Doctor Who* or a science fiction story. And one of the things you see, we're already seeing cybernetics taking great advances. So, yeah, scientists' imagination is quite close to a novelist's imagination.

- **But then, if AI or advancements in science can be harmful for the human race in the future, do you think we should curtail this imagination?**

I think you can never do that. So, one strategy is to try and put things back in the box. And I don't think humanity has a very good track record with keeping things in the box. I think the best thing is to let these things out of the box and then, for us to understand how do we limit the bad and profit from the good. I don't think I would want to have not discovered what gets released by splitting an atom. But that can be used to solve the energy crisis and climate change. Or it could be used to blow us all up. But it's about what we do with 'that technology.' My belief is always that we should not ever limit discovery but we should limit what we do with 'that discovery.'

- **Okay, do you believe that there's a theory that there's a left brain and right brain function. The right brain, I believe, is for creativity or logic. Do you believe maths comes only for those who are more left- brain oriented?**

So, first of all, this science of left brain, right brain has been shown to be incorrect. I mean it's true that language is more located in the left brain, the *Broca* area. I've made quite a few programs for the BBC about the brain. There's much more fluidity between the sides of the brain. So, if one side of the brain gets damaged, very often, it can recover and replace activity in the other side of the brain. Language seems to be very localized in the left. Now you're right, there does seem to be more emphasis towards, for example, the imagination and solving new problems seems to be a right brain activity. And actually, there's a pattern recognition. And so, mathematics is actually quite a right brain activity, interestingly. So not a language side, but more about new environments, where often we see right brain activity. And interestingly, right brain controls left hand. I think there's evidence that there are more left-handed mathematicians than you would have in a normal population. But I think one has to be very careful because we've seen that the brain is not as cleanly divided up as we thought it was in a left-right brain.

- **How can you get students, who don't love maths in a later stage of life, to actually fall in love? Let's say quadratic equations, you know, all those complicated math, how do you get them to love math?**

I think coming back to mathematics again that you didn't get the first time, for example, quadratic equations, you didn't get it the first time, but we're a bit like rabbits in a headlight. You know, we freeze. But then, when you come to it again, you say, I don't understand why I found that so frightening. So, going back to something, very often, can relax you and you can find a new way in. In fact, I'm a big supporter of actually redoing years. There's no point going on if you've failed the year. Much better to redo it rather than crashing on and getting more and more anxious. But I think, you know, our brains maturate. They get more sophisticated. And somebody who's 18, for example, will begin to understand why the things that they were learning might be important for what they're doing. So, for example, in London, the University of the Arts London, where a lot of artists go to train, there's a course which is Maths for Artists. It is the fastest course to be signed up for. Because by then, the artists who are 18, 19, 20 realise, 'Oh my gosh, to make this thing or to plan this thing, or I want to make something with this particular structure.' And they realise, 'Oh my gosh, but I actually need maths to this.' Then, they are suddenly trying to make things, for which they need mathematical ideas. And so, they go, if only they told me that when I was 11, I might have concentrated but I thought it was nothing to do with what I love, which is painting or architecture. My books are mostly written for adults, for those, whom I want to value the maths, such that it changes the culture and it feeds down to their kids or their employees, and they value maths and realise, 'No, no, having somebody, who thinks mathematically, is a very powerful team player.'

- **Someone once said that you should always let your children take a business course to learn about life.**

I don't know. I've heard less, I've heard a movement away from that. That actually, it's much better. I've heard more and more people saying don't do MBAs and things like this. That actually, it's teaching a very set way of thinking. Actually, better to do something very, just expanding the mind. Go, do philosophy, instead and expand the mind. I would prefer you not to go and do a business degree. Go and do a maths degree. It makes you think about solving problems. Then, go and work in a business. Don't go and learn a business degree. I think that's a terrible waste of an opportunity.

**Concluded**

rajeshsharma1049@gmail.com

#CHIT-CHAT



Marcus du Sautoy.

> I think coming back to mathematics again that you didn't get the first time, for example, quadratic equations, you didn't get it the first time, but we're a bit like rabbits in a headlight. You know, we freeze. But then, when you come to it again, you say, I don't understand why I found that so frightening. So, going back to something, very often, can relax you.



Marcus du Sautoy with Maisie Williams.



Varghese K. George, Pavan K. Varma, Marcus Du Satoy.

#EVOLUTION

# Best Yoga Poses For Brain Fog



## As refreshing as a cold shower

Brain fog always seems to strike at the worst possible moment. It creeps in right when you're trying to work on a project or give a presentation on Zoom, making it impossible to focus. It can also wreak havoc on your ability to stay organized or remember where you put your keys. Luckily, there are quite a few *yoga poses* that'll help, by providing a much-needed dose of mental clarity.

For a quick rundown, brain fog is often described as a fuzzy-headed feeling that impacts your ability to focus or think clearly. A bout of brain fog can be a side effect of stress, lack of sleep, or burnout, among other things.

Read on for the best yoga poses to clear brain fog.



### Savasana

Corpse pose, or *savasana,* is like a mini nap for the brain. This position calms the nervous system and quiets the mind so that you feel more focused, once you get up.

- Lie on your back.
- Place a folded blanket under your head.
- Keep your face parallel to the ceiling and your chin slightly tucked.
- Extend your legs out about hip-distance apart.
- Rest your arms a few inches from your torso, with palms facing upward.
- Stay for five to ten minutes.

### Child's Pose

*Child's pose* is the perfect mix of relaxing and reinvigorating. It helps quiet your mind while providing a full-body stretch to help you wake up.

- Start on your hands and knees.
- Widen your knees and bring your big toes to touch.
- Sit your hips back on your heels.
- Reach forward and lay your abdomen inside your thighs.
- Extend your arms fully, lengthening your torso.
- Let your forehead rest on the mat.
- Stay for one to three minutes while breathing deeply.

### Downward Dog



An inverted pose like *downward dog* will combat brain fog by boosting circulation throughout your body. Plus, it can help you to relax and de-stress, reducing the likelihood of brain fog in the future.

- Start on your hands and knees on your yoga mat.
- Press into your palms and the bottoms of your feet.
- Lift your hips up towards the ceiling.
- Straighten your arms and legs without locking them so that your body forms an upside-down V-shape.
- Hold for 30 to 60 seconds.

### Supported Bridge Pose

*Bridge pose* is one of the very best, when it comes to reducing anxiety and relieving stress so that you're more able to focus.

- Lie on your back with your knees bent.
- Lift your hips up by pressing into your feet.
- Place a bolster or blanket under your pelvis to hold you up.
- Rest your arms at your sides or bend them into a cactus shape, with your elbows level with your armpits.
- Tuck your chin slightly towards your chest.
- If your lower back is uncomfortable, extend your legs forward.
- Stay for three to five minutes.

### Lotus Pose

Yoga teachers recommend *lotus pose* to relieve stress, aka one of the main causes of brain fog. This meditative posture is also a good one to help you gain mental clarity.

- Sit on the floor with your legs extended straight in front of you.
- Bend your right knee and bring your heel in as close to your pubic bone as possible.
- The sole of your right foot should be facing up, as you place the top of your foot on your left hip crease.
- Bend your left knee and bring your left heel as close to your pubic bone as possible.
- The sole of your left foot should also be facing upward.
- Ensure that both of your knees are as close to the floor as possible, and your feet are positioned close to your abdomen.



- Sit up straight with relaxed shoulders.
- Place your hands on your knees.
- Hold the pose for several deep breaths.

### Head-To-Knee Forward Bend

A head-to-knee forward bend, or *Janu Sirsasana*, is a pose that opens up tight back and hamstring muscles so that you feel refreshed. It also helps calm the central nervous system.

- Sit on your mat with your legs extended in front of you.
- Bend your right leg and fold it out to the side.
- Keep your left leg extended fully.
- Extend your arms and torso over your extended left leg.
- Grab your left foot with your hands.
- Release your head towards your knee.
- Stay for one to three minutes as you focus on your breath.
- Switch sides.

### Legs Up The Wall



Inverted yoga poses, like this *legs up the wall* stretch, will help sharpen your concentration by increasing circulation.

- Start by lying on your back on your yoga mat or bed.
- Shimmy your butt closer to the wall.
- Prop your legs straight up against the wall.
- Point your toes towards the ceiling.
- Relax and focus on your breathing.
- Hold for 30 to 60 seconds.

## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# अपहरण व दुष्कर्म से आहत नाबालिग बेटी और पिता ने आत्महत्या की

## 13 जून को किसान की नाबालिग बेटी का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म किया गया था

- परिजनों का आरोप है कि पुलिस और आरोपियों ने आपस में सांठ-गांठ कर पीड़ित परिवार को लगातार धमका रहे थे
- मृतका ने अपने सुसाइड नोट में लिखा कि आत्महत्या के इस कदम के पीछे मेरे भाइयों का कोई दोष नहीं है और न बाबा का कोई दोष है

**नागौर, (निसं)।** नागौर जिले के जायल उपखंड के खाटू थाना इलाके के एक गांव में दिल दहलाने वाली घटना घटित हुई है। जायल क्षेत्र के गांव के किसान और उसकी 17 वर्षीय नाबालिग बेटी ने मंगलवार को अपने ही घर में फंदा लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली।

जानकारी के अनुसार 13 जून को किसान की नाबालिग बेटी का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म किया गया था। पीड़िता ने घटना के बाद 14 जून को थाने में मुकदमा दर्ज करवाया था। आरोप है कि पुलिस और आरोपियों ने आपस में सांठ-गांठ कर पीड़ित परिवार को ही लगातार धमका रहे थे। सोमवार रात को आरोपी पीड़िता के घर पहुंचकर जान से मारने की धमकी दी। धमकी और थाने में सुनवाई न होने के कारण पीड़िता ने अपने पिता के साथ सुसाइड नोट लिखकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही खाटू थाना पुलिस मौके पर पहुंची। मौका मुआयना करने के दोनों के शवों को पुलिस ने उप जिला चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया। वहीं परिजन बड़ी खाटू थाने के एसएचओ और मांगीलाल व मोतीराम के खिलाफ मामला दर्ज करवाने की मांग कर रहे हैं।

**मरने से पहले लिखा नोट :-** मृतका ने अपने सुसाइड नोट में लिखा कि मांगीलाल चुआ वाले सोमवार को रात 12 बजे घर आए। उनके साथ 2-3 जने और भी थे। उन्होंने जान से मारने की धमकी दी। आत्महत्या के इस कदम के पीछे मेरे भाइयों का कोई दोष नहीं है और न बाबा का कोई दोष है।

**थानाधिकारी पर साठ-गांठ का अरोप :-**मृतका के भाई ने बताया कि 13 जून को मांगीलाल और मोतीराम और अन्य लोग मिलकर मेरी बहन का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म किया। हमने थाने में 14 जून को अपहरण और दुष्कर्म का मामला दर्ज करवाया। उसके बाद तत्कालीन एसएचओ आरोपियों के साथ मिलकर हमारे को ही धमकाते रहे। सोमवार रात आरोपियों ने हमारे घर पर पहुंचकर मेरे चाचाजी और मेरी बहन को जान से मारने की धमकी दी थी। इससे आहत होकर मेरी बहन और मेरे चाचा जी ने आत्महत्या कर ली।

**सुसाइड नोट में नामजद आरोपी गिरफ्तार :-** नागौर जिला पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नागौर जिले के जायल उपखंड के एक गांव में एक पिता और उसकी नाबालिग लड़की के अपने ही घर की छत से लटकर आत्महत्या कर ली। दोनों के शवों को उप जिला चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया गया था। एक संदिग्ध को डीटेन भी किया है। मांगीलाल, मोतीराम सहित अन्य लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कर लिया गया है। थानाधिकारी राधाकिशन मीणा की लापरवाही सामने आई थी। हमने तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया है। मामले का अनुसंधान जारी है।

नागौर पुलिस अधीक्षक ने खाटु बड़ी थाना क्षेत्र के थानाधिकारी को निलंबित कर, मृतकों के शवों का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सुपुर्द किये गये। मामले में आगे की जांच कर दोषी के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल ने भी ट्वीट कर घटना पर संवेदना व्यक्त करते हुए डीजीपी से दूरभाष पर वार्ता कर दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की।

# मांगों को लेकर कई गांवों के सरपंचों ने प्रदर्शन किया

## मांगों के संबंध में मुख्यमंत्री एवं पंचायत राज विकास मंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

- मांगें नहीं माने जाने पर 18 जुलाई को प्रदेशभर की ग्राम पंचायतों के सरपंचों द्वारा विधानसभा कूच की चेतावनी दी
- सरपंचों के द्वारा प्रदेशभर की 11 हजार ग्राम पंचायतों में मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** राजस्थान सरपंच संघ के प्रदेश आव्हान पर गंगापुर सिटी और बामनवास पंचायत समिति की ग्राम पंचायतों में बुधवार को सरपंचों ने अपनी मांगों के संबंध में कलेक्ट्रेट पर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। मांगों के संबंध में मुख्यमंत्री एवं ग्रामीण विकास और पंचायत राज विकास मंत्री के नाम एसडीएम अनूप सिंह को ज्ञापन सौंपा।

सरपंच संघ राजस्थान के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष नेमीचंद मीणा ने बताया कि सरपंचों के द्वारा राजस्थान सरपंच संघ के प्रदेश आव्हान पर प्रदेशभर की 11 हजार ग्राम पंचायतों में मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं। सरपंचों ने पिछले दो वर्षो का रुका हुआ राज्य वित्त आयोग एवं केन्द्र सरकार की राशि जारी करने, ताकि वे गांव का विकास समय पर करा सकें, प्रधानमंत्री आवास सूची की स्वीकृति निकालने और नए नाम जोडने के लिए पुनः आवेदन लेने के लिए पोर्टल खोले जाने, खाद्य सुरक्षा पोर्टल खोलने ताकि गरीब परिवारों के नाम जोड़ा जा सके और जल जीवन मिशन का काम जल्द से जल्द पूरा किए जाने आदि मांगों को पूरा करने की मांग की।

उन्होंने कहा कि यदि उनकी मांगों पर कोई सुनवाई नहीं होती है तो राजस्थान सरपंच संघ प्रदेश आव्हान पर प्रदेशभर के सरपंच12 जुलाई को जिला स्तर पर कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंप कर समस्याओं से अवगत कराया जाएगा और इसके बाद यदि सरकार उनकी सुनवाई नहीं करती है तो 18 जुलाई को प्रदेशभर की ग्राम पंचायतों के सरपंच राजस्थान विधानसभा के लिए कूच करेंगे। मजबूरन सरपंच संघ को आंदोलन की राह चुननी पड़ेगी। महु कलां ग्राम पंचायत में सरपंच लखनलाल सैनी, नर्वदा, कमलेश बाई, मगनबाई, सरोज, लाला गुर्जर, छाबा ग्राम पंचायत पर महेशसिंह जादौन, मैडी में हरिलाल मीणा, बगलाई में अमरसिंह मीणा, बाढ कलां में प्रतिनिधि महेश बैरवा, मोहचा में सरोज देवी, नौगांव में बीना बाई, सलेमपुर में प्रतिनिधि महेश बैरवा, बडौली मोजंती मीणा आदि ने मांगों को पूरा करने की मांग को लेकर नारेबाजी की।

# मिनी उर्स व हाईदौस को लेकर अजमेर पुलिस अलर्ट

## जिला कलेक्टर व एसपी ने दरगाह का जायजा लिया

**अजमेर, (कासं)।** मोहर्रम (मिनी उर्स) पर खेले जाने वाले हाईदौस सहित सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर जिला कलेक्टर डॉ. भारती दीक्षित तथा एसपी देवेंद्र विश्नाई ने बुधवार को ख्वाजा साहब की दरगाह सहित दरगाह के परिधि क्षेत्र का जायजा लिया। मुख्य बाजार और दरगाह क्षेत्र का निरीक्षण कर अधिकारियों को सभी तैयारियां माकूल करने के दिशा निर्देश भी दिए। एसपी विश्नोई ने क्षेत्र की सुरक्षा और व्यवस्था की समीक्षा की और पुलिस अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद करने के दिशा निर्देश दिए।

- तीन शिफ्टों में 1100 पुलिसकर्मी संभालेंगे सुरक्षा व्यवस्था



जिला कलेक्टर डॉ. भारती दीक्षित तथा एसपी ने दरगाह सहित दरगाह के परिधि क्षेत्र का जायजा लिया।

जिला कलेक्टर भारती दीक्षित ने बताया कि मोहर्रम और हाईदोस को देखते हुए दरगाह और आसपास के क्षेत्र का दौरा कर तैयारी की समीक्षा की गई है। दरगाह में आने वाले जायरीन को कोई परेशानी ना हो इसे लेकर सभी अधिकारियों को बेहतर व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर दीक्षित ने बताया कि दरगाह और आसपास के क्षेत्र में जो बिजली के तार लटक रहे हैं उन्हें ठीक करने और सडक़ की मरम्मत के साथ ही नगर निगम को सड़कों की मरम्मत और नालियों की सफाई का काम तथा उचित सफाई बनाए रखने के अधिकारियों को दिशा निर्देश भी दिए।

जिला कलेक्टर के साथ जिला पुलिस अधीक्षक देवेंद्र कुमार विश्नोई ने दरगाह क्षेत्र का जायजा लिया और मोहर्रम और मिनी उर्स के दौरा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के लिए 1100 के करीब पुलिस का जाब्ता तैनात किया गया है। एसपी ने बताया कि विशेष सुरक्षा के लिए 8 एडिशनल एसपी, 13 सीओ, सीआई, सब इंस्पेक्टर सहित अन्य जवानों को तैनात किया गया है। सुरक्षाकर्मी तीन शिफ्ट में सुरक्षा व्यवस्था संभालेंगे। सीसीटीवी के जरिए भी पुलिस के द्वारा निगरानी रखी जाएगी।

# शिक्षक पर जानलेवा हमला करने के मामले में चार जने गिरफ्तार

## पांच दिन पहले स्कूल जा रहे शिक्षक पर लोहे की रॉड से हमला किया था

**सादुलपुर, (निसं)।** घर से स्कूल जा रहे शिक्षक पर पांच रोज पूर्व हुए जानलेवा हमला के मामले में हमीरवास थाना पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी मदलाल बिश्नोई ने बताया कि घटना के बाद जिला पुलिस अधीक्षक जय यादव के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक किशोरी लाल आरपीएस तथा आईपीएस प्रशांत किरण सहायक पुलिस अधीक्षक के सुपरविजन में पुलिस ने आरोपियों की धरपकड़ हेतु विशेष टीम का गठन किया तथा आरोपियों की तलाश के लिए हर संभावित स्थानों पर दबिश दी गई। प्रकरण में संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई तथा घटना से सम्बन्धी सूचना इकट्ठी की गई तथा प्रकरण में शामिल आरोपी नितेश जाट निवासी ढाणी खींवा पुलिस थाना हमीरवास जिला चूरु, राहुल जाट निवासी वार्ड नंबर 13 मलसीसर पुलिस थाना मलसीसर जिला झुंझुनू, अनिल गोदारा जाट निवासी चिमनपुरा पुलिस थाना राजगढ, अंकित उर्फ हाऊ जाट निवासी बिगोवा पुलिस थाना सदर चरखी दादरी हरियाणा को गिरफ्तार किया।

- गिरफ्तार आरोपी नितेश शिक्षक का भतीजा है, पारिवारिक रंजिश के चलते घटना को अंजाम दिया था



हमीरवास थाना पुलिस ने शिक्षक पर जानलेवा हमला करने के आरोपियों को गिरफ्तार किया।

उन्होंने बताया कि आरोपियों से मामले पूछताछ की जा रही है। थानाधिकारी विश्नोई ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी नितेश शिक्षक का भतीजा है तथा पारिवारिक रंजिश के चलते घटना को अंजाम दिया गया था तथा पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच के बाद ही वास्तविक स्थिति का खुलासा हो सकेगा। गौरतलब है 5 जुलाई को शिक्षक सतवीर जाखड़ उम्र 50 साल निवासी ढाणी खीवां ने पर्चा बयान पर मामला दर्ज करवाकर बताया कि डाबली ढाणी से रावतसर कुंजला सड़क पर मोटरसाइकिल से स्कूल जा रहा था। उसी दौरान एक कैंपर गाडी सफेद रंग की आई, जिसमें सवार लोगों ने उसे रोक लिया एवं कैंपर गाड़ी से तीन व्यक्ति उतरे जिनके पास लोहे के सरिया ओर रॉड थे। दो आरोपियों ने मुंह पर कपड़ा बांध रखा था। जीप से उतरते ही आरोपियो ने सरियों ओर लोहे की रॉड से उस पर जानलेवा हमला कर दिया, जिसके कारण उसे गंभीर चोट लगी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शरू की थी।

# हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जमीन विवाद के चलते ट्रैक्टर से कुचल कर महिला की हत्या के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर परिजनों ने एमजी हॉस्पिटल के बाहर प्रदर्शन शुरू कर दिया।

गंगापुर पुलिस के अनुसार बिकराई ग्राम में रहने वाली लाली देवी सुवालका कल अपने खेत पर गई थी। जमीनी विवाद के चलते देवर व ससुर से विवाद हुआ। उसका देवर ट्रैक्टर लेकर आया और अपनी भाभी को कुचल दिया, जिससे महिला की मौत हो गई। इन दोनों परिवारों के बीच लंबे समय से जमीन विवाद चल रहा है। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक देवर राजू सुवालका को पुलिस डिटेन कर लिया और उससे पूछताछ की जा रही है। वहीं बुधवार को पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने एमजी हॉस्पिटल में हंगामा खड़ा कर दिया। परिजनों का आरोप था कि गंगापुर पुलिस मामले में गम्भीरता से जांच नहीं कर रही है। हत्या में प्रयुक्त सभी आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर परिजन प्रदर्शन कर रहे हैं।

- परिजनों ने एमजी हॉस्पिटल के बाहर प्रदर्शन शुरू कर दिया
- जमीन विवाद में ट्रैक्टर से कुचलकर महिला की हत्या का मामला



मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों से समझाइश की।

# बंद ढाबे में फंदे पर लटका मिला अधेड़ का शव

**अजमेर, (कासं)।** केकड़ी जिले के सावर मार्ग पर मीणों का नया गांव के समीप बने बंद पड़े ढाबे में बुधवार को एक अधेड़ का शव फंदे पर लटका हुआ मिला। घटना का पता चलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई, क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव कब्जे में लेकर अस्पताल में जांच के लिए सुरक्षित रखवाया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। ग्रामीणों ने बताया कि सावर मार्ग पर मीणों का नया गांव के समीप बने बंद पड़े ढाबे में एक अधेड़ का शव फंदे पर लटका हुआ था। इसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार बंसल, एएसपी रामचन्द्र सिंह मौके पर पहुंचे और घटना स्थल का जायजा लेकर तथा अधिकारियों से जानकारी ली।

# प्रवेश की समस्या को लेकर स्कूल गेट पर ताला जड़ा

**रेवदर, (नि.सं.)।** रेवदर कस्बे के समीप देवका में स्कूली छात्रों व ग्रामीणों ने प्रवेश की समस्या को लेकर बुधवार को करीब तीन घंटे तक स्कूल गेट पर ताला जड़कर विरोध-प्रदर्शन किया।

ग्रामीणों ने बताया कि देवका की राजकीय स्कूल कक्षा 8 तक है एवं इसके बाद पास ही के जीरावल में सीनियर सैकेंडरी स्कूल पड़ती है, लेकिन महात्मा गांधी अंग्रेजी मीडियम में क्रमोन्नत होने से वहां पर सीटों की संख्या सीमित हो गई। इस कारण यहां से जाने वाले विद्यार्थियों को वहां प्रवेश नहीं मिल पा रहा है। इस कारण प्रतिवर्ष यहां से कक्षा 8 उत्तीर्ण करने वाले छात्रों को प्रवेश को लेकर समस्या का सामना करना पड़ता है। कई छात्राएं इस समस्या के कारण अपनी शिक्षा आगे ग्रहण नहीं कर पाती है और यदि हिन्दी माध्यम में रूपांतरित नहीं होती है तो, हर साल कक्षा 6 व कक्षा 9 में समित सीट होने से समस्या आयेगी। ग्राम पंचायत जीरावल द्वारा पहले भी ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम सिरोही जिला कलैक्टर को दिया गया था, लेकिन अभी तक समाधान नहीं हुआ। मुख्यमंत्री को बच्चों की समस्या को मध्यनजर रखते हुए त्वरित कार्यवाही करने का आदेश करवाना चाहिए। धरने की जानकारी मिलने पर उपखंड अधिकारी सुबोध सिंह चारण, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी पूनम सिंह सोलंकी, पटवारी भंवर विश्नोई मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से समझाइश की। ग्रामीणों को आगामी सोमवार तक जीरावल स्कूल में कक्षा 9 के दो सेक्शन कर छात्रों का प्रवेश करवाने और गुरुवार से विद्यार्थियों को जीरावल स्कूल में अध्ययन शुरू करवाने के आश्वासन पर धरना समाप्त किया गया। इस दौरान प्रकाशराज रावल, सरपंच कांतिलाल कोली, शहिदाराम, मफतराम, लादूराम, अमृतलाल, प्रकाश कोली समेत दर्जनों ग्रामीण व छात्र उपस्थित रहे।

# लापता युवक का शव मिला

**उदयपुर, (कासं)।** भजन मंडली करने के बाद लापता हुआ युवक कमलनाथ पहाड़ी पर एक पेड पर लटका मिला। सूचना मिलने पर पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहन लाल पुत्र भेरालाल वडेरा निवासी खाकड झाड़ोल ने आरोपी थावरचंद सगराम निवासी शालुखेड़ा, शंकरलाल के खिलाफ पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। पीड़ित ने बताया कि 18 जून को आरोपी थावरा व साथी मेरे पिता भूरालाल को घर से बुला गोपी खाकड स्थित महोदव में आयोजित भजन मंडली में ले गए। वहां से वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने गुमशुदगी दर्ज करवाई।

# सूने मकान से लाखों के जेवर व नगदी चोरी

**अजमेर, (कासं)।** अलवर गेट थाना क्षेत्र के प्रताप नगर मेयो लिंक रोड स्थित सूने मकान को चोरों ने अपना निशाना बनाते हुए हाथ साफ कर लिया। चोरों ने सूने मकान से अलमारी में रखी नगदी एवं जेवरात चुराकर फरार हो गए। पीड़ित मकान मालकिन ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अलवरगेट थाने मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने मौका मुआयना कर जानकारी ली।

अलवरगेट थाना क्षेत्र के प्रताप नगर मेयो लिंक रोड निवासी पीड़ित मकान मालिक अलका ने थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। दर्ज रिपोर्ट में पीड़िता ने बताया कि अपनी बेटी के पास जयपुर गई हुई थी। मंगलवार देर शाम जब वह अपने दामाद प्रदीप और बेटी के साथ वापस अजमेर घर लौटीं तो गेट का ताला और कमरों के ताले टूटे मिले। अलमारी के ताले भी टूटे हुए थे और सामान कमरे में बिखरा पड़ा था।

- अपनी बेटी के पास जयपुर गई हुई थी पीड़िता

उन्होंने बताया कि चोरी की सूचना अलवर गेट पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना किया। पीड़ित महिला अलका ने पुलिस को बताया कि अज्ञात चोर घर से नगदी और सोने-चांदी के जेवरात चुरा ले गए हैं। पीड़ित महिला के दामाद जमाई प्रदीप ने बताया कि उनकी सास जयपुर में उनके पास इलाज के लिए आई हुई थी, इस दौरान चोरों ने मौका पाकर चोरी की वारदात अंजाम दे डाली। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

# फार्म हाउस से शराब जब्त, एक गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** सुखेर थाना पुलिस ने मुणवास क्षेत्र में स्थित फार्म हाउस पर दबीश देकर अस्सी हजार रूपये की अवैध शराब जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया। सुखेर थाना एएसआई हरीशचंद्र सनाढ्य मय टीम को मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर मूणवास स्थित फार्म हाउस में अवैध शराब पड़ी होने की सूचना मिली। इस पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच कर दबीश दी। जहां मौजूद व्यक्ति ने अपना नाम मणीराम रावत बताया। फार्म हाउस की तलाशी ली तो अस्सी हजार रूपये की अवैध शराब मिली। पूछताछ करने पर मणीराम ने बताया कि उक्त शराब फार्म हाउस मालिक मनोज बागड़ी की होकर उनके कहे अनुसार यहां रखना बताया। इस पर शराब जब्त कर आरोपी मणीराम को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया है।

# श्रमिकों ने मांगों को लेकर प्रदर्शन किया, सौंपा ज्ञापन

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिला कलेक्टर कार्यालय के बाहर भारतीय ट्रेड यूनियन केंद्र सीटू की ओर से प्रदर्शन कर एक मांग पत्र दिया गया।

प्रांतीय प्रतिनिधि ओमप्रकाश देवानी ने बताया कि राज्य स्तरीय मांग पत्र में सरकार द्वारा लेबर कोड कानून वापस लेने, न्यूनतम वेतन 26000 पर लागू करने, समान काम समान वेतन देने, ठेका प्रथा को बंद करने, आंगनबाड़ी योजना कर्मियों को स्थाई करने, निर्माण श्रमिकों की योजनाओं की सहायता लागू करने, भीलवाड़ा को टेक्सटाइल पार्क लागू किया जाए आदि मांगों को लेकर ज्ञापन दिया गया। देवानी ने बताया कि भीलवाड़ा में टेक्सटाइल प्रबंधकों द्वारा श्रमिकों को बिना उनका हिसाब दिए बगैर संस्थाओं को बंद किए जाने पर श्रमिकों ने आक्रोश व्यक्त किया।

भीलवाड़ा स्थित मयूर फैब्रिक के प्रबंधक ने संस्थान को बंद कर दिया और श्रमिकों का भुगतान नहीं किया गया, इसी प्रकार अजय सिंटेक्स द्वारा अपने संस्थान की मशीनों को बेच दिया। श्रमिकों को अवैध रूप से सेवा पृथक कर दिया, सूरज यूनिवर्सल के श्रमिकों को भी प्रबंधन ने उनका समस्त हित लाभ का भुगतान नहीं दिया, एलडी शूटिंग ने भी अपनी संस्थान की मशीन बेच दिया और श्रमिकों को सेवा पृथक कर दिया।




जिला कलेक्टर कार्यालय के बाहर भारतीय ट्रेड यूनियन केंद्र सीटू की ओर से प्रदर्शन किया गया।

इस प्रकार भीलवाड़ा में टेक्सटाइल के मालिकों द्वारा बिना किसी युक्तियुक्त कारण के श्रमिकों को सेवाओं का लाभ नहीं देकर कार्य से बेदखल किया जाता है, इन सब चीजों को लेकर श्रमिकों में भारी आक्रोश रहा उन्होंने जिला कलेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन दिया गया। इस दौरान टेक्सटाइल श्रमिक यूनियन के अध्यक्ष सोनू शर्मा, हकीम शीशराम, गणेश गहलोत, सोनू माली, भैया लाल, सुरेंद्र बिश्नोई, अनार सिंह, भेरूलाल, सद्दाम हुसैन, नानूराम, मोतीलाल, नरेंद्र मराठा, विमला बिश्नोई, चंदादेवी माली, कुलदीप जैन, वशिष्ठ कुमार, भागीरथ, लोकेश महावर, जितेंद्र शर्मा ने आक्रोश व्यक्त किया।

## संक्षिप्त

### पंप चालकों को नियमित करने की मांग

**दूदू, (निसं)।** जिले के अधीन विभिन्न ग्राम पंचायतों में संचालित जनता जल योजना के तहत कार्यरत पंप चालकों के प्रतिनिधिमंडल ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर एवं जलदाय विभाग के उच्च अधिकारियों को ज्ञापन पेश कर कार्यरत पंप चालकों को नियमित करने की मांग की है। पंप चालकों ने ज्ञापन में अवगत कराया की वर्ष 1994 से लगातार जनता जल योजना में पंप चालक कार्य कर रहे हैं लेकिन आज तक नियमित नहीं किया गया है। इस अभाव में पंप चालकों को आर्थिक रूप से नुकसान उठाना पड रहा है। इस दौरान जिला अध्यक्ष मुकेश कुमार पदाधिकारी बृजमोहन रामेश्वर लाल मेवाराम जगदीश चंद्र कैलाश चंद भागचंद सहित पंप चालक मौजूद रहे।

### समस्याओं के निराकरण की मांग

**दूदू, (निसं)।** सरपंच संघ राजस्थान के आव्हान पर बुधवार को जिले के अधीन संचालित पंचायत समिति दूदू एवं मोजमाबाद के सरपंचों के प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्षों के नेतृत्व में मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार के नाम समस्याओं के मांग पत्र का ज्ञापन उपखंड अधिकारियों को सौंप समस्याओं के निराकरण करने की मांग की है। दूदू पंचायत समिति सरपंच संघ अध्यक्ष भंवरी देवी भाकर के नेतृत्व में उपखंड अधिकारी दूदू योगेश सिंह देवल व मोजमाबाद उपखंड अधिकारी बलवीर सिंह को ज्ञापन पेश कर समस्याओं के निराकरण की मांग की है तथा मांगे स्वीकार नहीं करने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई है। इस दौरान क्षेत्र के सरपंच संतोष अहलावत गणेश डाबला शिवजी रामखुडरिया मेवाराम गुर्जर भी मौजूद रहे।

### निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर कल

**श्रीमाधोपुर, (निसं)** आई रिसर्च सेंटर सोसाइटी एवं जिला स्वास्थ्य समिति अंधता जयपुर के सहयोग से लायंस क्लब श्रीमाधोपुर की ओर से 12 जुलाई शुक्रवार को सहाय हॉस्पिटल जयपुर के सानिध्य में राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीमाधोपुर में सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12 बजे तक निःशुल्क नेत्र चिकित्सा एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर लगाया जाएगा। क्लब के अध्यक्ष सीताराम सैनी पूर्व वैज्ञानिक के अनुसार नेत्र रोगियों की जांच कर अनुभवी डॉक्टरों द्वारा आधुनिक तकनीकी से बिना टांके मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया जाएगा। मोतियाबिंद का ऑपरेशन करवाने वाले रोगियों को चश्मा, भोजन एवं रहने की व्यवस्था निःशुल्क रहेगी। रोगी अपने साथ वोटर पहचान पत्र अथवा राशन कार्ड की कॉपी साथ अवश्य लाएं।

### अरण्य उद्यान में लता मंडप का निर्माण

**कोटपूतली, (निसं)।** स्थानीय राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविद्यालय के अरण्य उद्यान सं. 3 में बुधवार को वनस्पति विभागाध्यक्ष डॉ. अमित शर्मा द्वारा लता मंडप का निर्माण किया गया। जिसका उद्घाटन प्राचार्य डॉ. आर. के. सिंह व राजस्थान विश्वविद्यालय के वनस्पति विभागाध्यक्ष डॉ. रामावतार शर्मा ने किया एवं बेल लगाकर महाविद्यालय को समर्पित किया। डॉ. अमित शर्मा ने कहा कि लता मंडप के निर्माण के पीछे मेरे प्रेरणा स्रोत सेवानिवृत्त आचार्य डॉ. सूर्यप्रताप सिंह राठौड हैं। जिनका महाविद्यालय के हरे-भरे परिसर को बनाने में अविस्मरणीय योगदान है। प्राचार्य डॉ. आर. के. सिंह ने कहा कि इस तरह की नवीन पहल महाविद्यालय के सभी संकाय सदस्यों व विद्यार्थियों के लिए अनुकरणीय है।

### उपखंड स्तरीय जनसुनवाई आज

**बौंली- बामनवास, (निसं)।** सवाई माधोपुर जिले में नवीन त्रिस्तरीय जनसुनवाई की व्यवस्था अनुपालन में उपखंड स्तरीय जनसुनवाई माह के द्वितीय गुरुवार 11 जौलाई को प्रातः 11 बजे की जाएगी। इस दौरान मलारना डूंगर उपखंड मुख्यालय पर जिला कलेक्टर डॉ खुशाल यादव की अध्यक्षता में सवाई माधोपुर उपखंड मुख्यालय पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर जगदीश आर्य की अध्यक्षता में, बौंली उपखंड मुख्यालय पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी हरिराम मीणा की अध्यक्षता में, खंडार उपखंड मुख्यालय पर उपनिदेशक उद्यान विभाग सवाई माधोपुर की अध्यक्षता में एवं चौथ का बरवाड़ा उपखंड मुख्यालय पर संयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग की अध्यक्षता में उपखंड स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

# जी.पी.एफ. खाता आवंटित करने व सी.पी.एफ. कटौती बंद करने की मांग



विद्युत निगमों के कार्मिकों ने उपखंड अधिकारी सुरेश कुमार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

■ विद्युत तकनीकी कार्मिकों ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**निवाई, (निसं)।** राजस्थान विद्युत तकनीकी कर्मचारी एसोसिएशन द्वारा विद्युत निगमों के कार्मिकों ने बुधवार को पुरानी पेंशन योजना के अन्तर्गत जीपीएफ खाता आवंटित करने एवं सीपीएफ कटौती बंद करने की मांग को लेकर उपखंड अधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन कर उपखंड अधिकारी सुरेशकुमार हरसोलिया को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन में बताया कि राजस्थान सरकार द्वारा राजस्थान राज्य के पांचों विद्युत निगमों के कर्मचारियों के लिये पुरानी पेंशन योजना लागू करने के आदेश जारी किये गये है। इस आदेश के तहत पुरानी पेंशन योजना का विकल्प चुनने वाले सेवानिवृत कर्मचारियों के जीपीएफ खाता संख्या आवंटित कर पेंशन जारी की चुकी है एवं 2023 के बाद नियुक्त कार्मिकों के भी जीपीएफ खाता आवंटित कर दिये गये है लेकिन सेवारत कर्मचारियों की सीपीएफ कटौती बंद नहीं की गई एवं ना ही जीपीएफ खाता नम्बर आवंटित किये गये है। जिससे कर्मचारियों में विद्युत निगम प्रबन्धन के प्रति गहरा आक्रोश है। तकनीकी कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन योजना लागू करवाने सहित इंटर डिस्कॉम स्थानान्तरण नीति बनवाने, आरजीएचएस योजना को विद्युत निगम कार्मिकों पर राज्य सरकार के कार्मिकों कि समरूप लागू करवाने, आईटीआई होल्डर कार्मिकों के लिये वर्ष 2018 से लागू टाईम बाऊड पद-अपग्रेडेशन का लाभ ज्वाईनिंग तिथि से लागू करवाने एवं रेलवे की तर्ज पर निगम के तकनीकी कार्मिकों के लिये हार्ड ड्यूटी अलाऊंस लागू करवाने आदि मांगों के लिये उपखण्ड कार्यालय में ज्ञापन दिया है।

**पावटा, ।** पुरानी पेंशन योजना के तहत जीपीएफ खाता आंवटित करने एवं सीपीएफ बंद करने की मांग को लेकर विद्युतकर्मियों ने मुख्यमंत्री के नाम पावटा तहसीलदार प्रवीण सैनी व चेयरमेन डिस्कॉम विद्युत भवन ज्योति नगर जयपुर के नाम पावटा सहायक अभियंता संजीव जाखड को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौपते हुए राजस्थान विद्युत तकनीकी कर्मचारी एसोसिएशन खंड महासचिव देवीलाल जाखड, उपखंड अध्यक्ष पंकज गढवाल, हरिसिंह यादव, जयराम जाट, मुकेश यादव, मुकेश चौहान, देशराज रावत, राजेश सैनी, विक्रम जाट रमेश कुमार छाजुराम यादव रामकरण यादव, कैल्शियम यादव, मुकेश सिंह, अभिषेक सहित विद्युतकर्मियों ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से 1 अप्रैल 2023 से बिजली कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना लागू की गई थी। जिसकी पालना में पुरानी पेंशन योजना का विकल्प चुनने वाले सेवानिवृत कर्मचारियों के जीपीएफ खाता संख्या आवंटित कर पेंशन जारी की जा चुकी है एवं 2023 के बाद नियुक्त कार्मिकों के भी जीपीएफ खाते आंवटित कर दिए हैलेकिन सेवारत कर्मचारियों की सीपीएफ कटौती बन्द कर जीपीएफ खाते आंवटित नहीं किए है।

# वीकेआई में ट्रांसफार्मर फैक्ट्री में लगी भीषण आग

■ बीस दमकलों ने डेढ़ घंटे में पाया आग पर काबू

■ बस्सी इलाके में तुंगा रोड पर कपड़े के शोरूम में आग लगी

**जयपुर।** विश्वकर्मा थाना इलाके में देर शाम बुधवार को एक ट्रांसफार्मर फैक्ट्री में अचानक आग लग गई। आग की सूचना पर वीकेआई, बनीपार्क, मानसरोवर, बाइस गोदाम और झोटवाड़ा से करीब बीस दमकलें मौके पर पहुंची और डेढ़ घंटे के अथक प्रयास के बाद आग पर काबू पाया। आग से लाखों रुपए का तैयार और कच्चा माल जल गया। आग का प्राथमिक कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

पुलिस के अनुसार वीकेआई रोड नंबर 14 पर स्थित एक ट्रांसफार्मर फैक्ट्री में बुधवार शाम करीब 5.51 बजे अचानक आग लग गई। आग ने कुछ ही समय में विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटें करीब एक किमी दूर से नजर आ रही थी। फैक्ट्री से निकले धुएं के चलते आस-पास के लोगों को सांस लेने में परेशानी का सामना करना पड़ा। आग की सूचना पर वीकेआई से 9, बनीपार्क, मानसरोवर, बाइस गोदाम और झोटवाड़ा से 2-2 दमकल मौके पर पहुंची। इन दमकलों को पानी के लिए चक्कर भी लगाने पड़े। आग लगने के बाद पुलिस ने इलाके की विद्युत आपूर्ति भी बंद करवा दी।

एएसआई बजरंग सिंह ने बताया कि वीकेआई रोड नंबर 14 पर एक ट्रांसफार्मर फैक्ट्री में जोरदार आग लग गई थी। आग का प्राथमिक कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। आग लगने के दौरान फैक्ट्री में काम चल रहा था। आग लगने पर सभी कर्मचारी सकुशल बाहर निकल आए। आग से कोई हताहत नहीं हुआ। ट्रांसफार्मर में डाले जाने वाले ऑयल से चलते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया था। वहीं दूसरी ओर बस्सी थाना इलाके में मंगलवार देर रात तुंगा रोड पर एक कपड़ों में शोरूम में आग लग गई। आग से लाखों रुपए के कपड़े जल कर राख हो गए। आग की सूचना पर घाटगेट फायर स्टेशन से दमकल की दो गाड़ियां मौके पर भेजी गई। दमकलों ने करीब तीन घंटे में आग पर काबू पाया। पुलिस ने बताया कि मंगलवार रात साढ़े 11 बजे मंगलम शोरूम में आग लग गई। सूचना पर दमकल और पुलिस जाप्ता मौके पर पहुंचा।

# पेपर लीक के मामले में सुरेश ढाका के खिलाफ एक और मुकदमा होगा दर्ज

**जयपुर।** पेपर लीक मामले में फरार चल रहे मुख्य आरोपी सुरेश ढाका के खिलाफ एसओजी एक और मुकदमा दर्ज कराएगी। वहीं उसके खिलाफ सुखेर थाना पुलिस के प्रकरण में गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ है। एटीएस-एसओजी के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक वी.के. सिंह ने बताया कि पेपर लीक मामले में फरार अभियुक्त सुरेश कुमार ढाका के सांचौर स्थित गंगासरा गाँव की सम्पत्ति को कुर्क होने की कार्यवाई पूरी कर ली गई है।

उदयपुर के न्यायालय में सुरेश कुमार ढाका के खिलाफ अलग से एक और प्रकरण दर्ज करने का प्रार्थना पत्र अनुसंधान अधिकारी एसओजी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रकाश कुमार शर्मा ने विशेष लोक अभियोजक भंवर सिंह चौहान के मार्फत पेश किया है। इस पर 18 जुलाई को सुनवाई होगी।

मामले में फरार अभियुक्त प्रदीप खींचड़, जोगेन्द्र उर्फ जोगा उर्फ बंटी, सुरेश पुत्र रामलाल बिश्नोई और नेताराम कलबी के विरूद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है।

फरार अभियुक्त सुरेश कुमार ढ़ाका के खिलाफ भी सुखेर थाना पुलिस के प्रकरण में भी गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ है। अनुसंधान अधिकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनराज ने आरोपी रमेश कुमार जाट उर्फ गजराज पुत्र लिछमण राम जाट व मनोज कुमार जाट पुत्र शिवचन्द जाट को गिरफ्तार किया था। आरोपियों को कोर्ट में पेश कर पूछताछ के लिए 15 जुलाई तक पुलिस रिमाण्ड पर लिया है।

# डेल्फिक आंदोलन से जीवंत हो रही प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत : श्रेया गुहा




राजस्थान डेल्फिक काउंसिल का तृतीय स्थापना दिवस कार्यक्रम बुधवार को जयपुर में आयोजित हुआ।

■ 'राजस्थान कला एवं संस्कृति को बढ़ावा देने वाला देश का पहला पंजीकृत क्षेत्रीय डेल्फिक परिषद'

**जयपुर ।** राजस्थान डेल्फिक काउंसिल का तीसरा स्थापना दिवस कार्यक्रम बुधवार को राजधानी में आयोजित किया गया। काउन्सिल की अध्यक्ष श्रेया गुहा ने बताया कि काउन्सिल गत तीन वर्षों में प्रदेश में युवाओं को राज्य की लोक, कला, संगीत की सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने में सफल रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में डेल्फिक आन्दोलन के ज़रिये डेल्फिक कलाओं (शास्त्रीय संगीत, भारतीय फ़िल्म संगीत, लोकप्रिय संगीत, शास्त्रीय नृत्य, लोक नृत्य, समकालीन नृत्य, फोटोग्राफी) के प्रति युवाओं की भागीदारी को बढाने के लिए छह नये डेल्फिक क्लब का भी गठन किया गया है। जिसके ज़रिये कला व संस्कृति के प्रदर्शन के लिए युवाओं को अंतर्राष्ट्रीय मंच प्रदान किया जा रहा है।

कार्यक्रम में भारतीय डेल्फिक काउन्सिल के अध्यक्ष रिटायर्ड आई.ए.एस. अधिकारी एन.एन. पांडेय ने कहा कि राजस्थान कला एवं संस्कृति को बढ़ावा देने वाला देश का पहला क्षेत्रीय पंजीकृत डेल्फिक परिषद है। आज डेल्फिक आंदोलन में राजस्थान ने देश को नयी राह दिखाई है, जिसका अनुसरण अन्य राज्यो को भी करना चाहिए। उन्होंने गत वर्षों में राजस्थान डेल्फिक काउंसिल द्वारा लोक कला और संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में किए गये प्रयासों के लिए काउन्सिल की अध्यक्ष श्रेया गुहा सहित पूरी टीम के प्रयासों की सराहना की।

कार्यक्रम में न्यूयोर्क से अंतराष्ट्रीय डेल्फिक काउंसिल की प्रतिनिधि रोबेटा विलियम ने भी हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि राजस्थान डेल्फिक काउंसिल के द्वारा वैश्विक स्तर पर अन्य देशों को राज्य की प्राचीन कला, संस्कृति, नृत्य व संगीत शेली को जानने का अवसर मिल रहा है। कार्यक्रम में द्वारा लोक कलाओं के प्रोत्साहन के लिए आयोजित किए गये कार्यक्रमों शरद रंग, मोमासर, रंग मस्ताने की भी झलकियाँ प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर भारतीय डेल्फिक काउन्सिल के उपाध्यक्ष अजय मिश्रा, महासचिव राजेश प्रसाना भी वर्चुअल्ली जुड़े। इसके साथ ही राजस्थान डेल्फिक काउंसिल के महासचिव डॉ. जितेंद्र सोनी (आई.ए.एस.) काउन्सिल के सदस्य कीर्ति शर्मा, शिप्रा शर्मा, नवीन त्रिपाठी, राहुल सूद भी उपस्थित रहें।

# 'बजट से आम कर्मचारी खाली हाथ'

**जयपुर।** विधानसभा में बुधवार को पेश किए गए बजट 2024 में बहुसंख्यक अल्प वेतन भोगी कर्मचारियों के लिए कुछ भी नहीं है। राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री देवेन्द्र सिंह नरूका ने कहा कि एक जनवरी 2004 के बाद नियुक्त कर्मचारी सरकार की मंशा जानने की अपेक्षा रखते थे। सभी घोषणाएं कर्मचारियों के एक बहुत छोटे से वर्ग को लाभान्वित करती है। सेवानिवृत्ति पर ग्रेच्युटी की राशि 20 लाख से बढ़कर 25 लाख करना भी इसी प्रकार की घोषणा है। इसमें वे अधिकारी लाभान्वित होंगे जिनका सेवानिवृत्ति पर मूल वेतन 80000 से अधिक है। इसी प्रकार 30 जून 2023 से सेवानिवृत होने वाले कार्मिकों को एक वेतन वृद्धि का लाभ दिया जाना भी बहुत कम कार्मिकों को प्रभावित करेगा। आरजीएच में आरजीएचएस में पेंशनर्स को आउटडोर ट्रीटमेंट में 30000 की बजाय 50000 की सुविधा दिया जाना स्वागत योग्य कदम है। लेकिन गंभीर बीमारियों में कर्मचारी एवं पेंशनर्स के इंडोर में भर्ती रहने की अवधि में कोई वृद्धि नहीं की गई है।

# 'स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए अब तक का सर्वाधिक बजट'

**जयपुर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा कि राज्य सरकार का वित्तीय वर्ष 2024-25 का परिवर्तित बजट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विकसित भारत-2047 की परिकल्पना को मूर्तरूप देने की दिशा में बड़ा कदम है। विकसित भारत को लेकर बजट में दिए गए 10 संकल्प विकास के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। स्वास्थ्य सेवाओं के उन्नयन के लिए 8.26 प्रतिशत बजट प्रावधान रखना यह इंगित करता है कि राज्य सरकार चिकित्सा क्षेत्र को लेकर बेहद संवेदनशील है। चिकित्सा मंत्री ने स्वास्थ्य के लिए अब तक का सर्वाधिक बजट प्रावधान रखे जाने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है।

चिकित्सा मंत्री ने कहा है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में बजट में स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, पानी, उद्योग, कृषि, आधारभूत ढांचे, पर्यटन सहित सभी क्षेत्रों के लिए महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं, जो न केवल प्रदेश के विकास को गति देंगी, बल्कि विकसित राजस्थान के हमारे संकल्प को भी साकार करेंगी। विरासत और विकास के बेहतर समन्वय की सोच के साथ लाया गया यह बजट जन उम्मीदों को पूरा करने वाला है। उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री दिया कुमारी ने 53 हजार किलोमीटर सड़क विकास, 4 लाख पदों पर भर्तियां करने, 6 वृहद पेयजल परियोजनाएं शुरू करने, विभिन्न क्षेत्रों में कामकाज को सुगम बनाने के लिए नई नीतियां लाने जैसी घोषणाएं की हैं। ये घोषणाएं प्रदेश को आगे बढ़ाने के लिए मील का पत्थर साबित होंगी। खींवसर ने कहा कि बजट में स्वास्थ्य के क्षेत्र के लिए 27 हजार 660 करोड़ रूपए का प्रावधान रखते हुए कई जनोन्मुखी घोषणाएं की गई हैं, जिनसे आमजन को गांव-ढाणी तक सुगमतापूर्वक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी। मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना में शिशुओं के उपचार के लिए पैकेज जोड़ने, अस्पतालों के एम्पेनलमेंट के नियमों को सरल करने, मातृ स्वास्थ्य सेवाओं की मजबूती के लिए मा वाउचर योजना लागू करने, चिकित्सकों के 1500 व 4 हजार नर्सिंगकर्मियों के पदों का सृजन, मा हैल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर मिशन तथा बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए राजस्थान डिजिटल हेल्थ मिशन शुरू करने, हर विधानसभा क्षेत्र में आयुष्मान मॉडल सीएचसी स्थापित कर सुविधाओं में बढ़ोतरी एवं मोर्चरी निर्माण करने सहित कई अहम घोषणाएं बजट में की गई हैं। जिनसे स्वास्थ्य सेवाओं का उत्थान होगा ।

# लग्जरी कारों का झांसा देकर ठगी करने वाला इनामी बदमाश उदयपुर से गिरफ्तार

■ आरोपी एक साल से दाढ़ी बढ़ाकर उदयपुर में रह रहा था

■ गाड़ी को सरकारी दफ्तरों और खुद की ट्रेवल एजेंसी में लगाने का झांसा देता था।

■ आरोपी के कब्जे से पुलिस ने लाइसेंस रिवॉल्वर, पासपोर्ट और महंगे फोन बरामद किए हैं।

**जयपुर।** विधायकपुरी थाना पुलिस ने लग्जरी कारों का मालिक बनने का सपना दिखाकर लोगों से ठगी करने वाले एक साल से फरार चल रहे पच्चीस हजार रुपये इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी एक साल से दाढ़ी बढ़ाकर उदयपुर में रह रहा था। पुलिस को आरोपी के बारे में जानकारी मिलने पर उदयपुर से पकड कर जयपुर लाई है। फिलहाल उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण दिगंत आनंद ने बताया कि विधायकपुरी थाना पुलिस ने बदमाश भानूप्रताप सिंह चारण निवासी निवासी पादुकलां जिला नागौर हाल झोटवाड़ा जयपुर को गिरफ्तार किया है। आरोपित परिचितों को लग्जरी कारों का मालिक बनने का सपना दिखाकर उनको लूटता था। गाड़ी को सरकारी दफ्तरों और खुद की ट्रेवल एजेंसी में लगाने का झांसा देता था। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने लाइसेंस रिवॉल्वर, पासपोर्ट और महंगे फोन बरामद किए हैं। इस संबंध में विधायकपुरी थाने में साल 2023 में धोखाधड़ी की तीन एफआईआर दर्ज हुई थी। एफआईआर दर्ज होने के बाद आरोपी फरार हो गया था। इस पर डीसीपी साउथ की ओर से बदमाश पर 25 हजार रुपए का इनामी जारी किया गया था। बदमाश भानूप्रताप सिंह चारण के खिलाफ पीड़ितों ने शिकायत दी थी कि ट्रेवल कंपनी जोवियल क्लब लोगों को घूमने के पैकेज उपलब्ध करवाती है। विभिन्न सरकारी विभागों में कमिशन पर गाड़ियां लगाने का झांसा देकर मुख्य आरोपी भानू प्रताप सिंह चारण उर्फ भानू और उसके साथी रामावतार सैन व नितिन पाटनी ने पीड़ित के नाम से फाइनेंस पर लग्जरी गाड़ियां निकलवा ली। आरोपी द्वारा उनको 25-25 हजार रुपए प्रतिमाह और 1-1 लाख रुपए डाउन पेमेंट सहित लोन की किश्तें जमा करवाने का झांसा दिया। पीड़ितों के नाम से फाइनेंस पर गाड़ियां निकलवाने के बाद उन गाड़ियों को विभिन्न सरकारी दफ्तरों, ट्रेवल आदि के टेंडर में लगाने के नाम पर उसी दिन वापस ले ली। आरोपी ने सोची समझी साजिश के तहत गाड़ियों की शुरुआती 4-5 किश्तें तो सम्बन्धित बैंक में जमा करवाई। फिर किश्तें जमा करवाना बंद कर दिया। जब बैंक ने कार से मूल मालिक को लोन किश्तें जमा करवाने के लिए कहा तो पीड़ितों ने आरोपी से सम्पर्क किया। आरोपी ने किश्तें जमा करवाने की बजाय उनके नाम से ली गई कारें गायब करा दी। इस पर पीड़ितों ने विधायकपुरी थाने में मामला दर्ज करवाया।

## सार-समाचार

### प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकली कलश यात्रा



**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** कस्बे मे सीकर बाजार में नवनिर्मित मुरली मनोहर मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भव्य कलश यात्रा का आयोजन हुआ। भव्य कलश यात्रा सीकर बाजार में नौलखा कोठी से बैंड बाजे और डीजे के साथ शुरू होकर कस्बे के मुख्य मार्गो से होते हुए निकली। कलश यात्रा गौशाला बाजार, खंडेला बाजार, सुरानी बाजार, खटोडा बाजार, रींगस बाजार, सीकर बाजार, अस्पताल चौराहा, राजपथ रोड, गोपीनाथ मंदिर होते हुए चौपड बाजार से सीकर बाजार से मंदिर परिसर पहुंची। जगह-जगह जलपान की व्यवस्था, रास्ते में कलश यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। मंदिर मंहत मोहनदास ने बताया कि सुबह मंडप पूजन के साथ शाम 5 बजे सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ और शाम 7:15 बजे हवन पूजन होगा। नवनिर्मित मंदिर में भगवान मुरली मनोहर जी की प्राण प्रतिष्ठा गुरुवार को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सुबह 7:15 बजे होगी उसके बाद महा आरती और भंडारे प्रसाद का आयोजन होगा। कलश यात्रा में जीवंत झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। बैण्डबाजों और डीजे पर भजनों पर झूमते हुए भक्त नजर आए। जानकारी के अनुसार जीर्ण शीर्ण मंदिर की जगह नया मंदिर देवस्थान विभाग की ओर से तैयार करवाया गया है। भव्य कलश यात्रा में काफी संख्या में महिलाएं और श्रद्धालु मौजूद रहे।

### जिला रसद अधिकारी ने किया निरीक्षण

**पावटा, (निसं)।** उपखंड विराटनगर क्षेत्र मे जिला रसद अधिकारी संदीप माथुर के निर्देशन में क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी मय टीम के साथ पेट्रोल पंपों व उचित मूल्य की दुकानों का निरीक्षण किया गया। जहाँ निरीक्षण के दौरान पेट्रोल पंपों में हडकंप सा मच गया। जिला रसद अधिकारी संदीप माथुर द्वारा एचपी का महेश फीलिंग स्टेशन व इंडियन ऑयल का बाबा सहज भारती फीलिंग स्टेशन सहित उचित मूल्य की दुकानों का निर्धारित मापदंडों के अनुसार मापक यंत्र द्वारा 5 लीटर के माप व डेन्सीटी के आधार पर गुणवत्ता की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान जाँच की गई गुणवत्ता व मात्रा सही पाई गई। इस तरह से चेकिंग से आस पास के पेट्रोल पंपों में हडकंप सा मच गया। वही जिला रसद अधिकारी संदीप माथुर ने बताया कि भविष्य में भी इस तरह के निरीक्षण होते रहेंगे।

### शंकर लाल ने दी बजट पर प्रतिक्रिया

**कोटपूतली, (निसं)।** राज्य विधानसभा में बुधवार को प्रस्तुत किये गये प्रदेश के वित्तीय वर्ष 2024-25 के सम्पूर्ण बजट पर प्रतिक्रिया देते हुये वरिष्ठ भाजपा नेता शंकर लाल कसाना ने इसे ऐतिहासिक व बेहतरीन बजट बताया है। बजट में 2047 का राजस्थान कैसा हो इस पर विशेष ध्यान दिया गया है। एक साल में एक लाख युवाओं को सरकारी नौकरी की घोषणा प्रदेश के युवाओं के लिये कल्याणकारी सिद्ध होगी। साथ ही डबल इंजन की सरकार के उद्धेश्य, विकसित एवं सशक्त राजस्थान के निर्माण में यह बजट मील का पत्थर साबित होगा। जिसमें प्रत्येक वर्ग के लिये कुछ ना कुछ है। उन्होंने कोटपूतली की तीन ग्रीन फिल्ड एक्सप्रैस वे से जोडने, आईटीआई में नवीन ट्रेडों की स्थापना, गोनेडा में सीएचसी सहित कोटपूतली में देवनारायण आवासीय विधालय की घोषणा पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा व डिप्टी सीएम दीया कुमारी का आभार जताया।

# मालपुरा को दो स्टेट हाईवे व 50 करोड़ की सड़कों की मिली सौगात

■ केबिनेट मंत्री कन्हैया लाल के प्रयास हुए सफल

**मालपुरा, (निसं)।** प्रदेश की भाजपा सरकार के पहले बजट में केबिनेट मंत्री कन्हैया लाल चौधरी के अथक प्रयासो से दो स्टेट हाईवे व 50 करोड रूपयो की सडकों का निर्माण सहित दो उपजिला स्वास्थ्य केन्द्र व दो नगरपालिका सहित एक दर्जन विकास कार्यो की सौगात मिलने पर क्षेत्रवासियों में हर्ष की लहर दौड पडी।

बुधवार को विधानसभा में वित्तमंत्री दीया कुमारी द्वारा रखे गये भाजपा सरकार के पहले बजट में किसान, युवा, व्यापारी, सहित सभी वर्गो के विकास की सोच को शामिल करते हुये की गई बजट घोषणाओं मे मालपुरा विधानसभा क्षेत्र में जयपुर भीलवाडा वाया मालपुरा स्टेट हाईवे निर्माण ब्यावर से भरतपुर वाया टोडारायसिंह से होकर दिल्ली मुम्बई एक्सप्रेस वे का निर्माण बरसो से लम्बित ईआरसीपी की घौषणा के क्रियान्वयन के लिये 9600 करोड रूपये का बजट मालपुरा टोडारायसिंह क्षेत्रवासियों को पेयजल के लिये विशेष बजट जिसमे टोडारायसिंह से मालपुरा तक नवीन पेयजल राईजिंग लाईन तथा भासु के पास नवीन पम्प हाऊस निर्माण के लिये बजट की घोषणा, धर्म नगरी डिग्गी को उप तहसील से तहसील मुख्यालय मे क्रमोन्नत करने तथा लाम्बाहरिसिंह ग्राम पंचायत एवं डिग्गी ग्राम पंचायत को नगरपालिका बनाने की घोषणा मोर व झाडली में उप स्वास्थ्य केन्द्र खोलने, केकडी रोड आपणी ढाणी से मांदोलाई, गरजेडो का बास, देवगांव, खणोंज से बघेरा तक नवीन सडकों के निमार्ण के लिये 20 करोड रूपयो की राशि स्वीकृत। लाम्बाहरिसिंह से देवल, झाडली, संवारिया, लाम्या जुनारदार सडक निर्माण के लिये 25 करोड रूपयो की राशि स्वीकृत जैसे बडी विकास की सौगात मिलने पर क्षेत्रवासियों में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, वित्त मंत्री दीया कुमारी व केबिनेट मंत्री एवं क्षेत्रिय विधायक कन्हैयालाल चौधरी का आभार जताते हुये आतिशबाजी कर मिठाई बांट हर्ष जताया।

भाजपा सरकार के पहले बजट व महज 6 महिने के कार्यकाल में मालपुरा विधानसभा को अपेक्षाओं से अधिक विकास की सौगात मिलने पर क्षेत्रवासियों में केबिनेट मंत्री की दूरगामी सोच तथा मालपुरा को जिला बनाने की कुटनीति एवं सफल राजनीति सोच बताया। वही विपक्ष के जनप्रतिनिधियों ने भाजपा सरकार के पहले बजट में मालपुरा में कृषि विश्वविद्यालय, मालपुरा नगरपालिका को नगर परिषद बनाने, कन्या महाविद्यालय खुलवाने, पीजी महाविद्यालय के जर्जर भवन के पुर्ननिर्माण के अतिरिक्त बजट जैसी घोषणाऐं नहीं होने को निराशाजनक बताया।

# अपहरण कर युवक की हत्या के मामले में तीन बदमाश गिरफ्तार

■ आरोपियों ने दो युवकों का अपहरण किया था

■ एक की युवक की मारपीट कर हत्या कर दी जबकि दूसरे को घायल कर दिया

**जयपुर।** मुहाना थाना इलाके से सोमवार को बदमाशों ने दो युवकों का अपहरण किया। फिरौती के लिए एक लाख की डिमांड की। बदमाशों ने मारपीट कर एक युवक की हत्या कर दी। आरोपी लाश को ठिकाने लगाने की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिल गई। पुलिस ने 125 किलोमीटर पीछा कर नीम का थाना पुलिस के सहयोग से अजीतगढ़ इलाके से तीन बदमाशों को धर दबोचा। पुलिस ने एक युवक के शव को बरामद कर दूसरे युवक को बदमाशों के चंगुल से छुड़वा लिया।

पुलिस कमिश्नर बीजू जार्ज जोसफ ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी तुषार उर्फ लिटिल, आशीष बैरवा रामपुरा रोड सांगानेर और शम्भूदयाल वर्मा पत्रकार कॉलोनी मुहाना का रहने वाला है। बदमाशों ने मांगरोल सपोटरा करौली निवासी नेमीचन्द की हत्या कर दी। उसके साथी सूरवाल सवाईमाधोपुर निवासी मनीष कुमार बैरवा को मारपीट कर घायल कर दिया।

इस मामले में मुहाना निवासी देवराज बैरवा ने रिपोर्ट दी थी। 8 जुलाई को वह सुबह काम पर चला गया। दोस्त मनीष और नेमीचंद साथ थे। रात 11 बजे वह काम से लौट कर आया तो पता चला कि दोनों सब्जी लेने गए थे, अभी तक लौटे नहीं है। दूसरे दिन मनीष की मां ने फोन कर बताया कि उनसे मनीष को छोड़ने के लिए एक लाख रुपए की फिरौती मांगी जा रही है।

## संक्षिप्त

### तहसीलदार ने हटवाया अतिक्रमण

**मालपुरा, (निसं)।** उपखण्ड क्षेत्र की लावा ग्राम पंचायत के नारायणपुरा गांव में हुये अतिक्रमण पर कडा रूख अपनाते हुये तहसीलदार राहुल पारीक ने भारी पुलिस जाप्ते व राजस्व टीम के साथ अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की। तहसीलदार राहुल पारीक ने बताया कि नारायणपुरा गांव मे चांद तालाब की चादर के पास मिट्टी डालकर किये गये अतिक्रमणो के कारण बीते दिनो हुई भारी बरसात में पानी की निकासी अवरूद्ध हो जाने से लोगों को भारी नुकसान का सामना करना पडा। अतिक्रमण की मिली शिकायत तथा जिला कलेक्टर सौम्या झां के निरीक्षण के दौरान अतिक्रमण का मुद्दा सामने आने पर तत्काल कार्यवाही के दिये निर्देशों की पालना में बुधवार को पंचायत सरपंच कमल कुमार जैन, पंचायत समिति के सहायक विकास अधिकारी रामेश्वर चौधरी, ग्राम विकास अधिकारी प्रहलाद जाट, गिरदावर लादूलाल खंगार, पटवारी दिनेश सैनी सहित राजस्व टीम व डिग्गी थाना पुलिस के भारी पुलिस जाप्ते की मौजूदगी में जेसीबी मशीनों की सहायता से निष्पक्ष रूप से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई।

### उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई आज

**कोटपूतली, (निसं)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार जनसुनवाई एवं परिवेदनाओं के निस्तारण हेतु त्रिस्तरीय जनसुनवाई शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। एडीएम योगेश कुमार डागुर ने बताया कि आमजन की समस्याओं, परिवेदनाओं के निवारण, सुनवाई व त्वरित समाधान के लिए राज्य सरकार द्वारा लागू त्रिस्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था के तहत महीने के दूसरे गुरूवार 11 जुलाई को प्रातः 11 बजे से उपखंड स्तर कोटपूतली, बहरोड, विराटनगर, पावटा, बानसूर, नारायणपुर, नीमराना में उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई होगी। जनसुनवाई में सभी उपखण्ड क्षेत्रों में उपखण्ड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### रोड लाइट खराब, वार्डवासियों में रोष

**निवाई, (निसं)।** ग्राम पंचायत बनस्थली के वार्ड नंबर 11 में पिछले 5-6 महीनों से रोड लाइट खराब पडी है। इस समस्या के कारण रात के समय आवागमन में बहुत परेशानी होती है तथा इसी आवागमन पर शराब का ठेका होने के कारण महिलाओं को शाम को 7 के बाद आने-जाने में बहुत सी परेशानियां होती है आए दिन दुर्घटनाओं का सामना करना पड रहा है। जिससे आम जनता को काफी परेशानियां हो रही है। उक्त समस्या के समाधान के लिए ग्राम पंचायत में भी सूचना दी गई लेकिन आज दिन तक कोई भी कार्रवाई नहीं की गई है।

### दो दर्जन स्कूलों में पौधे बांटे

**मालपुरा, (निसं)।** प्रकृति को हरा-भरा करने का संकल्प लेकर मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र में एक लाख पौधे लगाने के लक्ष्य के तहत बीएल चेरीटेबल ट्रस्ट के पदाधिकारी व टीम ने बुधवार को दो दर्जन विद्यालयों में पहुंच आंगनबाडी कार्यकर्ता एवं विधार्थियों को 1500 पौधों का निःशुल्क वितरण कर पेड लगाओं पर्यावरण बचाओं का संदेश देने वाली टी-शर्ट वितरण की। अभियान के प्रथम चरण मे चावण्डिया, किरावल, कुरथल, पीपल्या, द्वारकापुरी, किरावल, रायथल्या सहित दो दर्जन विद्यालयों में निःशुल्क पौधे बांट उनकी सुरक्षा की शपथ दिलाई गई।

### जितेंद्र सिंह कार्यक्रमों में शामिल हुए

**अलवर, (निसं)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव, असम, मध्यप्रदेश के प्रभारी एवं पूर्व केंदीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह का अलवर सिटी मे विभिन्न कार्यत्र्म था इन कार्यत्र्म मे प्रमुख रूप से उनके साथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष योगेश मिश्रा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सयोजक राजेश कृष्ण सिद्ध, प्रदेश कांग्रेस सचिव गफूर खान, संजय यादव, मुकेश जूली,और जिला प्रवक्ता रिपुदमन गुप्ता, गौरी शंकर विजय, संजीव बारेठ, राहुल पटेल, योगेश मेहता आदि साथ रहे.

### 51 पौधे लगा सुरक्षा का संकल्प लिया

**निवाई, (निसं)।** ग्राम पंचायत लुहारा में शहीद जयनारायण जाट स्मारक परिसर में बुधवार को 51 पौधे लगाकर उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया। इस अवसर पर योगाचार्य अशोक गुर्जर, रविंद्र राजावत, पौधारोपण प्रभारी रामेश्वर जाट, वरिष्ठ अध्यापिका ललिता शर्मा व रूमाली गुर्जर सहित छात्र-छात्राओं ने लोगों को अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया।

# आपसी समन्वय से अधिकारी कार्यों का समय पर निस्तारण करें : कलेक्टर

- चिकित्सा, बिजली, पानी के लक्ष्य पूरा करने के दिये निर्देश



**जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में जिला सचिवालय पर जिला स्तरीय अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई।**

**खैरथल, (निसं)।** जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में जिला सचिवालय पर जिला स्तरीय अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिला कलेक्टर ने जिले में सम्भावित मौसमी बीमारियों की रोकथाम, बिजली, पानी सार्वजनिक आवश्यक सेवाओं की सूचारू रूप से आपूर्ति, केंद्र की विभागीय फ्लैगशिप योजना एवं समीक्षा बैठकों की अनुपालना रिपोर्ट, लैंड एलॉटमेंट, सम्पर्क पोर्टल आदि की वर्तमान स्थिति एवं प्रगति की विभागवार समीक्षा की और दो विभागों से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करते हुए इंटर डिपार्टमेंटल मुद्दों को निस्तारित करने के लिए आपसी समन्वय रखते हुए कार्य करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों को 30 दिन की अवधि में ही निस्तारित करने के निर्देश दिए ताकि लंबित प्रकरण उच्च स्तर पर स्वतः अग्रेषित ना हो। उन्होंने सभी अधिकारियों को प्रतिदिन अपने संपर्क पोर्टल को चेक कर परिवादों के निस्तारण के निर्देश दिए।सीएसआर के माध्यम से किए जाने वाले कार्यों का आगामी वित्तीय वर्ष के लिए प्रेजेंटेशन तैयार करने के निर्देश दिए। सरकार द्वारा चलाए गए अभियान ''एक पेड़ मां के नाम'' की विभागवार समीक्षा कर अपने-अपने वृक्षारोपण लक्ष्य को पूरा करने के निर्देश दिए।

बैठक में जिला कलेक्टर ने राजकीय भवनों में वर्षा जल संचयन प्रणाली को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को गत बैठकों के निर्देशानुसार राजकीय चिकित्सालय में इस माह हुए प्रसवों की समीक्षा कर राजकीय चिकित्सालय में गर्भवती महिलाओं के प्रसव कराने व उनको सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए साथ ही जिला नवाचार सशक्त के अनुसार चिन्हित दिव्यांगजनों को कैंप के माध्यम से चिकित्सा बोर्ड द्वारा दिव्यांगजन प्रमाण पत्र जारी करने के निर्देश दिए जिनके अनुसार आगामी दिनों में कैंप शेड्यूल जारी किया जाएगा।

बैठक के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुरेंद्र सिंह यादव, सहायक निदेशक समाज कल्याण अधिकारी महेंद्र कुमार, कोषाधिकारी सुरेश कुमार बंसल, शिक्षा अधिकारी राजकुमार जैन, अधीक्षण अभियंता जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग धर्मेंद्र यादव, अधीक्षण अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग बाबूलाल माली, अधीक्षण अभियंता बिजली विभाग मनोज गंगावत, उपनिदेशक श्रम विभाग राकेश चौधरी, कृषि, विभाग, जलदाय विभाग सहित अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## प्रवेश प्रक्रिया ऑनलाइन होने से विद्यार्थी प्रवेश से वंचित

- सरकारी अंग्रेजी माध्यम की स्कूलों में प्रवेश तिथि बढ़ाने की मांग

**फुलेरा, (निसं)।** राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में इस सत्र की प्रवेश प्रक्रिया की व्यवस्था ऑनलाईन हो जाने से कई विद्यार्थी प्रवेश से वंचित रह गए। गौरतलब है कि सभी विद्यालयों में लगभग 70 से 75 प्रतिशत सीटे रिक्त रह गई। इसका मुख्य कारण ऑनलाइन आवदेन की तिथि 7 मई से 6 जून तक होनी बताई लेकिन शिक्षा विभाग तथा स्थानीय विद्यालयों की ओर से प्रचार-प्रसार की व्यापक अनदेखी के चलते अभिभावकों को उक्त तिथियों की जानकारी भी नहीं मिल पाई और फलस्वरूप वह अपने बच्चों के आवेदन नहीं कर पाये। इसके चलते बच्चे प्रवेश लेने से वंचित रह गये।

अपने बच्चों के प्रवेश की तिथि निकलने के कारण अभिभावकों और विद्यार्थियों में निराशा छाई हुई है। शिक्षा विभाग द्वारा यदि प्रवेश आवेदन तिथि बढा दी जाये तो प्रवेश से वंचित रहे विद्यार्थियों को लाभ मिल सकता है।

स्थानीय विद्यालय सेठ सूरजमल अग्रवाल राजकीय महात्मा गांधी उच्च माध्यमिक विद्यालय फुलेरा में भी अभिभावक विद्यालय के चक्कर लगाने के लिए मजबूर हो रहे हैं। प्राचार्य डॉ. संजय यादव ने बताया कि ऑनलाईन प्रवेश के लिए मात्र 49 विद्यार्थीयों के आवेदन प्राप्त हुए तथा 750 प्रतिशत सीटें रिक्त रह गई है। इसी क्रम में आगे बताया कि पूर्व में विद्यालय स्तर पर ही प्रवेश फार्म भरवाये जाते थे।

इसके बाद वहीं विद्यालय में ही प्रबन्धन समिति व अभिभावकों की उपस्थिति में सभी कक्षाओं के प्रवेश लॉटरी के माध्यम से निकाले जाते थे। इसके बाद उनके नाम नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दिये जाते थे। नई प्रवेश प्रक्रिया से विद्यालय स्तर पर कोई व्यवस्था नहीं है। सारी प्रक्रिया जयपुर से तय होगी। इसके चलते इस सत्र में विद्यालय का नामांकन प्रभावित हुआ है साथ ही आगे बताया की कई कक्षाओं में तो एक भी प्रवेश नहीं हो पाया है। इसको लेकर शिक्षाविद् व सामाजिक कार्यकर्ता शक्ति सिंह ने शिक्षा मंत्री को पत्र लिखकर प्रवेश प्रक्रिया की तिथि बढाने की मांग की है ताकि कोई भी विद्यार्थी प्रवेश से वंचित न रहे।

## नारायणपुर को नगरपालिका बनाने की घोषणा

**नारायणपुर (निसं)।** राजस्थान विधानसभा में राज्यसरकार द्वारा बुधवार को अपने पहले बजट में उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी द्वारा ग्राम पंचायत नारायणपुर को नगरपालिका बनाए जाने की बडी घोषणा के बाद कस्बे के ग्रामीणों व भाजपा कार्यकर्ताओं में ख़ुशी का माहौल है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत नारायणपुर को नगरपालिका बनाए जाने की पुरानी मांग बानसूर विधायक देवीसिंह शेखावत द्वारा पूरी किए जाने पर ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और क्षेत्रीय विधायक देवीसिंह शेखावत का आभार जताकर ख़ुशी प्रकट की हैं। ग्रामीणों ने बताया कि नगरपालिका बनने पर नारायणपुर सहित आसपास क्षेत्र का विकास अब तेजी से होगा और क्षेत्र की जनता को इसका लाभ मिलेगा। जैसे ही क्षेत्र के लोगों को ग्राम पंचायत नारायणपुर को नगरपालिका बनने का समाचार मिला तो लोगो में ख़ुशी की लहर दौड गई। लोगों ने पटाखे छोड व मिठाई बांटकर ख़ुशी का इजहार किया है। इस मौके पर सरपंच प्रतिनिधि भवानीशंकर सैनी, अर्जुनलाल यादव सहित बडी संख्या में लोग मौजूद थे।

## एक साल बाद शिक्षा विभाग के अधिकारी स्कूल में जांच करने पहुंचे

**देवली (निसं)।** राजस्थान सरकार की शिक्षा का अधिकार योजना का पूर्ण लाभ नहीं देने को लेकर एक साल पहले दी गई शिकायत के मामले में जिला शिक्षा विभाग के अधिकारी शहर में स्थित सिटी प्राइड स्कूल की जांच करने पहुंचे।

जानकारी अनुसार बुधवार को मुख्य जिला शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने यहां सिटी प्राइड स्कूल की मनमानी की मिली शिकायत मामले की जांच फिर से शुरू कर दी है। गत वर्ष 18 अगस्त 2023 को ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने इस मामले में दी गई शिकायत को झूठी मिथ्यहीन बताते हुए उपखंड अधिकारी को गुमराह करने की नीयत से झूठी रिपोर्ट सौंप दी थी। जिसका खुलासा सूचना अधिकार के तहत हुआ था।

जानकारी अनुसार राजस्थान सरकार के शिक्षा विभाग की योजना (आरटीई) में चिन्हित विद्यार्थियों को निजी स्कूल द्वारा नियम अनुसार पाठ्य पुस्तक एवं प्रवेश निशुल्क दिया जाना तय है लेकिन शहर में चर्च रोड स्थित सिटी प्राइड स्कूल में इस योजना की पालना पूर्ण रूप से नहीं की जा रही थी। मामले में पात्र छात्रा के अभिभावक गोविंद सिंह ने गत वर्ष 2023 को देवली उपखंड कार्यालय में शिकायत दर्ज करवा दी थी।

इसको लेकर उक्त दौरान उपखंड अधिकारी ने स्थानीय ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय को मिली शिकायत के मामले में निष्पक्ष जांच कर तीन दिवस के भीतर रिपोर्ट पेश करने के आदेश जारी कर दिए थे।

उक्त दौरान जांच अधिकारी ने उक्त निजी स्कूल के विरुद्ध कार्रवाई करने की बजाए शिकायतकर्ता की शिकायत को झूठी मिथ्याहीन आधारहीन जांच रिपोर्ट में बताया और मनगढंत झूठी रिपोर्ट में उपखंड कार्यालय को पेश कर दी थी। मामले का खुलासा होने पर शिकायतकर्ता अभिभावक गोविंद सिंह ने उपखंड अधिकारी को इस मामले में फिर से निष्पक्ष जांच करवाने का आग्रह किया था। इस पर मुख्य जिला शिक्षा विभाग के अधिकारी उक्त मामले में बुधवार को यहां पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

## अवैध बजरी ले जाते दो पिकअप जब्त, तीन गिरफ्तार



**बरोनी पुलिस ने अवैध बजरी परिवहन के खिलाफ कार्यवाही की।**

**टोंक, (निसं)।** बरोनी पुलिस ने अवैध बजरी परिवहन के खिलाफ कार्यवाही करते हुए 2 पिकअप को जप्त किया है।

बरोनी थाना अधिकारी ओम प्रकाश ने बताया बुधवार को थाने के बाहर से नाकाबंदी के दौरान अवैध बजरी परिवहन कर ले जाते हुए 2 पिकअप को जप्त करने की कार्यवाही की है। थानाधिकारी ने बताया की दोनों पिकअप में 4-4 टन अवैध बजरी भरकर थाने के बाहर से गुजर रहे थे, जिन्हें जप्त कर एमएमडीआर एक्ट में मुकदमा किया है।

इसी प्रकार बरोनी थाना के एमएमडीआर एक्ट में 9 माह से फरार वांछित आरोपी राजेश पुत्र बद्री लाल गुर्जर उम्र 30वर्ष निवासी गुर्जरो की ढाणी बनवाड़ा पुलिस थाना पीपलू को गिरफ्तार किया तथा 1 माह से फरार डम्पर मालिक मुरली पुत्र रामसहाय जाती यादव उम्र 38 वर्ष निवासी बडा कुआं की ढाणी गोपालपुरा निवाई व चालक लक्ष्मण पुत्र सीताराम जाती गुर्जर उम्र 24वर्ष निवासी अणतपुरा थाना निवाई को विशेष टीम द्वारा तलाश शुरू कर जो एक माह से फरार चल रहे थे, जिन्हें तलाश कर बोलेरो सहित गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां उक्त आरोपियों को हिरासत में भेजा गया।

## बजट सभी वर्गों का उत्थान करने वाला : रामलाल शर्मा

**चौमूं/कालाडेरा, (निसं)।** राजस्थान की उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री दीया कुमारी ने विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट पेश किया। राजस्थान बजट पर पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बजट सभी वर्गों का उत्थान करने वाला है तथा इसमें युवा, ग़रीब, महिला, किसान, बुजुर्ग और कर्मचारी आदि पर आधारित है। बजट में सर्वजन हिताय के लिये दस संकल्प लिए गए है, जिससे वर्ष 2047 तक प्रदेश भी विकसित राजस्थान के बनने की ओर अग्रसर होगा।

चौमूं विधानसभा में सडकों के निर्माण के लिए 101.9 करोड की स्वीकृति, जिसमें बधाल-इटावा से एनएच52 गोविंदगढ तक 21.90 किमी. 95 करोड, ढोढसर से किशनमानपुरा तक 8 किमी. 4 करोड, तातेडा मोड से नागलकलाँ तक 2 किमी. 60 लाख, चौमूं शहर से जयपुर रोड एचटी लाइन के नीचे कचौलिया रोड तक 1 किमी. 50 लाख, खेल मेदान लूँगती वाले बालाजी होते हुए बागडा बास सीमा तक 2 किमी 60 लाख, रेनवाल रोड गुवारडी पंचमुखी मंदिर से जंगलात होते हुए कालाडेरा तक 4 किमी. 1.20 करोड शामिल है साथ ही बजट में 25 लाख घरों को नल से जोड़ा जायेगा, 2 लाख घरों को मिलेंगे नये बिजली कनेक्शन, राजस्थान मण्डपम का निर्माण, राजस्थान पर्यटन विकास बोर्ड की स्थापना, युवाओं के लिए प्रत्येक वर्ष 1 लाख नौकरी, बच्चों को फ्री टेबलेट और इंटरनेट, किसानों को ब्याज मुक्त लोन की सुविधा, 15 लाख महिलायें बनेगी लखपति दीदी, पुलिस में 5500 और नर्सिंगकर्मियों के 4000 नये पद सृजीत किए जाएँगे, 10 लाख से ज़्यादा रोज़गार उपलब्ध करवाये जाने जैसी कई घोषणाएँ की गई है। इस प्रकार से यह बजट सभी वर्गों को ध्यान में रखकर बनाया गया है, जिससे प्रदेश की जनता को आने वाले समय में इसका पूरा लाभ धरातल पर देखने को मिलेगा।

# क्या 14 उत्पादों के विज्ञापन हटा लिए गए ?

## न्यायालय ने पतंजलि से हलफनामा दाखिल कर बताने को कहा

**नयी दिल्ली, (निसं)।** उच्चतम न्यायालय ने योगगुरु रामदेव के पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड को मंगलवार को एक हलफनामा दाखिल करने को कहा, जिसमें यह बताया जाए कि उन 14 उत्पादों के विज्ञापन वापस लिए गए हैं या नहीं, जिनके विनिर्माण लाइसेंस शुरू में निलंबित किए गए थे और बाद में बहाल कर दिए गए।

उत्तराखंड राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरण ने 15 अप्रैल को एक आदेश जारी कर पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड और दिव्य फार्मेसी के 14 उत्पादों के विनिर्माण लाइसेंस निलंबित कर दिए थे। राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरण ने एक ताजा घटनाक्रम में उच्चतम न्यायालय में एक हलफनामा दायर कर कहा है कि विवाद के मद्देनजर पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड की शिकायतों की जांच करने वाली एक उच्च स्तरीय समिति की रिपोर्ट के बाद निलंबन आदेश रद्द कर दिया गया है।

उसने 17 मई को कहा कि 15 अप्रैल के आदेश पर अमल को रोक दिया गया और बाद में निलंबन आदेश रद्द कर दिया गया। हालांकि, सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने पतंजलि के 16 मई के हलफनामे का संज्ञान लिया। इसमें कंपनी ने कहा था कि 15 अप्रैल के निलंबन आदेश के मद्देनजर उक्त 14 उत्पादों की बिक्री रोक दी गई है।

हलफनामे में कहा गया कि कंपनी ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया खातों/हैंडल से संबंधित विज्ञापन हटाने के लिए भी कदम उठाए हैं।

शीर्ष अदालत, भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए) की ओर से दायर उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें पतंजलि पर कोविड टीकाकरण अभियान और आधुनिक चिकित्सा प्रणालियों के खिलाफ दुष्प्रचार अभियान चलाने का आरोप लगाया गया।

पीठ ने आईएमए की ओर से पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता पीएस पटवालिया से पूछा कि क्या उन्होंने जरूरी तत्परता दिखाई है और पता लगाया है कि मई में पतंजलि द्वारा हलफनामा दाखिल किए जाने के बाद ये विज्ञापन हटाए गए या नहीं। सुनवाई के दौरान एक आवेदक के वकील ने कहा कि केंद्र को भ्रामक विज्ञापनों से जुड़े मामले को यथासंभव जल्द से जल्द देखना चाहिए।

उन्होंने कहा, ''इसका ऑनलाइन उद्योग पर बहुत असर पड़ रहा है।'' न्यायमूर्ति कोहली ने कहा, ''किसी को परेशानी पहुंचाने की कोई मंशा नहीं है। मंशा केवल विशेष क्षेत्रों और विशेष पहलुओं पर ध्यान देने की है।''पीठ ने केंद्र की ओर से पक्ष रख रहे अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) के एम नटराज से कहा, ''क्या हम आपसे एक बैठक बुलाने का अनुरोध कर सकते हैं, ताकि सभी हितधारकों और आपके विभाग के वरिष्ठतम अधिकारियों के बीच विचार-विमर्श हो सके?'' इस पर नटराज ने कहा कि सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने विभिन्न हितधारकों के साथ उच्च स्तरीय बैठकें की हैं, ताकि उनके द्वारा व्यक्त मुद्दों और कठिनाइयों का समाधान किया जा सके। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 30 जुलाई की तारीख तय की। शीर्ष अदालत ने भ्रामक विज्ञापन मामले में योग गुरु रामदेव, उनके सहयोगी बालकृष्ण और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड को जारी अवमानना नोटिस पर 14 मई को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड ने पिछले साल 21 नवंबर को शीर्ष अदालत को आश्वासन दिया था कि वह किसी भी कानून का, विशेष रूप से उसके द्वारा निर्मित और विपणन किए जाने वाले उत्पादों के विज्ञापन या ब्रांडिंग से संबंधित कानून का उल्लंघन नहीं करेगा।

## सार-समाचार

### 50 छात्राओं को स्कूटी वितरित



**कोटपूतली, (निसं)।** स्थानीय राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविधालय में श्री देवनारायण एवं मेधावी काली बाई भील स्कूटी योजना के अन्तर्गत बुधवार को सत्र 2021-22 की छात्राओं को स्कूटी का वितरण किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा ओबीसी मोर्चा के पूर्व प्रदेश महामंत्री एड. हीरालाल रावत ने बालिकाओं को सम्बोधित करते हुये कहा कि पढ़ी-लिखी बेटी दो परिवारों को आगे बढाने का काम करती है। प्राचार्य डॉ. आर. के. सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में योजना के तहत 50 छात्राओं को मुख्य अतिथि एड. हीरालाल रावत द्वारा स्कूटी का वितरण किया गया।

### न्यायालय परिसर में किया वृक्षारोपण

**कोटपूतली, (निसं)।** स्थानीय न्यायालय परिसर में बुधवार को एडीजे प्रथम समर्थलाल मीणा के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर हरा भरा राजस्थान की मुहिम को आगे बढाने में योगदान करने का संदेश दिया गया। सभी अधिवक्ताओं को शपथ दिलाई गई की हरियाली राजस्थान में अधिवक्ता एक पेड अपनी मां के नाम लगाकर इस मुहीम में हिस्सा ले और आने वाले समय में राजस्थान को हरा भरा बनाये। इस मौके पर अभिभाषक संघ अध्यक्ष एड. दयाराम गुर्जर का जन्मदिवस भी मनाया गया। इस दौरान नीमराना बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजपाल सिंह शेखावत, बहरोड अभिभाषक संघ अध्यक्ष संजय यादव समेत अनेक अधिवक्ताओं ने अभिभाषक संघ कोटपूतली बार रूम में केक काटकर, साफा व माला पहनाकर एड.दयाराम गुर्जर का अभिनंदन किया। इस दौरान उपाध्यक्ष सुशील कुमार यादव, कोषाध्यक्ष ज्योति शर्मा, सचिव हेमंत शर्मा, योगेश सैनी, सत्यवीर पायला, अनिल आर्य, अंकित स्वामी, जितेंद्र रावत, अशोक आर्य, मुकेश यादव, महेश यादव, उदयसिंह तंवर, राजेंद्र चौधरी, अमरसिंह चौधरी, अविनाश यादव, महेश सराधना, राजेन्द्र रहीसा, चेतराम रावत, के.के. गुर्जर, सुरेन्द्र बबेरवाल, रणजीत आर्य व कृष्ण कुमार सहित बडी संख्या में अधिवक्तागण मौजूद रहे।

### अंडर-19 क्रिकेट प्रतियोगिता का ट्रायल 14 को

**दौसा, ( निसं)।** जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में अंडर-19 क्रिकेट प्रतियोगिता का ट्रायल 14 जुलाई को प्रातः 9 बजे राजेश पायलट स्टेडियम में आयोजित होगा। प्रतियोगिता में वही खिलाडी भाग ले सकते हैं जिनका जन्म 1.9.2005 एवं इसके पश्चात हुआ हो। सभी खिलाडियों को ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के लिए कंप्यूटरराईज्ड बर्थ सर्टिफिकेट, बोनाफाइड सर्टिफिकेट, लास्ट 3 साल की स्कूल मार्कशीट, आधार कार्ड/ वोटर कार्ड / पासपोर्ट/ ड्राइवविं लाइसेंस व माता-पिता के आधार कार्ड भी लाना आवश्यक है। जिला क्रिकेट संघ के सचिव बृजकिशोर उपाध्याय ने बताया की अंडर 19 की टीम में जिले के ही खिलाडियों को शामिल किया जायेगा। आगमी प्रतियोगिता जिले के सभी तहसील मुख्यालयों पर भी आयोजित की जायेगी। जिससे संपूर्ण जिले से प्रततभाओं को तराशा जा सके।

### भगवान जगन्नाथ-जानकी विवाह आज

**राजगढ, (निसं)।** पूर्वी राजस्थान के ऐतिहासिक महत्व के भगवान जगन्नाथ मेले में गुरुवार को भगवान जगन्नाथ जानकी वरमाला महोत्सव सैकडों लोगों की मौजूदगी में आयोजित होगा। इस अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालु महिला पुरुष इस आयोजन के साक्षी बनते हैं। दूर दराज के क्षेत्र के लोग वरमाला महोत्सव को देखने के लिए राजगढ मेले में आते हैं। वरमाला महोत्सव के बाद ऐतिहासिक मेला परवान चढने लगता है। वधू पक्ष की ओर से ठिकाना गंगाबाग के महंत प्रकाश दास महाराज गुरुवार प्रात स्नेह भोज के लिए भगवान जगन्नाथ एवं बारातियों को गंगा बाग मंदिर में जाकर आमंत्रित करेंगे। कस्बे के ऐतिहासिक मेले में बुधवार को संगठनों की ओर से प्रसाद वितरण किया गया जिसमें भारी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ कमाया। बुधवार देर साय मौसम सुहावना हो गया है एवं मेले में रौनक रही।

### सार्वजनिक स्थानों पर वृक्षारोपण

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज के प्रदेश अध्यक्ष राम सिंह सैनी प्रागपुरा का जन्मदिन श्रीमाधोपुर में समाज के लोगों द्वारा एकत्रित होकर अनेक सार्वजनिक स्थानों पर वृक्षारोपण करके मनाया गया। राजू बागवान ने बताया कि उपस्थित सभी लोगों को वृक्षारोपण करके हरित क्रांति लाने के लिए प्रेरित किया गया साथ ही सबको प्रतिज्ञा दिलाई कि अपने जन्म दिवस को एक पेड लगाकर बडा होने तक उसकी देखभाल की जिम्मेदारी दी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ललित सैनी, तहसील अध्यक्ष मोहनलाल, पूर्व वैज्ञानिक सीताराम सैनी, पार्षद विनेश सैनी, पूरणमल हांसपुर, राजेश सैनी पंच, दिनेश कटारिया, चिरंजीलाल सैनी मूंडरू, बाबूलाल कटारिया, नरेंद्र शिवम, सुभाष सैनी, सीपी सैनी मूंडरू, शंकर लाल अमरसर, सागर व्यापारी, ओम बाबा मौजूद रहे।

### बजट में विकास की घोषणा से भाजपाइयों में हर्ष

**सांभरझील, (निसं)।** वित्त मंत्री दिया कुमारी की ओर से राजस्थान विधानसभा में बजट के दौरान फुलेरा विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए बजट का प्रावधान करने पर क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं एवं लोगों में हर्ष व्याप्त है। सांभर महोत्सव के दौरान खुद दिया कुमारी ने सांभर पर्यटन क्षेत्र के लिए विकास की प्रबल संभावनाएं बताई थी। बता दें की पर्यटन मंत्री दिया कुमारी के समक्ष सांभर आगमन के दौरान पूर्व विधायक निर्मल कुमावत सहित भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र डांगरा, नेता प्रतिपक्ष अनिल कुमार गट्टानी की ओर से विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए अभ्यावेदन भी सौंपा था। फुलेरा विधानसभा क्षेत्र के विकास के संबंध में दूदू सांभर भाटीपुरा स्टेट हाईवे, फुलेरा में महिला महाविद्यालय,किशनगढ रेनवाल उप जिला चिकित्सालय नवीन भवन, बधाल इटावा से गोविंदगढ रोड, की सौगात दिए जाने पर राष्ट्रीय मंत्री भाजपा ओबीसी मोर्चा निर्मल कुमावत सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं वित्त मंत्री दिया कुमारी आभार व्यक्त किया है वहीं क्षेत्र के लोगों ने प्रदेश सरकार के इस बजट को विकास की दृष्टि से एक सकारात्मक और संतुलित बजट बताया है।

### चोरी का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**टोंक, (निसं)।** अलीगढ थाना क्षेत्र के नित्यानन महाराज आश्रम लसाडिया में रात्रि के समय हुई चोरी के आरोप में एक मुल्जिम को गिरफ्तार किया। अलीगढ थानाधिकारी सुरेश कुमार ने बताया कि आश्रम नित्यानन्द महाराज लसाडिया के पुजारी मथुरालाल ने कहा कि गत 9 जून को सुबह 6 बजे आश्रम में जब में आया तो ताले खुले हुए थे तथा अन्दर तलाश किया तो बक्से में पडे 50400 रूपये नही मिले साथ ही 2 मोटर, 2 गैस सिलेण्डर, 2 पंखे स्टेण्ड मौके पर नहीं मिले तथा आश्रम की डी.पी भी टूटी हुई थी, एक पेटी बाजा भी नही मिला। बाहर लगी एक केबिन क ताले भी टूटे मिले, केबिन से एक सिलेण्डर चुराकर ले गये, जिसकी सूचना ग्रामीणो द्वारा पुलिस थाने में दी तथा प्रकरण दर्ज कराया गया। इस पर थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए चोरी में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई। इस दौरान इसमें वांछित आरोपी रमेश मोग्या पुत्र मुकुन्द मोग्या उम्र 45 साल निवासह करवाडिया की ढाणी थाना सोप जिला टोंक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी किये गये सामानों को बरामद किया गया। सभी आरोपियों के खिलाफ पूर्व में भी ऐसी घटनाओं को अन्जाम देना स्वीकार किया है, जो डीपी व केबल चोरी जैसे घटनाओं व सुनसान मकानो में चोरी की वारतादे करते आ रहे है।

### ऐतिहासिक बजट बताया

**शाहपुरा, (निसं)।** भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश मंत्री गुड्डू सैनी ने राज्य सरकार के बजट की सराहना करते हुए आपणो अग्रणी राजस्थान को मूर्तरूप देने वाले ग़रीबों, किसानों, युवाओं एवं महिलाओं के समग्र उत्थान हेतु ऐतिहासिक बजट बताया है। उन्होंने शाहपुरा नगरपालिका से नगर परिषद क्रमोन्नत होने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं वित्त मंत्री दीया कुमारी, जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह, विधानसभा भाजपा प्रत्याशी उपेन यादव का हार्दिक आभार जताया।

# लोको पायलट्स का मुद्दा गर्माया, 17 विपक्षी सांसद सरकार के खिलाफ लामबंद हुये

## विपक्ष के 17 से अधिक सांसदों ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर ट्रेन चालकों से जुड़े विभिन्न मुद्दों एवं परेशानियों को उजागर किया है

नई दिल्ली, 10 जुलाई। विपक्षी दलों के 17 से अधिक सांसदों ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर ट्रेन चालकों से जुड़े उन विभिन्न मुद्दों को उजागर किया है, जो उन्हें परेशान करते हैं और जिसके परिणामस्वरूप रेड-सिग्नल ओवरशूट के साथ-साथ रेल दुर्घटनाएं होती हैं। हालांकि, रेल मंत्री वैष्णव ने बुधवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि विपक्ष लोको पायलटों को हतोत्साहित करने के लिए गलत सूचनाएं फैला रहा है।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को कहा कि 'लोको पायलट' रेलवे परिवार के महत्वपूर्ण सदस्य हैं लेकिन विपक्ष उनका मनोबल गिराने के लिए काफी दुष्प्रचार एवं नाटक कर रहा है। वैष्णव ने 'एक्स' पर ट्रेन चालकों की कार्यदशा सुधारने के लिए रेलवे द्वारा उठाये गये विभिन्न कदमों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा, "लोको पायलट की ड्यूटी के घंटे पर सावधानीपूर्वक नजर रखी जाती है। यात्राओं (फेरों) के बाद ध्यानपूर्वक उन्हें आराम दिया जाता है। ड्यूटी के औसत घंटे निर्धारित घंटों (समय सीमा) के अंदर बनाकर रखे जाते हैं।"

उन्होंने आगे कहा, "इस साल जून माह में (ड्यूटी की) औसत अवधि आठ घंटे से कम रही। आकस्मिक परिस्थितियों में यात्रा अवधि निर्धारित घंटों से अधिक हो जाती है।" रेल मंत्री ने कहा कि 7000 लोको कैब और लगभग सभी (558) रनिंग रूम अब वातानुकूलित हैं।

लोको पायलट यूनियन, ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन द्वारा इन सांसदों से संपर्क करने और उनसे अपनी समस्याओं को रेल मंत्री के संज्ञान में लाने का अनुरोध करने के बाद, 5 सांसदों ने अलग-अलग पत्र लिखे हैं, जबकि 12 सांसदों ने हाल ही में एक संयुक्त नोट भेजकर ट्रेन चालकों के लिए ज्यादा सुविधाएं और आराम देने की मांग की है।

डीएमके के राज्यसभा सांसद एम षणमुगम ने अपने पत्र में लिखा, "हमारा मानना है कि थकान और आराम के लिए पर्याप्त समय नहीं मिलने के कारण ही नींद की आगोश में रहने वाले चालकों से सावधानी में कमी देखी जाती है। यहां तक कि रेलवे सुरक्षा पर उच्चाधिकार प्राप्त समिति ने भी सिफारिश की है कि रनिंग स्टाफ के लिए लगातार रात की ड्यूटी दो रातों तक ही सीमित होनी चाहिए। उन्हें फिर से ड्यूटी पर भेजे जाने से पहले कम से कम एक पूरी रात सोने की अनुमति दी जानी चाहिए।"

वर्तमान में, रेलवे के नियम लगातार चार रात की ड्यूटी की अनुमति देते हैं और लोको पायलट इसे घटाकर दो रात करने की मांग कर रहे हैं। षणमुगम के अनुसार, रेलवे प्रशासन ने उन लोको पायलटों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की है, जिन्होंने आराम के लिए साप्ताहिक छुट्टी ली थी। लोको पायलटों ने ऐसी कार्रवाई भी वापस लेने की मांग की है।

बता दें कि पिछले सप्ताह लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने 'लोको पायलट' के एक समूह के साथ बैठक की थी। इन 'लोको पायलट' ने "कम कर्मियों की वजह से पर्याप्त आराम नहीं मिलने" की शिकायत की थी। गांधी ने उन्हें आश्वासन दिया था कि वह संसद में उनके मुद्दे उठायेंगे।

## 'भाजपाई सबसे बड़े भूमाफिया, अयोध्या की जमीन भी नहीं छोड़ी'

इटावा , 10 जुलाई (वार्ता)। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को कहा कि अयोध्या में राम मंदिर निर्माण स्थल के आसपास भाजपाइयों ने बड़े पैमाने पर बेशकीमती जमीन अपने नाम करवा कर खुद को भू माफिया के रूप में पेश किया है।

सिविल लाइन स्थित आवास पर पत्रकारों से बात करते हुए उन्होने कहा कि भाजपा से जुड़े हुए लोग विपक्ष को भू माफिया बताते है जबकि असली भू माफिया भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लोग है,जिन्होंने अयोध्या की ही बेशकीमती जमीन को नहीं बख्शा है।

जैसे-जैसे अयोध्या की ज़मीन के सौदों का भंडाफोड़ हो रहा है, उससे ये सच सामने आ रहा है कि भाजपा राज में अयोध्या के बाहर के लोगों ने मुनाफ़ा कमाने के लिए बड़े स्तर पर ज़मीन की ख़रीद-फ़रोख़्त की है।

उन्होने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा पिछले सात सालों से सर्किल रेट न बढ़ाना, स्थानीय लोगों के ख़िलाफ़ एक आर्थिक षड्यंत्र है। इसकी वजह से अरबों रुपये के भूमि घोटाले हुए हैं।

## दिया कुमारी ने अपने पहले बजट में ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

घोषणा की गई है।

एनर्जी सेक्टर में 2031-32 का टारगैट रखकर 2.25 लाख करोड़ खर्च किए जाएंगे। वर्ष 2031 तक परंपरागत स्रोतों से 20,500 मेगावाट और अक्षय ऊर्जा के स्रोत से 35,600 मेगावाट बिजली उत्पादन करने की घोषणा की गई है। बजट में इस साल बिजली से वंचित 2.08 लाख घरों में बिजली कनेक्शन देने की घोषणा की है। पचास हजार मेगावाट से ज्यादा सोलर एनर्जी उत्पादन के लिए बीकानेर के पूगल, छतरगढ़ और जैसलमेर के बोडाना में सोलर पार्क विकसित किया जाएगा। हर जिले में एक आदर्श सौर ग्राम बनाया जाएगा, जिसमें दो मेगावाट तक के सोलर पावर प्लांट लगाए जाएंगे, इसमें 40 फीसदी अनुदान दिया जाएगा। प्रदेश के सभी सरकारी दफ्तरों को चरणबद्ध तरीके से सोलर एनर्जी से जोड़ा जाएगा।

- **बजट में एनर्जी सैक्टर पर 2031-32 का लक्ष्य रख कर 2.25 लाख करोड़ रूपए खर्च करने का प्रावधान रखा गया है।**
- **बजट में 5 साल में 13,000 किलो मीटर लम्बा सड़क नैटवर्क बनाने की घोषणा की गई है, जिस पर 60,000 करोड़ रूपए खर्च होंगे।**

बजट में पांच साल में 13 हजार किमी लंबाई का सड़क नेटवर्क विकसित करने की घोषणा की गई है, इस पर 60 हजार करोड़ रुपए खर्च होंगे। प्रदेश में पहली बार 2750 किमी से अधिक लंबाई के 9 ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे बनाए जाएंगे, इसके लिए 30 करोड़ की लागत से डीपीआर बनाई जाएगी। स्टेट हाईवे, बायपास, फ्लाईओवर, आरयूबी की मरम्मत के लिए 9 हजार करोड़ रुपए दिए गए हैं। बिपरजॉय तूफान से टूटी सड़कों और ओवरब्रिज की मरम्मत के लिए 2 साल में 644 करोड़ रुपए खर्च होंगे। उपखंड और तहसील मुख्यालय को जिला मुख्यालय की सड़क से जोड़ने के लिए 306 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। शहरी क्षेत्र की सड़कों की मरम्मत और अपग्रेडेशन के लिए 500 करोड़ रुपए खर्च होंगे। नौ ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस वे में जयपुर किशनगढ़, अजमेर, जोधपुर 350 किमी, कोटपुतली-किशनगढ़ 181 किमी, जयपुर-भीलवाड़ा 193 किमी, बीकानेर-कोटपुतली 295 किमी, ब्यावर-भरतपुर 342 किमी, जालौर-झालावाड़ 402 किमी, अजमेर-बांसवाड़ा 358 किमी, जयपुर-फलौदी 342 किमी, श्रीगंगानगर-कोटपुतली 290 किमी शामिल हैं।

उद्योग और निवेश को बढ़ावा देने के लिए बजट में दिया कुमारी ने कई घोषणाएं की हैं। प्रदेश में 4 राम-जानकी औद्योगिक क्षेत्र बनाने का ऐलान किया गया है। बाड़मेर के धर्मपुरा, उदयपुर के माल की तूस, पाली के वरकाना और बूंदी के नैनवा में रामजानकी औद्योगिक क्षेत्र बनेंगे। प्रदेश में एक्सपोर्ट प्रमोशन पॉलिसी लाई जाएगी। इसमें थीम बेस्ड इंडस्ट्री पार्क, ट्रांसपोर्ट के लिए रिसर्च और टैक्नॉलजी और ग्रीन टैक्नॉलजी को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके अलावा टैक्सटाइल पॉलिसी, राजस्थान वेयरहाउसिंग पॉलिसी, नई एमएसएमई पॉलिसी लाने की घोषणा की है। इस साल होने वाले इन्वेस्टर समिट के साथ नॉन रेजिडेंट राजस्थान कॉन्क्लेव आयोजित होगा।

## 'हर महिला अपने पति से...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

पुरूष इस तथ्य से वाकिफ हैं, वे घरेलू व्यय के अलावा अपनी पत्नी को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए जॉइंट बैंक अकाउन्ट अथवा उसके खाते का ए.टी.एम. उपलब्ध करवाते हैं।

उन्होंने अपनी टिप्पणी में आगे कहा कि "विवाहित महिला की कमजोर आर्थिक स्थिति का समाधान करना वास्तव में एक संवैधानिक दायित्व है। इन महिलाओं में वह तलाकशुदा महिला भी शामिल है, जिसके पास आय का कोई स्वतंत्र स्त्रोत नहीं होता। यह सर्वविदित है कि विवाहित स्त्री अपने परिवार का पालन-पोषण करने, बच्चों को पालने और बुजुर्गों की सेवा के लिए अपने रोजगार के अवसरों का त्याग करती है।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश में कहा गया है कि अपराध प्रक्रिय संहिता की धारा 125 के तहत एक मुस्लिम महिला को उसके पति से तलाक मिलने के बाद भी वह भरण-पोषण राशि प्राप्त करने की हकदार है और यह भरण-पोषण दान दया नहीं बल्कि विवाहित महिलाओं का मौलिक अधिकार है।

कोर्ट ने कहा, "यह अधिकार धार्मिक सीमाओं से परे है। लिंग की समानता के सिद्धांत को लागू करने वाला एवं समस्त विवाहित महिलाओं के वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने वाला है।"

धारा-125 व्यापक रूप से कहती है कि एक व्यक्ति जो साधन सम्पन्न है वह अपनी पत्नी, बच्चों अथवा माता-पिता को भरण-पोषण देने से इनकार नहीं कर सकता है।

कोर्ट का यह फैसला मोहम्मद अब्दुल समद की याचिका पर आया है जिसे एक परिवार न्यायालय ने उसकी तलाकशुदा पत्नी को 20,000 रूपये प्रतिमाह भरण-पोषण के बतौर अदा करने का निर्देश दिया था। समद ने इस निर्णय को तेलंगाना के उच्च न्यायालय में चुनौती दी थ जिसने इस राशि में संशोधन करके इसे 10,000 रूपये किया था। उसके बाद उसने इस निर्णय के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। उसकी ओर से वकील ने तर्क में कहा कि मुस्लिम महिलाएँ (प्रोटेक्शन ऑफ राइट्स ऑन डायवोर्स) एक्ट 1986 के तहत ज्यादा संसाधन की मांग कर सकती है और इस बात पर जोर दिया कि यह अधिनियम सी.आर.पी.सी. की धारा 125 के तहत जो कुछ मिलता है उससे काफी अधिक मात्रा में प्रदान करता है।

वकील ने यह भी तर्क पेश किया कि एक्ट के संदर्भ में विशेष कानून सामान्य कानून के ऊपर लागू होगा।

कोर्ट मित्र सहायक गौरव अग्रवाल ने तर्क का जवाब दिया कि जैन्डर न्यूट्रल सी.आर.पी.सी. के तहत पर्सनल लॉ एक महिला के राहत पाने के हक को छीन सकता है।

## थकाने वाले ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

लेकिन शिवसेना की मन:स्थिति भाजपा से दूर रहने की ही बनी हुई है क्योंकि भाजपा में अब गिरावट आती जा रही है।

लोकसभा चुनाव में इस गठबन्धन की उपलब्धि अच्छी रही थी तथा गठबन्धन को उम्मीद है कि विधानसभा चुनावों में उसकी स्थिति और भी बेहतर रहेगी तथा वह सरकार बनायेगा।

ऐसी चर्चाएं हैं कि महाराष्ट्र चुनाव लड़ने के लिए कांग्रेस को सबसे ज्यादा सीटें मिल सकती हैं उसके बाद शिव सेना तथा सबसे कम सीटों पर एन.सी.पी. पर चुनाव लड़ेगी क्योंकि भाजपा इसके दो टुकड़े कर चुकी है।

ऐसा माना जा रहा है कि राहुल गांधी महाराष्ट्र में जबरदस्त प्रचार अभियान चलायेंगे क्योंकि भाजपा के हारने से कांग्रेस और उसके गठबन्धन पार्टनरों की प्रतिष्ठा में चार चाँद लग जाएंगे। फिलहाल, राहुल गांधी छुट्टियां मनाने गये हुए हैं तथा ऐसी उम्मीद की जा रही है कि उनके लौटने के बाद ही, पार्टी के पुनर्गठन का एजेंडा क्रियान्वित होगा। इस प्रक्रिया में पुराने नेताओं का महत्व नगण्य हो जायेगा तथा विभिन्न राज्यों में चुनाव-अभियान के नेतृत्व के लिये समर्पित लोग आगे लाए जाएंगे।

## भाजपा का नया अध्यक्ष बनाने में ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

में संशोधन किया था तथा इस प्रकार के मामलों में निर्णय लेने का अधिकार पार्टी के संसदीय बोर्ड को दे दिया था। इसलिए, पार्टी नड्डा के कार्यकाल को कानूनी रूप से बढ़ा सकती है। लेकिन संकट की बात यह है कि पार्टी की ओर से इस मामले में अभी तक कोई अधिकृत बयान नहीं आया है। इसलिये प्रश्न यह है कि नड्डा के कार्यकाल को बढ़ाने या कोई कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त करने के सम्बन्ध में विधिवत रूप से कोई घोषणा करने में आखिर क्या बाधाएं आ रही हैं?

- **वैसे भी नड्डा इस समय तीन महत्वपूर्ण पदों की जिम्मेवारी संभाले हुए हैं: पार्टी अध्यक्ष, राज्यसभा में सत्तापक्ष के नेता व कैबिनेट मंत्री। ये तीन जिम्मेवारियाँ एक ही व्यक्ति को देना पार्टी के एक व्यक्ति, एक पद के सिद्धांत का उल्लंघन है।**
- **पर, चर्चा यह है कि नड्डा दिसम्बर में चार राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों तक तीनों पदों पर बने रहेंगे।**

लोकसभा चुनावों के प्रचार अभियान के दौरान नड्डा ने एक विवादास्पद टिप्पणी करते हुये कह दिया था कि भाजपा अब किसी भी रूप में आर.एस.एस. पर निर्भर नहीं है। जाहिर है, आर.एस.एस. इस टिप्पणी से नाराज़ हो गई थी। अगर आज की स्थिति देखी जाये तो नड्डा के पास तीन पद हैं - वे राज्यसभा में सत्ता पक्ष के नेता हैं, वे स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण मंत्री हैं तथा वे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। इस स्थिति को भाजपा के "एक व्यक्ति एक पद" के सिद्धान्त का उल्लंघन माना जा रहा है इसके अलावा इसे भाजपा द्वारा की जा रही आर.एस.एस. की अवज्ञा के रूप में भी देखा जा रहा है।

आर.एस.एस. चाहती है कि अगले भाजपा अध्यक्ष के मामले में वह हस्तक्षेप करे जबकि वर्तमान पार्टी नेतृत्व जनवरी 2025 तक नड्डा को ही इस पद पर बनाये रखना चाहता है क्योंकि तब तक महाराष्ट्र, हरियाणा, झारखंड तथा जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनावों की प्रक्रिया पूरी हो जायेगी। सूत्रों का कहना है कि पार्टी का सदस्यता अभियान अगस्त से शुरू होना है तथा इसके बाद मंडल तथा राज्य स्तरीय चुनाव होंगे। इस प्रक्रिया के इस वर्ष के अन्त तक पूरा होने की सम्भावना नहीं है। और यह सब होने से पहले, नये अध्यक्ष की घोषणा सम्भावित दिखाई नहीं दे रही। 2019 में, जब भाजपा अध्यक्ष अमित शाह केन्द्र सरकार में शामिल किये गये थे, तब नड्डा कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किए गए थे। इस समय, ऐसे कोई संकेत नहीं है कि नड्डा को उनका कोई स्थानापन्न या उत्तराधिकारी अभी मिल जाएगा।

## 'बजट की ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

बनाए गए जिलों का बजट में जिक्र नहीं होने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि एक जिला बनाने पर कम से कम 3 हजार करोड़ का खर्च आता है लेकिन पूर्ववर्ती सरकार ने बिना बजट तथा बिना आवश्यकता के ही नए जिलों की घोषणा कर दी थी। साइबर क्राइम पर रोक के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार कानून व्यवस्था का कड़ाई से पालन करवा रही है और अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाकर सफाया किया जा रहा है। पिछली सरकार में पेपरलीक का कोई आरोपी नहीं पकड़ा गया लेकिन हमने 6 माह में 100 से ज्यादा लोगों को पकड़ा है।

## 'विमानों जैसी ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

ये बसे बिजली से चलती हैं। उन्होंने कहा, इन बसों को देखने के बाद मैने टाटा को बोला कि चेकोस्लोवाकिया की स्कोडा कंपनी के साथ समझौता करो और इस तरह की बसों को भारत में लेकर आओ। उन्होंने बताया कि हिताची नामक कंपनी ने बताया कि 132 सीट की बस चार्ज होगी और एक बार चार्ज करने पर वह 40 किलोमीटर की दूरी तय करेगी।





376 क्वालिटी चेक पॉइंट्स | 3 FREE SERVICES 3 फ्री सर्विस और 1 साल तक की वारंटी* | वेरिफाइड कार हिस्ट्री

अधिक जानने के लिए स्कैन करें

पूछताछ के लिए कॉल करें 1800 102 1800 | या जाएँ यहाँ www.marutisuzukitruevalue.com

*नियम और शर्तें लागू। Warranty केवल True Value प्रमाणित कारों पर लागू। नि:शुल्क सेवा केवल श्रम शुल्क पर लागू है।

**JAIPUR: E-197(A), RIICO INDUSTRIAL AREA, MANSAROVAR, JAIPUR,** KP AUTOMOTIVE: 9116190342, 9116190346 | **B 1 GOVIND MARG, RAJAPARK OPP. PINK SQUARE MALL,** KP AUTOMOTIVE: 9549650533, 9116190344 | **A-209, RAJENDRA PRASAD NAGAR, 200FT BYPASS, AJMER ROAD, JAIPUR,** SATNAM MOTOCORP: 7413900007, 7413900009, 7821823626 | **13 JHOTWARA INDUSTRIAL AREA, NEAR JHOTWARA POLICE STATION, JAIPUR,** KTL: 7412068475, 9209056789 | **SECTOR-35, PRATAP NAGER,TONK ROAD,JAIPUR,** SANGA AUTONATION PVT LTD.: 9057809180, 7734909000, 7734901000 | **PADMAWATI COLONY- II, OPPOSITE METRO PILLAR NO 25, MANSAROVER METRO STATION JAIPUR,** VIPUL MOTORS PVT. LTD.: 9829351470, 9509157505, 9351044999 | **E-101, ROAD NO. 8, VKIA AREA, JAIPUR,** PREM MOTORS: 8058794068, 8058791634, 8058794091.


राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com **कोटा कार्यालय:**-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 **बीकानेर कार्यालय:**-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 **उदयपुर कार्यालय:**-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 **अजमेर कार्यालय:**-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 **जालोर कार्यालय :**- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 **हिण्डौनसिटी कार्यालय :**- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 **चूरू कार्यालय:** एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908